सूर्योदय 7:9 सूर्यास्त 5:28

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 5.5 न्यू | 16.0 अधि |
| धर्मशाला | 5.5 न्यू | 18.9 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79218.05 |
| निफ्टी | 23951.70 |
| सोना | 77,130 |
| चांदी | 90,762 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान



सिमोना हालेप को वाइल्ड कार्ड

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 20 दिसंबर 2024 | 6 पौष, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 2, अंक 2, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

# भ्रष्टाचार के खात्मे को बनेगा कानून : सुक्खू

## शीतकालीन सत्र: सीएम ने शराब घोटाले के आरोपों पर दिया जवाब, बोले कच्चा चिट्ठा जयराम के खिलाफ ही निकला

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

**धर्मशाला** के तपोवन में शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा ने कांग्रेस सरकार को घेरना चाहा, लेकिन मुख्यमंत्री सुक्खू ने भाजपा के हर सवाल का जवाब दिया। राज्यपाल को सौंपी गई आरोपों की जिस चार्जशीट को भाजपा कच्चा चिट्ठा बता रही थी, उसी पर सीएम ने भी भाजपा को खूब सुनाई। उन्होंने कच्चे चिट्ठे का जिक्र करते हुए शराब घोटाले के आरोपों का विस्तार से जवाब दिया। सीएम ने कहा कि कच्चा चिट्ठा भाजपा के ही एक ग्रुप ने नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर के खिलाफ निकाला था। इस पर सदन में हंगामा शुरू हो गया और विपक्ष ने वॉकआउट कर दिया।

सीएम ने कहा कि भ्रष्टाचार के खात्मे के लिए सरकार कानून बनाएगी। उन्होंने कहा कि चर्चा के समय जब प्रस्ताव यहां लाया गया तो 14 विधायक बैठे हुए थे। उन्होंने संसदीय कार्यमंत्री से कहा कि चर्चा होनी चाहिए। पहले दिन पत्र बम की बात की गई। वह अमोल ठाकुर नामक लड़के ने लिखा था। पुलिस को जांच करने के लिए कहा है। वहीं, सीएम ने कहा कि फॉरेंसिक जांच से पता चला कि वह भरमौर में अपलोड हुआ था। विधायक के एक समर्थक ने इसे शुरू किया। जांच हुई तो भाजपा के विधायक को बुलाया। उनके समर्थक हैं, जिन्होंने अपलोड किया था। जनकराज को पुलिस स्टेशन बुलाया गया। इनका जन्मदिन था, अमोल ठाकुर नाम का कोई व्यक्ति ही नहीं है। इस तरह के पत्र भाजपा के समय भी आते थे। सुक्खू ने कहा कि आपकी वॉशिंग मशीन है, जिससे आप आरोप लगाते हैं, उसे हम भी खरीदने जा रहे हैं। 25 करोड़ के पत्र बम वाला आदमी कोई नहीं है। सुक्खू ने कहा कि वह एमपी बन चुके हैं। जब जयराम सरकार बनी तो जांच की। विजिलेंस ने कहा कि दस्तावेजों से छेड़खानी हुई है। पूर्व सरकार ने विधानसभा चुनाव के समय उसे क्लीनचिट दे दी। कैसे यह दागदार मशीन में धुलाकर बेदाग कर दिया? अब कच्चे चिट्ठे पर आते हैं। यह जयराम ठाकुर के खिलाफ है। यह आपकी छवि को दागदार करने के लिए है। अभी तो पक्का चिट्ठा आएगा। (अनंत ज्ञान)



सदन में शराब घोटाले के आरोपों का जवाब देते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू

### बोले- हमने आबकारी विभाग में आमदनी बढ़ाई, प्रदेश की संपदा को लुटने से बचाया

**सुक्खू** ने कहा कि यह जो शौंगटोंग प्रोजेक्ट है, उसके बारे में स्थिति स्पष्ट करते हैं। तमाम प्रक्रियाओं को जयराम सरकार ने अंजाम दिया। सीएम ने कहा कि शराब के ठेके में उल्टा चोर कोतवाल को डांटे वाली बात है। हमने आबकारी विभाग में आमदनी बढ़ाई। वहीं, प्रदेश की संपदा को लुटने से बचाया। सीएम की इस बात पर विपक्ष के विधायक भड़क गए और नारेबाजी शुरू कर दी।

## मुख्यमंत्री के जवाब से असंतुष्ट भाजपा ने किया वॉकआउट

### नेता प्रतिपक्ष बोले- पत्र के कंटेंट के आधार पर होनी चाहिए जांच

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि नियम-67 के तहत भ्रष्टाचार के मुद्दे पर चर्चा मांगी थी। एक्साइज पॉलिसी को लेकर सरकार पर गंभीर आरोप लगे थे, लेकिन मुख्यमंत्री जवाब नहीं दे पाए। मुख्यमंत्री दाएं-बाएं की बात कर रहे थे। जयराम ने कहा कि लगभग 40 मिनट से ज्यादा समय तक विपक्ष ने मुख्यमंत्री का जवाब सुना।

उन्होंने कहा कि सदन में विपक्ष को उनके सवालों का संतोषजनक जवाब नहीं मिला, तो विपक्ष ने सदन से वॉकआउट किया। जयराम ने पत्र बम पर कहा कि विधायक के दफ्तर से किसी व्यक्ति ने पत्र की तस्वीर वायरल कर दी। इसको लेकर विधायक को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। पत्र में क्या कंटेंट था, उसके आधार पर जांच होनी चाहिए। उन्होंने एडीबी प्रोजेक्ट्स में सरकार पर अपने चहेतों को लाभ पहुंचाने के भी आरोप लगाए हैं। जयराम ने कहा कि उनकी सरकार के वक्त शिव धाम प्रोजेक्ट और धर्मशाला कन्वेंशल सेंटर के दो प्रोजेक्ट के लिए धनराशि आवंटित की गई, लेकिन अभी तक इसका काम शुरू नहीं हुआ है।



शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सदन से वॉकआउट करते भाजपा विधायक।

## न्यूज शॉर्ट्स

### अर्जेंटीना में प्लेन क्रैश दो लोगों की गई जान



**रियो डी जनेरियो।** अर्जेंटीना में एक प्राइवेट प्लेन ब्यूनस आयर्स के बाहर रनवे से आगे फिसलने के बाद पास के घरों पर क्रैश हो गया। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब प्लेन ने रियो डी जनेरियो से उड़ान भरने के बाद ब्यूनस आयर्स के सैन फर्नांडो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लैंडिंग की। प्लेन के पायलट और सह-पायलट की इस दुर्घटना में जान चली गई। सैन फर्नांडो हवाई अड्डे पर उतरने के बाद, बॉम्बार्डियर चैलेंजर 300 प्राइवेट प्लेन रनवे से बाहर निकल गया और पास की बस्ती में स्थित घरों में क्रैश हो गया।

### मंडी में लगे भूकंप के झटके, 3.4 रही तीव्रता



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मंडी शहर में वीरवार को हल्के भूकंप के झटके महसूस किए गए। शाम करीब 5:25 मिनट पर धरती हिली। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.4 मापी गई। नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी के अनुसार, जमीन के भीतर इसकी गहराई 10 किलोमीटर रही। अब तक इससे किसी भी प्रकार के जान व माल के नुकसान की सूचना नहीं है।

### तहव्वुर राणा की याचिका खारिज करने का अनुरोध



**वाशिंगटन।** अमेरिकी सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से मुंबई आतंकवादी हमला मामले में दोषी तहव्वुर राणा की भारत प्रत्यर्पित किए जाने के खिलाफ दायर याचिका खारिज करने का अनुरोध किया है। भारत राणा के प्रत्यर्पण की मांग कर रहा है, क्योंकि वह मुंबई आतंकवादी हमले के मामले में वांछित है। सैन फ्रांसिस्को में अमेरिकी अपील न्यायालय समेत निचली अदालतों और कई संघीय अदालतों से राहत नहीं मिलने के बाद राणा ने 13 नवंबर को अमेरिकी उच्चतम न्यायालय के समक्ष याचिका दायर की थी।

अनंत ज्ञान

अनुभवी स्टाफ चाहिए

'अनंत ज्ञान' दैनिक अखबार को हिमाचल में अनुभवी स्टाफ की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार।

संपादकीय विभाग

उपमंडल स्तर पर जुझारू, ऊर्जावान और खोजी पत्रकारों की जरूरत है। डेस्क पर अनुभवी सब एडिटर चाहिए।

मार्केटिंग विभाग

मार्केटिंग रणनीति में माहिर मार्केटिंग एग्जीक्यूटिव चाहिए।

मोबाइल नंबर: 8894521702

ई-मेल anantgyaanadm@gmail.com

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- संसद में अंबेडकर का अपमान करना नैतिक अधिकार नहीं: प्रतिभा -पेज 2
- अभी तक शेड्यूल नहीं तैयार, लाखों अनुयायी निराश -पेज 5
- एचजीसीटीए ने किया कर्मियों की सेवा शर्तें विधेयक का विरोध -पेज 9
- शाह हो गए पागल, छोड़ देनी चाहिए राजनीति : लालू यादव -पेज 13
- भारत और पाकिस्तान तटस्थ स्थल पर खेलेंगे अपने-अपने मैच -पेज 14

## निगम के होटलों को लेकर जनता और सदन को गुमराह कर रहा विपक्ष : आरएस बाली

### कहा- निगम की संपत्तियों को बेचने के भाजपा के आरोप निराधार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



**कांग्रेस** विधायक एवं पर्यटन विकास बोर्ड के अध्यक्ष आरएस बाली ने कहा कि प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देना प्रदेश सरकार की प्राथमिकता है। प्रदेश में निगम के होटलों को लेकर विपक्ष जनता और सदन को गुमराह कर रहा है।

उन्होंने कहा कि विपक्ष बताए निगम का ऐसा कौन सा होटल है, जिसको ताला लगा और उस ताले को भाजपा ने खोला होगा। पूर्व भाजपा सरकार ने पांच साल में निगम के कर्मचारियों को 29 करोड़ दिए, जबकि कांग्रेस सरकार ने निगम के कर्मचारियों को दो साल में 35 करोड़ रुपए दिए। बाली ने कहा कि जब सरकार प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा दे रही है और भाजपा बोल रही है कि हमने होटलों को बंद कर दिया। विपक्ष ने निगम की संपत्तियों को बेचने का निराधार आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि देशभर में जिन प्रदेशों में भाजपा की सरकारें हैं, वहां पर सरकारी संपत्तियों को निजी हाथों में दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार निगम की किसी भी संपत्ति को बेचने के हक में नहीं है। पूर्व भाजपा सरकार निगम के कुछ होटलों को निजी हाथों में सौंपा था। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश हाईकोर्ट ने निगम से 3 साल का रिकॉर्ड मांगा तो हमने पांच साल का रिकॉर्ड कोर्ट के समक्ष रखा। विपक्ष को लगता है कि हमने कोर्ट को गुमराह किया, तो वह निगम पर केस कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष भ्रष्टाचार को लेकर सदन को गुमराह करने का प्रस्ताव लेकर आया है।

### बाली व बिक्रम में 'वाकयुद्ध'

**सदन** में विधायक बाली विपक्ष के आरोपों का उत्तर दे रहे थे तो पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक बिक्रम ठाकुर ने कहा कि आप उसका उत्तर दें, जो प्रश्न आपसे पूछा गया है। बाली ने कहा कि वह इसी बात पर आ रहे हैं। बिक्रम जी, जोर से बोलने से आपकी बात सच नहीं हो जाएगी। वहीं, बिक्रम ने कहा कि वह ऐसे ही बात करते हैं। बिक्रम ने बाली के उत्तर से असंतुष्टि जताई तो कुछ देर तक बाली और बिक्रम ठाकुर में बहस हो गई।

## मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से खनन माफिया के हौसले बुलंद : बिक्रम

### बोले- सुक्खू निभा रहे मित्रता, भाजपा नेताओं पर लगाए जा रहे झूठे आरोप

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**



**धर्मशाला** के तपोवन में विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन भाजपा विधायकों ने मुर्गे के बैनर लेकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की।

सदन में भाजपा के पूर्व उद्योग मंत्री एवं जसवां-परागपुर के विधायक बिक्रम ठाकुर ने सरकार को भ्रष्टाचार के मुद्दे पर घेरा। उन्होंने कहा कि सीएम सुक्खू भाजपा की पूर्व सरकार पर भ्रष्टाचार के संगीन आरोप लगाते हैं। सीएम बताएं कि सत्ता में आने के दो साल गुजर जाने के बाद आखिर उस भ्रष्टाचार पर एक्शन क्यों नहीं लिया गया। उन्होंने कहा कि सीएम के आरोपों में कोई दम नहीं है। उन्होंने पेखुवाला प्लांट की तुलना गुजरात के प्लांट से करते हुए कहा कि इस मामले में घोटाला हुआ है। प्लांट के ठेकेदार को लाभ देने के लिए नियमों को दरकिनार किया गया और गुजरात में जो प्लांट 144 करोड़ का लगा, वह हिमाचल में 220 करोड़ की लागत से लगा। सुक्खू मित्रता निभा रहे हैं और भाजपा नेताओं पर झूठे आरोप लगा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश खनन माफिया के हौसले बुलंद हैं, क्योंकि उन्हें सीएम का आशीर्वाद प्राप्त है। पर्यटन निगम के होटलों को घाटे में बताने वाली कांग्रेस सरकार ने बाद में कहा कि सभी होटल घाटे में नहीं हैं। एचपीटीडीसी पर 35 लाख की देनदारी होने पर एक पक्ष ने कोर्ट में मामला दर्ज किया था, लेकिन पैसे देने की जगह सरकार ने झूठा हलफनामा दे दिया कि निगम के होटल घाटे में हैं। जब कोर्ट ने कहा कि घाटे में चल रहे होटलों को बंद करने के आदेश दिए तो सरकार ने आनन-फानन में होटलों को घाटे में नहीं होने की बात कह डाली। (अनंत ज्ञान)

### आरएस बाली का खुद बड़ा होटल

**बिक्रम** ठाकुर ने एचपीटीडीसी के अध्यक्ष और नगरोटा बगवां के विधायक आरएस बाली की ओर इशारा करते हुए कहा कि निजी होटल घाटे में नहीं चलते, लेकिन सरकारी होटल घाटे में क्यों हैं? उन्होंने कहा कि आरएस बाली का खुद बड़ा होटल है।

## गुरदासपुर की भिखारीवाल पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमला

**एजेंसी, गुरदासपुर**

**पंजाब** में पुलिस स्टेशनों पर हो रहे हमलों का सिलसिला लगातार जारी है। अब गुरदासपुर के कलानौर के बख्शीवाला इलाके में स्थित पुलिस चौकी पर ग्रेनेड हमला हुआ है। यह चौकी पिछले कुछ समय से बंद पड़ी थी। इस कारण यहां किसी भी प्रकार की जनहानि से बचाव हो गया है। बताया जा रहा है कि ग्रेनेड ऑटो से फेंका गया था।

इस धमाके की जिम्मेदारी खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स ने ली है। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट डाली है। इस पोस्ट में कहा कि 18 दिसंबर की रात को थाना कलानौर की चौकी बख्शीवाल में हुए हैंड ग्रेनेड हमले की जिम्मेदारी खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स की तरफ से ली जाती है।

रणजीत सिंह जम्मू की अगुवाई में इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया है। भाई जसविंदर सिंह बागी उर्फ मनु अगवान की देखरेख में इस सफल एक्शन को अंजाम दिया गया।

**खालिस्तान जिंदाबाद फोर्स ने ली हमले की जिम्मेदारी**

## कुलगाम में एनकाउंटर, हिजबुल कमांडर सहित पांच आतंकी ढेर

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

**जम्मू**-कश्मीर के कुलगाम जिले के कद्दर इलाके में सेना और पुलिस ने ज्वॉइंट ऑपरेशन में 5 आतंकियों को ढेर कर दिया। मुठभेड़ में दो जवान भी घायल हुए हैं। वीरवार सुबह सेना और पुलिस को इलाके में आतंकियों के छिपे होने की जानकारी मिली थी।

इसके बाद ज्वॉइंट सर्च ऑपरेशन चलाया गया। तलाशी के दौरान आतंकियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। सेना ने भी जवाबी कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि संदिग्ध आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षाबलों ने बीती रात जिले के बेहिबाग इलाके के कद्दर गांव में घेराबंदी कर तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों में हिजबुल मुजाहिदीन का स्वयंभू शीर्ष कमांडर फारूक अहमद भट्ट उर्फ नाली भी शामिल है, जो कथित तौर पर दक्षिण कश्मीर क्षेत्र में आतंकवाद से जुड़े कई अपराधों में संलिप्त था। मुठभेड़ में मारे गए अन्य आतंकवादियों की पहचान इरफान लोन, आदिल हुसैन, मुश्ताक इटू और यासिर जावेद के रूप में हुई है। (अनंत ज्ञान)

**मुठभेड़ में दो जवान भी हुए जख्मी**



## कुलग की प्रधान ने जंगली मुर्गा मामले में दर्ज करवाई एफआईआर

**सपना सूद, चौपाल/नेरवा**

**जंगली** मुर्गा प्रकरण में कुपवी की कुलग पंचायत की प्रधान सुमन चौहान और नीटू परमार ने जंगली मुर्गा मामले में फर्जी मेन्यू शेयर करने पर एफआईआर दर्ज करवाई है।

शिकायत में कहा कि सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया और कई लोगों ने व्यक्तिगत हैंडल पर फर्जी मेन्यू शेयर किया। इस कारण परगना समुदाय में गहरा रोष है। उन्होंने मांग की कि दुष्प्रचार करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। शिकायतकर्ता ने बताया कि 13 दिसंबर को टिक्कर गांव में एक विशेष अतिथि आया था, जिसके स्वागत के लिए महिलाओं ने पारंपरिक भोजन तैयार किया था, लेकिन एक फर्जी मेन्यू शेयर किया गया। पुलिस ने शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। गौर रहे कि सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू 13 दिसंबर को शिमला के कुपवी इलाके के दौरे पर थे। रात को टिक्कर गांव में विश्राम किया था और कांग्रेस कार्यकर्ता के घर पर डिनर किया था। डिनर का मेन्यू सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। इस मेन्यू में जंगली मुर्गे का भी जिक्र था। (अनंत ज्ञान)

**कहा- सोशल मीडिया पर शेयर किया फर्जी मेन्यू**

## संसद परिसर में सांसदों में धक्का-मुक्की, दो घायल

### सांसद अनुराग व बांसुरी स्वराज ने दर्ज करवाई एफआईआर, राहुल बोले- भाजपा सांसदों ने मुझे रोका व धमकाया

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**लोकसभा** संसद परिसर में वीरवार सुबह धक्का-मुक्की के दौरान ओडिशा के बालासोर से सांसद प्रताप सारंगी चोटिल हो गए। सारंगी ने आरोप लगाया कि राहुल ने एक सांसद को धक्का दिया, जो उनके ऊपर गिरा।

सारंगी जब मीडिया के सामने आए, तब उनके सिर से खून निकल रहा था। सारंगी के अलावा फर्रुखाबाद के भाजपा सांसद मुकेश राजपूत को भी चोट आई है। दोनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर और बांसुरी स्वराज ने राहुल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है। राहुल ने कहा कि भाजपा सांसदों ने उन्हें धमकाया और धक्का-मुक्की की। संसद के मुख्य गेट मकर द्वार का घेराव करके उन्हें संसद में एंट्री करने से रोका गया। संसदीय कार्यमंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि राहुल नेता प्रतिपक्ष हैं, उन्हें पहलवानी दिखाने की क्या जरूरत है। उन्होंने कराटे क्या दूसरों को मारने के लिए सीखा है।



### खड़गे से दुर्व्यवहार करने की सौंपी शिकायत

**कांग्रेस** सांसद दिग्विजय सिंह, राजीव शुक्ला और प्रमोद तिवारी ने मल्लिकार्जुन खड़गे से धक्का-मुक्की करने और खराब व्यवहार किए जाने की शिकायत दर्ज कराई है। खड़गे ने कहा कि मेरे और प्रियंका के साथ धक्का-मुक्की की गई। धक्का लगने से उनके घुटने में चोट आई है।

### पीएम मोदी ने घायल सांसद सारंगी और राजपूत से की बात

**पीएम** नरेंद्र मोदी ने संसद भवन परिसर में सत्ता पक्ष और विपक्ष के प्रदर्शन के दौरान चोटिल हुए भाजपा के सांसद प्रताप सारंगी और मुकेश राजपूत से बात की और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली। बाबा साहेब अंबेडकर के अपमान से संबंधित मुद्दे पर विपक्ष और सत्तापक्ष के सदस्यों ने वीरवार को संसद परिसर में प्रदर्शन किया और इस दौरान हुई धक्का-मुक्की में सारंगी और राजपूत चोटिल हो गए, जिन्हें राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### धनखड़ को पद से हटाने की मांग वाला नोटिस खारिज

**नई दिल्ली।** राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने वीरवार को विपक्ष का नोटिस खारिज कर दिया, जिसमें पक्षपातपूर्ण तरीके से उच्च सदन के संचालन का आरोप लगाते हुए सभापति जगदीप धनखड़ को पद से हटाने की मांग की गई थी। हरिवंश ने यह कहते हुए विपक्ष का नोटिस खारिज कर दिया कि यह तथ्यों से परे हैं और इसका मकसद केवल प्रचार हासिल करना है।

वहीं, भाजपा सांसदों ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से शिकायत की है। मल्लिकार्जुन खरगे ने भी बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर से संबंधित गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी को लेकर उनके खिलाफ विशेषाधिकार हनन की कार्यवाही शुरू करने के लिए राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को नोटिस सौंपा।

## अनशन पर बैठे डल्लेवाल की तबीयत बिगड़ी

### उल्टियां होने से 10 मिनट तक रहे बेहोश, लगातार कमजोर होता जा रहा शरीर

**एजेंसी, जींद**

**पंजाब**-हरियाणा के खनौरी बॉर्डर पर किसानों को फसल पर एमएसपी के गारंटी कानून के लिए अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की वीरवार को तबीयत बिगड़ गई। अनशन के 24वें दिन वह बेहोश हो गए।

किसान संगठन ने बताया कि उल्टी के कारण डल्लेवाल 10 मिनट तक बेहोश रहे। प्रतिदिन चिकित्सक उनके स्वास्थ्य की जांच कर रहे हैं। बीपी, शुगर, प्लस की प्रतिदिन चिकित्सक जांच कर रहे हैं। उनका लगातार शरीर कमजोर हो रहा था। वहीं, किसान नेता छतर सिंह जाहरी के नेतृत्व में सोनीपत रेलवे स्टेशन पहुंचे किसानों ने ट्रेन में सवार होने से पहले किसान-मजदूर एकता जिंदाबाद के नारे लगाए।



### सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार को डल्लेवाल की स्वास्थ्य जांच न करवाने पर लगाई फटकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वीरवार को पंजाब सरकार से कहा कि वह अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे 70 वर्षीय किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को स्वास्थ्य जांच के लिए राजी करे। खनौरी बॉर्डर पर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठे डल्लेवाल का चिकित्सकीय परीक्षण नहीं कराने पर पंजाब सरकार को फटकार लगाई। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि कोई भी किसानों को विरोध प्रदर्शन से डिगाने की कोशिश नहीं कर रहा है और अदालत केवल 'जन नेता' डल्लेवाल की सुरक्षा सुनिश्चित करना चाहती है। पीठ ने कहा कि नागरिक अधिकार कार्यकर्ता इरोम शर्मिला का मामला लें, उन्होंने चिकित्सकीय देखरेख में वर्षों तक अपना विरोध-प्रदर्शन जारी रखा। इसी तरह, डल्लेवाल भी चिकित्सकीय देखरेख में अपना विरोध जारी रख सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### देसी और जंगली मुर्गे में फर्क समझें भाजपा विधायक : किमटा

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** विपक्ष के नेता और पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर के नेतृत्व में भाजपा विधायकों द्वारा किए गए 'मुर्गा प्रदर्शन' पर हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रजनीश किमटा ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सभी को अपनी बात रखने का अधिकार है, लेकिन प्रदर्शन तथ्यों पर आधारित होना चाहिए। विपक्ष के पास सरकार को घेरने के लिए कोई मुद्दे नहीं बचे है इसलिए उनको विधानसभा के इतने महत्वपूर्ण सत्र के दौरान भी सिर्फ देसी मुर्गा ही मिला एक मुद्दा उठाने के लिए। संगठन महासचिव ने आरोप लगाया कि भाजपा ने वीडियो को काट-छांटकर सोशल मीडिया और मीडिया में फैलाया, वीडियो के जिस भाग में इस बात का जिक्र किया गया था कि स्थानीय भाषा में घरों में पाले गए देसी मुर्गे को जंगली मुर्गा बोलते है उसे काट दिया गया जिससे ग्रामीणों की भावनाओं को ठेस पहुंची है।

### राजीव भिख्टा को सौंपी पूर्व विद्यार्थी संगठन की कमान



**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** राजकीय महाविद्यालय नेरवा में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. हरबंस लाल शर्मा की अध्यक्षता में महाविद्यालय सभागार में पूर्व विद्यार्थी संगठन (ओएसए) की बैठक का आयोजन में किया गया, जिसमे पूर्व विद्यार्थी संगठन की नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। वर्ष 2024-25 के लिए राजीव भिक्टा को प्रधान,युद्धवीर कंवर को उप-प्रधान, वीरेंद्र ठाकुर को सचिव,तपेंद्र शर्मा को सह-सचिव तथा अमन सूद को कोषाध्यक्ष चुना गया,जबकि राजेंद्र त्यागी,अरुण राठौर,सतीश चौहान,शूरवीर राठौर,प्रमोद बरसांटा और नरेश शर्मा का चयन कार्यकारिणी सदस्य के रूप में किया गया ।

### ध्रुव मिस्टर व रितिका बनी मिस फेयरवेल



**अनंत ज्ञान, चौपाल/ नेरवा।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नेरवा में जमा एक के छात्रों द्वारा जमा दो के छात्रों के लिए एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य एवं अन्य अध्यापक भी मौजूद रहे। समारोह में मिस्टर एवं मिस फेयरवेल का चयन किया गया, जिसमें ध्रुव शर्मा को मिस्टर फेयरवेल-2024 तथा रितिका शर्मा के सर पर मिस फेयरवेल-2024 का ताज सजा । सृष्टि चौहान फर्स्ट रनर अप तथा तमन्ना को सेकंड रनर अप चुना गया, जबकि छात्रों में सुजल चौहान फर्स्ट रनर अप एवं अंशुल को सेकंड रनर अप चुना गया।

### छात्रों ने मिले पैसे थाने में जमा करवाकर दिखाई ईमानदारी



**सपना सूद, चौपाल/नेरवा।** कुपवी में 11-11 साल के दो छात्रों ने रास्ते में मिली भारी भरकम धनराशि को पुलिस थाना में जमा करवा कर यह साबित कर दिया है कि ईमानदारी किसी उम्र की मोहताज नहीं होती । अगर गुरुओं की अच्छी शिक्षा और घर से मिले संस्कार ऊंचे हों तो समाज में एक न एक दिन इसकी पहचान हो ही जाती है। क्षेत्र में इन नन्हे छात्रों की ईमानदारी की खूब सराहना की जा रही है।

लोगों का कहना है कि बच्चे चाहते तो कई दिन तक इस राशि से मौज उड़ा सकते थे, परंतु इन्हों ने अपनी ईमानदारी दिखाकर घर से मिले संस्कार और स्कूल से मिली शिक्षा का एक सार्थक उदहारण पेश किया है। कुपवी थाना से मिली जानकारी के अनुसार छठी कक्षा में पढ़ने वाले छात्र 11 वर्षीय आदित्य शर्मा पुत्र यशपाल शर्मा निवासी गांव धोताली व अमृत संसटा पुत्र दिनेश संसटा निवासी गांव आनोग डने रास्ते में मिली हजारों रुपए की राशि को कुपवी थाना में जमा करवाया है ।

### 2 लोगों के विरुद्ध आपराधिक मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** थाना सदर में एससी/एसटी एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत 2 लोगों के विरुद्ध आपराधिक मामला दर्ज हुआ है। यह मामला एक नवविवाहिता द्वारा एसपी बिलासपुर को की गई शिकायत के आधार पर दर्ज हुआ है। एसपी को दी गई शिकायत में नवविवाहिता ने कहा है कि उसके मायके तलवाड़ में हैं तथा उसने गत 7 दिसंबर को बेनला-ब्राह्मणा निवासी एक अनुसूचित जाति से संबंधित युवक से पूरे हिंदू रीति-रिवाज के तहत मंदिर में अंतरजातीय विवाह किया था तथा उसी दिन कार्यकारी मजिस्ट्रेट झंडूता की अदालत में इस विवाह को पंजीकृत करवाया था। शिकायत में कहा गया है कि दोनों परिवार विवाह के बाद उसके 2 मामा उसके घर गए और उसके ससुराल के परिवार को गोली मारकर खत्म करने की धमकी दी। पुलिस प्रवक्ता डीएसपी बिलासपुर मदन धीमान ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि थाना सदर पुलिस द्वारा मामले की आगामी कार्रवाई की जा रही है।

### 34 विद्यार्थियों का दल इंडस्ट्रियल विजिट को रवाना



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में बीबीए अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए (एचईआईएस) हाई इंस्टीट्यूट एजुकेशन सोसायटी द्वारा दो दिवसीय औद्योगिक तथा एक्सपोजर विजिट पर चंडीगढ़ मोहाली तथा पंचकूला भेजा गया। यह दल टाइम्स ऑफ इंडिया तथा नोवेम कंट्रोल प्राइवेट लिमिटेड का दौरा करेगा। प्राचार्य डॉ. राकेश राणा ने विद्यार्थियों को रवाना करते से पहले औद्योगिक भ्रमण के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर महाविद्यालय के एचईआईएस के सचिव डॉ. सुरेश शर्मा ने विद्यार्थियों को निर्देशित करते हुए औद्योगिक विजिट के महत्व के बारे में बताया और कहा कि इस प्रकार के औद्योगिक भ्रमण से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और उन्हें सीखने तथा आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है।

### लोगों को बताईं जनकल्याणकारी योजनाएं

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सौजन्य से झंडूता विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत अनुसूचित जाति जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लोगों को जागरूक किया। ग्राम पंचायत बाला रोहण के गांव चंद नगरौं, कोसरियां में यह आयोजन किया गया। इस अवसर पर जन चेतना कला मंच के अध्यक्ष महेंद्र भारती के नेतृत्व में नुक्कड़ नाटक व गीतों के द्वारा राजीव गांधी स्टार्टअप योजना, विधवा पुनर्विवाह, सुख आश्रय योजना आदि योजनाओं की जानकारी दी। भारती ने बताया कि कला मंच के कलाकारों में अरविंद पवन कुमार, सुरेंद्र कुमार, प्यार सिंह आदि ने भाग लिया।

### मोहित नेशनल इंटीग्रेशन कैंप के लिए चयनित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर की एनएसएस इकाई से मोहित का चयन नेशनल इंटीग्रेशन कैंप के लिए हुआ है। प्राचार्य डॉ. पीएस कटवाल ने चयनित स्वयंसेवी को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि एक स्वयंसेवी के लिए ऐसे अवसर जीवन में नई चीजों को सीखने नए अनुभवों को प्राप्त करने और कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करने के लिए प्रेरित करते हैं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी प्रो. अनुप्रिया ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार की ओर से इस वर्ष नेशनल इंटीग्रेशन कैंप का आयोजन मेरा युवा भारत विकसित भारत/2047 सशक्त भारत, समृद्ध भारत थीम पर लक्ष्मी बाई राष्ट्रीय शारीरिक शिक्षा संस्थान जिला ग्वालियर मध्य प्रदेश में हो रहा है।

### बारूद फैक्टरी लगाने की योजना पर भड़का भाजयुमो



**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** घुमारवीं उपमंडल के एक रिहायशी इलाके में कुछ लोगों द्वारा बारूद की फैक्टरी लगाने की योजना पर भाजपा युवा मोर्चा भड़क गया है। भाजयुमो घुमारवीं ने वीरवार को तहसीलदार के माध्यम से उपमंडलाधिकारी घुमारवीं को ज्ञापन सौंपकर कड़ा विरोध जताया है। मोर्चा ने चेताया है कि घुमारवीं में बारूद की फैक्टरी लगाने को यदि एनओसी दी, तो लोगों के साथ मिलकर सड़कों पर उतरकर इसका विरोध किया जाएगा। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया है कि उक्त फैक्टरी को यहां स्थापित करने की अनुमति नहीं दी जाए। ज्ञापन में बताया कि सूत्रों से पता चला है कि घुमारवीं के वार्ड-1 (बढू बाड़) में मस्जिद के समीप कोई बारूद फैक्टरी लगाने की योजना बनाकर उसकी स्थानीय प्रशासन एवं नगर परिषद से एनओसी लेने के प्रयास चल रहे हैं। यह रिहायशी इलाका है। जिससे बारूद से कोई भी फैक्टरी नहीं लग सकती है। इसके इस असर स्थानीय लोगों की सुरक्षा एवं सेहत पर पड़ेगा। आग्रह किया कि उक्त फैक्टरी को यहां स्थापित करने की अनुमति किसी भी सूरत में न दी जाए। इस मौके पर भाजयुमो घुमारवीं के अध्यक्ष अंकुश चंदेल, मृदुल, सूरज, अनमोल, ओंकार, निशांत, विकास, संदीप, अजय, दीपक आदि उपस्थित रहे।

## संसद में अंबेडकर का अपमान करना नैतिक अधिकार नहीं : प्रतिभा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



जानाकरी देती हुई प्रतिभा सिंह व साथ हैं अन्य।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने कहा कि भाजपा नेतृत्व वाली एनडीए सरकार देश के संविधान व इसके रचयिता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की विरोधी है।

शिमला में उन्होंने कहा कि गृह मंत्री अमित शाह ने जिस प्रकार से बाबा साहिब अंबेडकर का संसद के अंदर अपमान किया है उसके बाद उन्हें मंत्री पद पर रहने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्हें देश से माफी मांगते हुए अपने पद से तुरंत त्यागपत्र दे देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी सहित इंडिया गठबंधन के नेताओं के साथ संसद के बाहर धक्का मुक्की की, इन नेताओं को संसद के अंदर जाने से रोका यह लोकतंत्र की हत्या का प्रयास है।

अंबेडकर पर अमित शाह की अपमान जनक वाणी का समर्थन करते है। प्रतिभा सिंह आरोप लगाया है कि भाजपा एक सोची समझी

**कहा- एनडीए सरकार अंबेडकर विरोधी है**

रणनीति के तहत देश के संविधान को कमजोर करने व अपने हित मे बदलने का पूरा प्रयास कर रही है।

उन्होंने कहा है कि भाजपा कांग्रेस पर झूठे आरोप लगा कर देश को गुमराह नही कर सकती। उन्होंने कहा कि भाजपा ध्रुवीकरण की राजनीति कर लोकतंत्र को कमजोर करने व सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास कर रही है। वहीं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रदेश मामलों के सह प्रभारी विदित चौधरी ने इस दौरान कहा कि कांग्रेस भाजपा के किसी भी अनैतिक मंसूबों को पूरा नही होने देगी। उन्होंने कहा कि भाजपा हमेशा ही लोगों को मुद्दों से भटकाने का प्रयास करती है। उन्होंने कहा कि बाबा साहिब का अपमान पूरे देश व संविधान का अपमान है जिसे कभी भी सहन नही किया जा सकता। वहीं सेवानिवृत्त एचएएस अधिकारी घनश्याम चंद ने थामा कांग्रेस का हाथ थामा। इन्होंने मुख्यालय राजीव भवन में कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। इस दौरान अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव प्रदेश मामलों के सह प्रभारी विदित चौधरी, शिमला संसदीय क्षेत्र के केंद्रीय पर्यवेक्षक राजीव वर्मा के अतिरिक्त प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष जैनब चंदेल सहित आदि मौजूद थे।

## जंगली मुर्गा प्रकरण में सीएम त्रुटि को सुधारने के बजाय लगाए जा रहे नारे : कंवर

**शिमला।** भाजपा सह मीडिया प्रभारी प्यार सिंह कंवर ने कहा कुपवी में एफआईआर, भाजपा के प्रदेश प्रवक्त चेतन का नाम लेना और नारेबाजी सब राजनीति से प्रेरित है। जंगली मुर्गा तो लाइव फीड में स्वयं मुख्यमंत्री द्वारा बोला गया था फिर कांग्रेस के नेता अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से इस पूरे प्रकरण को राजनीतिक रुख देने की कोशिश कर रहे है।

उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार की अपनी कार्यप्रणाली के कारण जो फजीहत पूरे प्रदेश में हो रही है उससे बचने का जो काम कर रही है, जो बचने के प्रयास कर रही हैं ।

राजनीतिक द्वेष की भावना से प्रेरित होकर यह सरकार काम कर रही है अपनी नाकामियों को छुपाने का प्रयास कर रही है उससे प्रदेश की जनता पूरी तरह से वाकिफ है।

प्यार सिंह के कहा कि वो सरकार से कहना चाहेंगे कि जब वह वीडियो बन रहा था तो क्या माननीय मुख्यमंत्री जी क्या कह रहे हैं, वह सभी को पता है, तो बजाय त्रुटि सीएम से हुई है उसको सुधारें वह उल्टा उजागरकताओं के ऊपर कार्रवाई करवा रहे हैं।

## शिमला में क्रिसमस और न्यू ईयर पर उमड़ेगी भीड़





**अनंत ज्ञान, शिमला**

शिमला में विंटर कार्निवल, क्रिसमस और न्यू ईयर को लेकर भीड़ उमड़ेगी। इस बार काफी ज्यादा पर्यटकों के आने की उम्मीद है। प्रशासन की भी खासकर विंटर कार्निवल को लेकर तैयारियां जोरों पर चली है।

वीरवार को बचत भवन में ऑडिशन हुए। इसमें प्रदेशभर के गायक हिस्सा लेने के लिए पहुंचने वाले हैं। बचत भवन के ऑडिशन से पास होने वाले कलाकार 24 दिसंबर से रिज पर विंटर कार्निवाल के दौरान मंच पर प्रस्तुतियां देंगे। वहीं मिस शिमला विंटर कार्निवाल के लिए भी 24 दिसंबर को ऑडिशन लिए जाएंगे। यह ऑडिशन शिमला के कालीबाड़ी हॉल में होंगे। आयोजक इनस्पीरिट इवेंट के मैनेजर राजीव अरोड़ा ने बताया कि ऑडिशन के लिए तैयारियां शुरू हो गई हैं।

मिस शिमला विंटर कार्निवल में पूरे प्रदेश की सुंदरियां हिस्सा ले सकेंगी। इसके लिए आयु सीमा 18 से 24 साल तय की है। 24 दिसंबर को कालीबाड़ी हॉल में ऑडिशन के बाद 26 से इसी हॉल में ग्रूमिंग राउंड होंगे। दो जनवरी को इस प्रतियोगिता का फिनाले रिज पर होगा। इसके अलावा पुलिस प्रशासन की तरफ से सुरक्षा के भी पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे।

## कर्मचारियों को वेतन न मिलने पर आईजीएमसी प्रशासन आया आगे

**अनंत ज्ञान, शिमला**

आईजीएमसी में आउटसोर्स कर्मचारियों को सैलरी न मिलने को लेकर प्रशासन आगे आया है। प्रशासन की तरफ से चिकित्सक अधीक्षक राहुल राव ने अपना पक्ष रखा है। उन्होंने कहा कि आईजीएमसी के करीब 140 कर्मचारियों को सैलरी न मिलने का मुख्य कारण आउटसोर्स कंपनी के कोर्ट में चले जाना है।



राहुल राव।

राहुल राव ने कहा कि अस्पताल में नए आपातकालीन और नए ट्रॉमा सेंटर्स संचालन के लिए कर्मचारी भर्ती की गए थे। उन्होंने कहा कि इस मामले पर प्रशासन ने कंपनी से बातचीत की है। उन्होंने कहा कि 10 महीने का वेतन कर्मचारियों को दिया गया है, लेकिन 2 महीने का वेतन कर्मचारियों को नहीं मिला। राहुल ने कहा कि इसी बीच कंपनी उच्च न्यायालय में चली गई। इस मामले पर कल हाइकोर्ट में सुनवाई होनी है।

ऐसे में उच्च न्यायालय के जो भी आदेश आएंगे उसके मुताबिक प्रशासन आगे की कार्रवाई करेगा। काली पट्टी में प्रदर्शन के बाद इन कर्मचारियों ने आगामी 23 दिसंबर से आंदोलन को तेज करने का अल्टीमेटम दिया है। कर्मचारियों का कहना है कि यदि उन्हें सैलरी नही मिली तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।

## दो छात्र राष्ट्रीय स्तर की हॉकी प्रतियोगिता में दिखाएंगे दमखम

**जुन्गा ( शिमला ) ।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जुन्गा के दो छात्र अंशुल और प्रीत आगामी 2 से 7 जनवरी तक भोपाल में होने वाली राष्ट्रीय स्तर की अंडर 14 वर्ग की हॉकी खेल प्रतियोगिता में अपना दमखम दिखाएंगे। यह दोनों छात्र 9वीं कक्षा के विद्यार्थी है, जिनका राष्ट्रीय स्तर पर हॉकी प्रतियोगिता में चयन होने से पाठशाला व जुन्गा में खुशी का माहौल है ।

अंशुल और प्रीत का चयन हाल ही में बिलासपुर में संपन हुई राज्य स्तर की अंडर 14 वर्ग की खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान हॉकी में बेहतर प्रदर्शन के कारण हुआ है। प्रधानाचार्य सुमन चंदेल ने कहा कि इन दोनो मेधावी खिलाड़ियों ने पाठशाला और क्षेत्र का नाम ऊंचा किया है।

## हिंदुओं की सुरक्षा के लिए संयुक्त राष्ट्र से हस्तक्षेप की मांग

**अनंत ज्ञान, शिमला**



हिमाचल प्रदेश के प्रमुख सामाजिक, धार्मिक एवं मानवाधिकार संगठनों ने बांग्लादेश के मुद्दे पर संयुक्त राष्ट्र के महासचिव के नाम ज्ञापन राज्यपाल को सौंपा। राज्यपाल ने कहा कि वह ज्ञापन को राष्ट्रपति को अग्रेषित करेंगे ताकि भारत सरकार के माध्यम से उसे संयुक्त राष्ट्र के महासचिव को भेजा जा सके।

डिफेंडर्स ऑफ ह्यूमन राइट्स के ज्ञापन में बांग्लादेश के हिंदुओं और बौद्धों की सुरक्षा सुनिश्चित किए जाने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया कि संयुक्त राष्ट्र हिंदुओं के उत्पीड़न की जांच के लिए एक जांच आयोग बांग्लादेश भेजे और नॉर्वे की नोबेल समिति से मोहम्मद यूनुस से नोबेल शांति पुरस्कार वापस लेने के लिए कहे। राज भवन

**राज्यपाल को संयुक्त राष्ट्र के महासचिव के नाम ज्ञापन सौंपा**

में आज राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से डिफेंडर्स ऑफ़ ह्यूमन राइट्स संगठन के बैनर तले विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने भेंट की। उन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं और बौद्धों की हत्या, बलात्कार, आगजनी और मंदिरों को नष्ट किए जाने पर गंभीर चिंता व्यक्त की।

इसके अलावा बांग्लादेश में एक उच्च स्तरीय निगरानी समिति बनाई जाए जो वहां अल्पसंख्यकों पर अत्याचारों की घटनाओं की सूचना तुरंत संयुक्त राष्ट्र एवं अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को दे। संयुक्त राष्ट्र के महासचिव से मांग की गई है कि वह बांग्लादेश में हिंदू व बौद्ध समुदाय के जीवन, सम्मान और मंदिरों एवं अन्य सांस्कृतिक प्रतीकों की सुरक्षा के लिए उस पर दबाव बनाएं और नष्ट किए गए पूजा स्थलों का पुनर्निर्माण सुनिश्चित करें। राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने वालों में रामकृष्ण मिशन, शिमला के सचिव स्वामी तनमहिमा नंद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघ चालक प्रो. वीर सिंह रांगड़ा, विश्व हिंदू परिषद के प्रांत कोषाध्यक्ष राजेंद्र भारद्वाज, उपाध्यक्ष बीएम नैंटा सहित आदि मौजूद थे।

## पेपर लेस होगा जिला अस्पताल बिलासपुर, 40 कंप्यूटर पहुंचे अस्पताल

### हॉस्पिटल मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम के तहत दूसरा चरण होगा शुरू, अस्पताल प्रशासन ने कंपनी को जल्द कार्य शुरू करने के लिए लिखा पत्र

**शुभम राही, बिलासपुर**



क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर अब जल्द ही पूरी तरह से पेपर लेस होने जा रहा है। हॉस्पिटल मैनेजमेंट इन्फॉर्मेशन सिस्टम (एचएम आईएस) का दूसरा चरण अब बिलासपुर अस्पताल में जल्द शुरू होगा। इस सिस्टम के तहत अस्पताल में कुल 40 कंप्यूटर भी पहुंच चुके हैं और इन कंप्यूटर को जल्द ही प्रत्येक ओपीडी में लगाया जाएगा। जिसके तहत चिकित्सक अब ऑनलाइन ही मरीजों का सारा डाटा प्राप्त करेगा साथ ही मरीजों को अस्पताल में भर्ती करना और उनको डिस्चार्ज तक का सारा कार्य ऑनलाइन कर सकेंगे।

एचएमआईएस के तहत अस्पताल में पहला चरण शुरू हो गया है और दूसरे चरण में पेपर सुविधा मिलने के कार्य को तेजी से करने के लिए अस्पताल प्रशासन की ओर से कंपनी को बतौर पत्र भी लिखा गया है और कहा गया है कि इस कार्य को जल्द बिलासपुर अस्पताल में शुरू किया जाए। जानकारी मिली है कि अभी यह निजी कंपनी नेरचौक मेडिकल कॉलेज में वर्क कर रही है, उसके बाद बिलासपुर अस्पताल में कार्य को शुरू करेगी। इस सुविधा के शुरू होने से डॉक्टरों के पास मरीज का पूरा डाटा उपलब्ध होगा, जिसके माध्यम से रोगियों का सारा डाटा ऑनलाइन उपलब्ध होगा। इस सुविधा से डॉक्टर ई-प्रिसक्रिप्शन भी लिख सकेंगे और मरीजों की पूरी मेडिकल हिस्ट्री भी देख सकेंगे, जिससे रोगियों के साथ-साथ डॉक्टरों को भी सुविधा होगी।

बता दें कि एचएमआईएस के तहत बिलासपुर अस्पताल में पहले चरण में मरीजों की पर्चियां बनाई जा रही हैं। मरीज को शुरुआती चरण में अपना नाम, पिता या पति का नाम, मोबाइल नंबर और उम्र लिखवानी होगी। उसके बाद अगर मरीज फिर से पर्ची बनवाने के लिए आता है तो उसे सिर्फ अपना मोबाइल नंबर ही दर्ज करवाना होगा और एक क्लिक पर सारा रिकार्ड मरीज का सामने आ जाएगा। यहीं नहीं, यह रिकार्ड मरीज अपने मोबाइल पर भी ले सकता है। वहीं, दूसरी ओर चिकित्सक को भी मरीजों की जांच करने के लिए आसानी मिलेगी, क्योंकि यही रिकार्ड चिकित्सक के पास भी पहुंचेगा। इस आधुनिकता के साथ क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में इस सुविधा को शुरू कर दिया है।

गौरतलब है कि नेशनल हेल्थ मिशन की ओर से यह पूरे प्रदेशभर में इस तरह की सुविधा शुरू करने के आदेश जारी हुए हैं। वहीं, धीरे-धीरे पूरे प्रदेशभर के सरकारी अस्पतालों में इस तरह की सुविधा मिलना शुरू हो जाएगी। जानकारी प्राप्त हुई है कि प्रदेश के अन्य अस्पतालों में इस तरह का सॉफटवेयर इंस्टॉल किया जा रहा है। बिलासपुर अस्पताल की बात करें तो यहां पर मरीजों को सबसे अधिक परेशानी पर्ची बनाने की रहती थी। हालांकि पर्ची सिस्टम वही रहेगा, लेकिन जहां प्रत्येक बारी में अपनी सारी डिटेल दिया करनी थी तो वहीं अब मात्र अपना मोबाइल नंबर एंटर करने के बाद ही मरीज को सारा रिकार्ड सामने आ जाएगा। (अनंत ज्ञान)

**यह है सुविधा**

**बता** दें कि इस सुविधा के तहत मरीज के मेडिकल रिकॉर्ड के रूप में उसका नाम, पता और मोबाइल नंबर आदि के अलावा ओपीडी में रजिस्ट्रेशन व डॉक्टर से परामर्श लेने की तिथि का उल्लेख होगा। इसके अलावा इमरजेंसी एडमिशन, डिस्चार्ज एवं ट्रांसफर, बिलिंग इत्यादि को भी शमिल किया गया है।



**बिलासपुर** अस्पताल में एचएमआईएस सिस्टम के तहत पर्चियां बनाई जा रही है। इस सिस्टम के तहत अस्पताल में जल्द ही दूसरा चरण भी शुरू होने जा रहा है। जिसके लिए यहां पर 40 नए सिस्टम पहुंच गए है। सिस्टम इंस्टॉल करने वाली कंपनी को बतौर पत्र लिखा गया है कि यहां पर जल्द कार्य शुरू किया जाए। इस सिस्टम के शुरू होने से अस्पताल का अधिकतर कार्य पेपर लेस हो जाएगा।
**एके सिंह, चिकित्सा अधीक्षक बिलासपुर।**

## अमित शाह के बयान का विवेक कुमार ने किया विरोध



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव व झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने गृहमंत्री अमित शाह के ब्यान का कड़ा विरोध किया है। सदन में गृहमंत्री द्वारा बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर पर कही गई बात बिलकुल गलत है। अब यह एक फैशन हो गया है। आंबेडकर, आंबेडकर, आंबेडकर, इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। गृहमंत्री द्वारा दिए गए इस ब्यान का वह पूरी तरह से विरोध करते हैं।

वीरवार को बिलासपुर के लेक व्यू कैफे में प्रेसवार्ता करते हुए झंडूता कांग्रेस नेता विवेक कुमार ने कहा कि अगर अमित शाह माफी नहीं मांगते हैं तो अपने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर सड़कों पर उतरेंगे और अमित शाह के पूतलें फूकें जाएंगे। उन्होंने कहा कि एक तरफ भाजपा तो बाबा साहेब की पुण्यातिथि के अवसर

**बोले, अगर माफी नहीं मांगी तो फूंकेंगे शाह के पुतले**

उनको पुष्प अर्पित करती है और अब इस तरह के ब्यान देने से भाजपा की दोहरी राजनीति सामने आई है।

उन्होंने कहा कि बाबा साहिब की बदौलत ही आज दलित व अन्य पिछड़ा वर्ग समाज के विभिन्न वर्गों के सामने खड़ा हो पाया है। इससे साफ जाहिर हो रहा है कि भाजपा को दलित और पिछड़ा वर्ग के लोगों का विकास हजम नहीं हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा की मानसिकता सामने आ चुकी है, यही कारण है कि भाजपा हमेशा जाति के नाम पर दंगे भड़काने और लोगों को भ्रमित करके सत्ता हासिल करना है। इस मौके पर कांग्रेस नेता जितेंद्र चंदेल, विजेंद्र सोनी, तिलक राज, गौरव, आशीष ठाकुर सहित अन्य कांग्रेस नेता मौजूद रहें।

## मुख्य चुनाव अधिकारी नंदिता ने वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार ईवीएम, वीवीपैट मशीन एवं वेयरहाउस की विश्वसनीयता कायम रखने के उद्देश्य से हिमाचल प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) नंदिता गुप्ता ने वीरवार को उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक तथा राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला बिलासपुर के लखनपुर में ईवीएम (इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन) और वीवीपैट (वोटर वेरिफिएबल पेपर ऑडिट ट्रेल) के सुरक्षित और उपयुक्त भंडारण हेतु बनाए गए वेयरहाउस का निरीक्षण किया।



उन्होंने बताया कि इस निरीक्षण का उद्देश्य ईवीएम और वीवीपैट के भंडारण, प्रबंधन और सुरक्षा सुनिश्चित करना है। उन्होंने स्टेट सेंट्रल वेयरहाउस का भी निरीक्षण किया। वेयरहाउस को कोई नुकसान न पहुंचे, इसके लिए उन्होंने अग्निशमन यंत्रों और जलापूर्ति इत्यादि सुरक्षा व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। उन्होंने बताया कि वेयरहाउस में सभी मशीनों और संबंधित उपकरणों का समुचित भंडारण सुनिश्चित किया गया है तथा भंडारण क्षेत्र में सुरक्षा और निगरानी का विशेष ध्यान रखा गया है। इस अवसर पर एसडीएम अभिषेक गर्ग, इलेक्शन तहसीलदार विजय शर्मा, नायब तहसीलदार इलेक्शन विजय कुमार शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## हरी ओ गो सदन गउओं की सेवा के लिए बना एक मिसाल

**घुमारवीं।** सीमेंट नगरी बरमाणा के पंचायत के लगट गांव में हरी ओम गो सदन एक ऐसे स्थान के रूप में उभरा है, जहां लावारिश गायों की सेवा के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। यह बात मीडिया से रू-ब-रू होते हुए गो सदन के प्रधान रतन ठाकुर ने वीरवार को कही। उन्होंने कहा कि यह गो सदन न केवल गायों की सेवा के लिए एक मिसाल है, बल्कि यह उन सभी दानी सज्जनों का आभार व्यक्त करता है, जिन्होंने इस नेक कार्य में अपना योगदान दिया है।

## झंडूता में पूर्व छात्र संघ की कार्यकारिणी का गठन

**झंडूता।** राजकीय महाविद्यालय झंडूता में पूर्व छात्र संघ की कार्यकारिणी का गठन किया गया। यह संगठन महाविद्यालय और उसके पुराने छात्रों के बीच एक मजबूत बंधन बनाने का कार्य करता है। इस नई कार्यकारिणी में ज्योति ठाकुर प्रधान, ऊषा महाजन उपप्रधान, प्रो. सुरेश शर्मा महासचिव, गुरप्रीत सिंह संयुक्त सचिव, शुभम चड्ढा कोषाध्यक्ष तथा मुख्य सलाहकार के रूप में संतोष को चुना गया। नई कार्यकारिणी के सभी सदस्यों को महाविद्यालय के प्राचार्य ने शुभकामनाएं दीं।

**परेशानी** ट्रक चालक बोले-टैक्स जमा न होने के कारण ट्रकों की नहीं हो रही पासिंग

## सर्वर डाउन व साइट बंद होने की वजह से बड़े वाहनों का नहीं हो रहा रोड टैक्स जमा

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

पिछले कई दिनों से सर्वर डाउन व साइट बंद होने की वजह से बड़े वाहनों का स्पेशल रोड टैक्स जमा नहीं हो पा रहा है। यही कारण है कि समय पर टैक्स जमा न हो पाने के कारण ट्रक चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

सभी ट्रक मालिक इस समस्या से काफी चिंतित और परेशान है, क्योंकि टैक्स जमा न हो पाने के कारण न तो ट्रकों की पासिंग हो पा रही है और न ही स्पेशल रोड टैक्स जमा हो पा रहा है। जिस वजह से ट्रक मालिकों को अपने ट्रक खड़े करने की नौबत आ गई है। बता दें कि इस समय अकेले बरमाणा स्थित सीमेंट फैक्टरी में करीब 4000 ट्रक कार्यरत हैं जो प्रदेश के साथ-साथ अन्य राज्यों में भी सीमेंट ढुलाई का काम करते हैं, लेकिन जिन ट्रकों की पासिंग तथा स्पेशल रोड टैक्स खत्म हो चुका है। उन ट्रक चालकों को पिछले करीब दो हफ्तों से परेशानी यह झेलनी पड़ रही है। ट्रक यूनियन बरमाणा के उपप्रधान जगन्नाथ शर्मा ने बताया की 8 दिसंबर से ट्रक मालिक लगातार साइबर कैफे तथा परिवहन कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन हर बार सर्वर डाउन होने के साथ-साथ टैक्स जमा करवाने वाली साइट के बंद होने की शिकायत मिल रही है। यही कारण है कि उन्हें अपने ट्रैकों को खड़ा करने के अलावा और कोई चारा नहीं रह गया है। बरमाणा सीमेंट फैक्टरी में उसी गाड़ी को अंदर जाने की इजाजत दी जाती है जिसकी पासिंग तथा स्पेशल रोड टैक्स क्लियर होता है। यही वजह है कि पिछले कई दिनों से उनके ट्रकों को ढुलाई का कार्य नहीं मिल पा रहा है। (अनंत ज्ञान)

**यूनियन सीएम सुक्खू को समस्या से करवाएगी अवगत**

**यूनियन** जल्द ही इस बारे में मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर अब इस समस्या से अवगत करवाएगी तथा जल्द से जल्द इस समस्या का हल निकालने की भी मांग की जाएगी, ताकि तक ऑपरेटर को आ रही दिक्कतों का हल निकाला जा सके।

# सदन के बाहर खूब गूंजा–सुक्खू भाई जंगली मुर्गा किसने खाया

## दोषियों को बचा रही सरकार, बेगुनाहों पर हो रहे मामले दर्ज : जयराम

संजय अग्रवाल, धर्मशाला

शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन प्रश्नकाल शुरू होने से पहले ही विपक्ष ने सदन से बाहर हाथों में जंगली मुर्गे की तस्वीरों को लेकर सुक्खू सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर नारेबाजी की। विपक्ष का आरोप था कि मुख्यमंत्री उन पर मामले दर्ज नहीं कर रहे, जिन्होंने जंगली मुर्गा खाया।

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने मामले पर सवाल उठाते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने पहले वाइल्ड मुर्गे को मेन्यू में शामिल किया और फिर अपने मंत्री को फर्म में शामिल किया। हिमाचल में जंगली मुर्गे की वन्य जीवन आरक्षण अधिनियम–1972 (वन्यजीव संरक्षण अधिनियम–1972) के अंतर्गत संरक्षित हैं। इनका शिकार करना अपराध है और इसके लिए 3 से 7 साल तक की सजा का प्रावधान है।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री उन पर मामले दर्ज कर रहे है, जिन्होंने इस मामले को जनता के सामने उजागर किया। उनका कहना है कि सुक्खू सरकार का यही व्यवस्था परिवर्तन है, जिसमें उनके खाने में प्रतिबंधित जंगली मुर्गा परोसा जा रहा है। जयराम ठाकुर ने जंगली मुर्गा मारने वालों व उसको खाने वालों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।


जंगली मुर्गे मुद्दे को लेकर सदन के बाहर विरोध करते विपक्ष के नेता व भाजपा विधायक।

उन्होंने कहा कि जंगली मुर्गे की सच्चाई को छुपा नहीं सकते। बता दें कि कुपवी के टिक्कर गांव में मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और अन्य अतिथियों के लिए रात्रिभोज रखा गया। इस रात्रिभोज के दौरान सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू और अन्य लोगों के बीच बातचीत का एक कथित वीडियो और मेन्यू सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है।

इसी को आधार बनाकर नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर सहित कई अन्य नेताओं ने उनके खिलाफ हमलावर रुख अपनाया है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि संरक्षित प्रजाति का जंगली मुर्गा खाने वालों को जेल होती है, जुर्माना होता है, लेकिन मुख्यमंत्री मुर्गा खिलाने का पहले मेन्यू छपवाते हैं और फिर अपने मंत्रियों को अपने सामने चटखारे ले लेकर खिलाते हैं, क्या यही व्यवस्था परिवर्तन है।

दरअसल सीएम सुक्खू अपने मंत्री धनीराम शांडिल के साथ सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम के तहत शिमला के कुपवी में पहुंचे थे। टिक्कर गांव में सीएम का रात्रि विश्राम और भोजन की व्यवस्था भी थी। यहां पर रात्रि भोजन के मेन्यू में जंगली मुर्गा भी परोसा गया। हालांकि सीएम सुक्खू ने जंगली मुर्गा नहीं खाया, लेकिन उनका एक वीडियो वायरल हो गया। (अनंत ज्ञान)

# अंबेडकर के खिलाफ बयान पर सीएम का विधायकों के साथ धरना

## मुख्यमंत्री सुक्खू ने की अमित शाह से माफी मांगने या इस्तीफे की मांग

पुनीत शर्मा, धर्मशाला

कांग्रेस सरकार ने वीरवार को सदन के बाहर बाबा साहेब अंबेडकर और संविधान के अपमान को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध प्रकट किया। आरोप लगाया कि संविधान पर बहस के दौरान राज्यसभा में गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी से पता चलता है कि भाजपा और आरएसएस नेताओं के मन में बीआर अंबेडकर के प्रति बहुत नफरत है और उन्होंने उनसे माफी की मांग की।

कांग्रेस सरकार ने आरोप लगाया कि संविधान पर राज्यसभा में चर्चा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी दिखाती हैं कि भाजपा और आरएसएस के नेता बीआर अंबेडकर से कितनी नफरत करते हैं। कांग्रेस विधायकों ने कहा कि गृह मंत्री ने बाबा साहेब अंबेडकर और संविधान का अपमान किया है। मनुस्मृति और आरएसएस की उनकी विचारधारा से यह स्पष्ट है कि वह बाबा साहेब अंबेडकर के संविधान का सम्मान नहीं करना चाहते। हम इसकी निंदा करते हैं और उनके इस्तीफे की मांग करते हैं। उन्हें देश की जनता से माफी मांगनी चाहिए, उन्हें अपने पद से इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने अमित शाह पर हमला करते हुए कहा कि भाजपा के शासन में अंबेडकर का नाम लेना अपराध हो गया है।


अंबेडकर के खिलाफ बयान पर केंद्र सरकार के खिलाफ धरने पर बैठे मुख्यमंत्री सुक्खू विधायकों के साथ।

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इसे संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर का अपमान बताते हुए गृह मंत्री से माफी मांगने या अपने पद से इस्तीफा देने की मांग की।

उन्होंने कहा, 'डॉ. अंबेडकर ने देश को एक ऐसा संविधान दिया है जो समानता, स्वतंत्रता और न्याय के सिद्धांतों पर आधारित है। उनकी भूमिका अमूल्य है अमित शाह की टिप्पणी न केवल संविधान का, बल्कि दलितों और पिछड़े वर्गों का भी अपमान है।'


सीएम सुक्खू ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि यह घटना भाजपा की मानसिकता को दर्शाती है। भाजपा की कथनी और करनी में अंतर है। दलित और पिछड़े वर्गों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के प्रति उनकी असंवेदनशीलता बार-बार उजागर हो चुकी है। विधानसभा के बाहर प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस विधायकों ने नारेबाजी करते हुए अमित शाह से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की।

प्रदर्शनकारियों का कहना था कि डॉ. अंबेडकर जैसे महान नेता का अपमान देश की आत्मा का अपमान है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा को दलित विरोधी करार दिया। (अनंत ज्ञान)

## शीतकालीन सत्र की झलकियां

### हमने दर्ज नहीं की मुर्गे को लेकर एफआईआर

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** जब सीएम सुखविंदर सिंह सुक्ख विपक्ष के आरोपों का जवाब दे रहे थे तो उन्होंने कहा कि मुर्गे के मामले में न तो हमने कोई एफआईआर दर्ज की है और न ही सरकार ने कोई कारवाई की। उन्होंने कहा कि वो इसका पता लगाएंगे तथा विपक्ष भी पता करे कि एफआईआर किसने दर्ज करवाई। वहीं पुलिस भर्ती घोटाले को लेकर जब पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने अपनी बात सदन में रखी तो सीएम सुक्खू ने विधानसभा अध्यक्ष से कहा कि अध्यक्ष महोदय, आप विपक्ष को अपनी बात कहने का पूरा मौका देते हैं तथा सत्ता पक्ष को भी ऐसे ही समय दें। बिना सबूतों तथा कागजों के आरोप लगाने से विपक्ष परहेज करे। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष ने मामलों को सदन में रिपीट न करने की बात कही।



### जब भी मैं बोलता हूं खिसक जाता है विपक्ष

**पेखुवाला** प्लांट को लेकर लगाए गए पूर्व मंत्री तथा जस्वां प्रागपुर के विधायक बिक्रम ठाकुर के आरोपों का जवाब देने के दौरान सीएम सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जब विपक्ष की कुर्सियों पर नजर दौड़ाई तो उन्हें आरोप लगाने वाले पूर्व मंत्री बि म ठाकुर नजर नहीं आए। इस पर चुटकी लेते हुए सीएम बोले कि जब भी मैं बोलने लगता हूं, विपक्ष खिसक जाता है।

### बिल्ली को बना दिया दूध का रखवाला

**पुलिस** भर्ती घोटाले को लेकर पूर्व की भाजपा सरकार पर तीखे आरोप लगाते हुए कांग्रेस के विधायक चंद्रशेखर ने कहा कि पुलिस भर्ती मामले में हुए भ्रष्टाचार को लेकर पुलिस को ही जांच का जिम्मा दे दिया गया। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर ये वही बात है कि बिल्ली को दूध को रखवाला बना देना।

### सदन में एक-दूसरे के कपड़े न फाड़ें : मुकेश



**दोपहर** को दूसरे सत्र के दौरान डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि विपक्ष चाहे भ्रष्टाचार पर चर्चा करें या किसी और विषय पर, लेकिन सदन में एक-दूसरे के कपड़े न फाड़ें। इससे पहले पूर्व विधानसभा अध्यक्ष विपिन परमार का नाम लेते हुए उन्होंने कहा कि वो अपनी बात रख कर बाहर निकल जाते हैं। उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा कि ये लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन है। बताते चलें कि डिप्टी सीएम का पंजाबी अंदाज हर एक का ध्यान खींच लेता है। इससे पहले उन्होंने एक कहानी का भी जिक्र किया जिससे सदन में ठहाके गूंज पड़े।

### सत्ती खुद रहे सीपीएस, फिर दायर की याचिका

**डिप्टी** सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि विधायक सतपाल सिंह सत्ती को लेकर उनका मानना था कि वो नैतिक मूल्यों का पालन करने वाले व्यक्ति हैं। तंज करते हुए उन्होंने आगे कहा कि खुद सीपीएस रह चुके सत्ती ने ही याचिका दर्ज कर दी। अग्निहोत्री ने कहा कि खुद तो सत्ती ने पद संभाला था लेकिन बाद उसी पद यानि सीपीएस मामले में अब याचिका दर्ज कर दी।

### हंस राज की टिप्पणियों से माहौल हुआ हल्का

**सदन** में जब भी माहौल तनावपूर्ण होने लगता है तो कुछ नेता अपनी टिप्पणियों से माहौल को हल्का फुल्का कर देते हैं। भाजपा के खेमे में जहां कभी पूर्व मंत्री राकेश पठानिया की टिप्पणियों से माहौल गर्म हो जाता था, लेकिन इनकी गैर-मौजूदगी में चंबा जिला के चुराह के विधायक हंस राज मजाकिया अंदाज में माहौल को हल्का कर देते हैं। हालांकि सिर्फ ऐसा नहीं कि वो महज मजाकिया टिप्पणी ही करते हैं बल्कि हंस राज अक्सर अपनी बातों से सत्ता पक्ष को घेरने में कोर कसर नहीं छोड़ते।



### सदन में पेट्रोल पंप की तपिश

**सत्र** के दौरान धर्मशाला में पेट्रोल पंप के लिए सरकारी जमीन लीज पर देने के मामले में बिना नाम लिए कहा कि एक विधायक ने भी उसके लिए आवेदन कर रखा था। उन्होंने साफ किया कि आरक्षित वर्ग के किसी व्यक्ति को पेट्रोल पंप आदि के लिए सरकारी जमीन लीज पर देने का कानूनी प्रावधान है। इसके बाद धर्मशाला के विधायक साथ सुधीर शर्मा ने कहा कि सीएम असल में उनका जिक्र कर रहे हैं तो जो मैंने आवेदन किया उसको दिखाएं या कोई ओर सबूत है तो वो दिखाएं।

### बाली बोले-मेरे चाचा समान हैं परमार

**सदन** में हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष तथा नगरोटा बगवां के विधायक आरएस बाली ने विपक्ष के प्रश्न का उत्तर देते हुए कहा कि विपिन परमार की वह बहुत इज्जत करते हैं तथा वो उनके चाचा समान हैं तथा अगर गैलरी से लौटकर अगर वो भी उनका उत्तर सुनें तो अच्छा होगा। इसके थोड़ी देर बाद सदन में परमार के लौटने पर बाकी ने कहा कि परमार ने उनकी बात मानी इसके लिए ही उनके आभारी हैं।



## अवैध खनन के 121 मामले पकड़े : हर्षवर्धन

**कांग्रेस** विधायक हर्षवर्धन चैहान ने कहा कि हमारी कोशिश है प्रदेश में अवैध खनन न हो। कांग्रेस सरकार ने इस मामले में एक एप जारी किया है, जिसमें कहीं अगर ऐसा मामला सामने आता हे तो उसकी ऑनलाइन शिकायत की जा सकती है। कांग्रेस सरकार ने अभी तक 5 करोड़ 18 लाख रुपए की रिकवरी की है। प्रदेश में अवैध खनन के अब तक के 121 मामले पकड़े गए है।



## अब फैसले की घड़ी आ चुकी : चंद्रशेखर

**धर्मपुर** से कांग्रेस के विधायक चंद्रशेखर ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने बेरोजगारों के साथ रोजगार के नाम पर विश्वासघात किया। पुलिस भर्ती में 250 करोड़ का घोटाला समाने आया, जिसमें सीबीआई जांच बिठानी पड़ी। पंचायतों में दस्तावेजों के आधार पर 80-80 फीटर रख दिए गए। 2500 करोड़ की पाइपों का इस्तेमाल कहां हुआ किसी को पता नहीं। उन्होंने कहा कि अब फैसले की घड़ी आ चुकी है।



## सरकार में परिवर्तन कम पतन ज्यादा : परमार

**सुलह** के भाजपा विधायक व पूर्व विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि भ्रष्टाचार का असर प्रदेश की जनता को झेलना पड़ रहा है। सरकार में परिवर्तन कम है पतन ज्यादा। गारंटियों का बोझ सरकार पर है। सरकार बताए कि कृषि विश्विद्यालय की भूमि किसके कहने पर पर्यटन नगरी बसाने के लिए दे दिए गई। हाई कोर्ट ने सरकार के इस फैसले पर अब स्टे लगाया है। सरकार को ऐसे-ऐसे सुझाब कौन दे रहा है।



## मुर्गे कोई खा रहा, मामले निर्दोषों पर : सुधीर शर्मा

**धर्मशाला** के भाजपा विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि जंगली मुर्गे कोई और खा रहा है तथा मामले निर्दोष लोगों पर दर्ज किए जा रहें हैं। उन्होंने कहा कि उन्हे पिछले कल ही सोशल मीडिया के माध्यम से पता चला कि इस पर उनके उपर मीडिया पर मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि वीडियों में जंगली मुर्गे की बात कही जा रही है। मंत्रियों व विधायकों को मुर्गा परोसने की बात कही जा रही है।



## कोरोना में भाजपा ने किया वेंटिलेटर घोटाला : धर्माणी

**कांग्रेस** विधायक राजेश धर्माणी ने कहा कि भाजपा ने कांग्रेस सरकार को गिराने का प्रयास किया, जब वे आने मौसूदों पर सफल नहीं हो सकी तो विपक्ष सदन में बेबुनियाद आरोप लगाकर जनता का ध्यान भटकाने की नाकाम कोशिश कर रही है। कोरोना काल में भाजपा सरकार के समय में वेंटिलेटर घोटाला हुआ। 1000 करोड़ से ज्यादा विभिन्न विभागों उस सामान को भेजा जिसका कोई उपयोग ही नहीं हुआ।



## सरकार खनन माफिया को दे रही प्रोटेक्शन : जम्वाल

**भाजपा** विधायक त्रिलोक जम्वाल ने आरोप लगाया कि बिलासपुर में सरेआम अवैध खनन हो रही है। सरकार आरोपियों पर कार्रवाई की हिम्मत नही जुटा पा रही है। रात को 200-200 ट्रक बिना नंबर प्लेट के सड़को पर दौड़ रहे हैं। पहाड़ों को काट कर समतल बना दिया गया है। सरकार द्वारा खनन माफिया को प्रोटेक्शन दी जा रही है।



# राष्ट्रपति से मिले गोल्ड मेडल को सीएम को लौटाने पहुंची दिव्यांग रेणु

अनंत ज्ञान, धर्मशाला

अगर हौंसले बुलंद हो तो कोई बाधा आपको रोक नहीं सकती है। दिव्यांगता भी मुकाम हासिल करने में आड़े नहीं आती है। ऐसा ही कर दिखाया धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र के योल निवासी 30 वर्षीय रेणु देवी पुत्री मोहब्बत सिंह ने।

रेणु बिलकुल भी सुन नहीं सकती हैं और ठीक से बात भी नहीं कर सकती हैं। रेणु देवी ने कठिन मेहनत से एमकॉम में दो गोल्ड मेडल हासिल किए है। ये मेडल उन्हें पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के हाथों मिले हैं, पर अब यह दिव्यांग बेटी गोल्ड मेडल वापस करना चाहती हैं। रेणु देवी का कहना है कि अगर नौकरी ही नहीं तो इन गोल्ड मेडल का क्या करना। रेणु देवी अपने पिता मोहब्बत सिंह के साथ वीरवार को धर्मशाला के तपोवन में शीतकालीन सत्र के दौरान मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मिलकर नौकरी देने या गोल्ड मेडल वापस करने की पेशकश करने पहुंची। रेणु देवी ने कहा कि मैंने इतनी मेहनत से पढ़ाई की है। स्कूल और कॉलेज के टीचर ने अच्छे से पढ़ाई करवाई, जिससे मैंने यह मुकाम पाया है, लेकिन गोल्ड मेडल का मुझे क्या फायदा है। मैं इन्हें सीएम सर को ही वापस कर देना चाहती हूं। उन्हें जॉब देने का वादा किया, लेकिन जॉब नहीं मिली।



उन्होंने बैंक सहित अन्य सरकारी जॉब के लिए पेपर दिए। परीक्षा पास भी की, फाइनल प्रक्रिया तक भी पहुंची। पर दिव्यांग के लिए एक या दो वेकेंसी होती हैं, जिसमें नौकरी हासिल करना आसान नहीं है।


धर्मशाला। चौदहवीं विधानसभा के सदस्य शीतकालीन सत्र के दौरान वीरवार को तपोवन विधानसभा परिसर के गेट 1 पर एक सामूहिक चित्र के लिए एकत्र हुए। चित्र में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, मंत्री तथा विधायक शामिल हैं।

# हिमाचल बेरोजगार युवा फेडरेशन संघ ने भरी हुंकार

## कहा-सरकार के दो साल पूरे होने पर भी नहीं मिला रोजगार

अनंत ज्ञान, धर्मशाला

विधानसभा शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन हिमाचल बेरोजगार युवा फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष बाल कृष्ण व हिमाचल प्रशिक्षत संघ घनश्याम की अगुवाई में जोरावर स्टेडियम में युवाओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन किया।



उक्त नेताओं ने का कि कांग्रेस सरकार का दो वर्ष का कार्यकाल समाप्त हो चुका है, परंतु सरकार रोजगार को लेकर उदासीन रवैया अपनाए हुए है। वे सरकार से मांग करते हैं कि एचपीआरसीए को सुचारू रूप से चलाया जाए, जब तक ऑनलाइन पेपर नहीं लिए जाते तब ऑफलाइन पेपर लिए जाए और जो फॉर्म 2022 में भरे गए है उनकी परीक्षा करवाई जाए तथा सरकार द्वारा कैबिनेट से मंजूर 6500 पदों को भी भरा जाए। हिमाचल बेरोजगार युवा फेडरेशन के सदस्यों ने कहा कि वर्ष 2022 के बाद कोई भी भर्ती नहीं हुई है साथ ही मांग की गेस्ट टीचर और आउटसोर्स भर्ती को पूर्ण रूप से बंद किया जाए।

उन्होंने कहा कि चुनाव से पहले उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री द्वारा आउटसोर्स भर्ती न करने एवं पक्की नौकरी देने का वादा भी किया गया था, परंतु अब गेस्ट फैकल्टी पर ही भर्ती निकली जा रही है। उन्होंने अपने प्रदर्शन के दौरान यह मांग की रिटायर्ड कर्मचारियों को फिर से नौकरी पर न रखा जाए।

**विडंबना** करोड़ों रुपए की लागत से बना यह भवन सालभर मात्र 4 से 7 दिन तक ही प्रयोग में लाया जाता

# विधायकों के लिए प्रशिक्षण केंद्र नहीं बन पाई तपोवन विधानसभा

अनंत ज्ञान, धर्मशाला

लगभग चार वर्ष बीत जाने के बाद भी तपोवन स्थित विधानसभा भवन न तो विधायकों के लिए प्रशिक्षण केंद्र बन पाया है और न ही इसे ई–विधान अकादमी के रूप में स्थापित किया जा सका है। वर्ष 2020 में पूर्व भाजपा सरकार के समय में इन दोनों बिंदुओं पर मोहर लगाई गई थी। बकायदा इसका प्रस्ताव लोकसभा सचिवालय को भेजा गया था तथा इस मामले को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के समक्ष भी रखा गया था।



प्रदेश में डबल इंजन की सरकार होने के बाद भी पूर्व में रही भाजपा सरकार तपोवन में विधायकों प्रशिक्षण केंद्र और ई–विधान अकादमी स्थापित कर पाई थी। उस दौरान यह भी कहा गया था कि तपोवन स्थित विधानसभा भवन को प्रशिक्षण केंद्र के तौर पर विकसित करने के लिए देश के विभिन्न राज्यों की विधानसभा और विधान परिषदों के सदस्यों को सांविधानिक कार्यप्रणाली का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

पूर्व विधान सभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार ने पत्रकार वार्ता में इसका जिक्र किया था कि केंद्र में भाजपा की सरकार के समक्ष भी इस प्रस्ताव को रखकर मंजूरी दिलवाई जाएगी, परंतु यह मामला 4 वर्षों के बाद भी आगे सरक नहीं पाया है। प्रदेश तख्ता पलट होने के बाद कांग्रेस सरकार भी इस बारे को प्रयास करती नजर नहीं आ रही है। करोड़ों रुपयों की लागत से बना यह भवन साल भी में मात्र 4 से 7 दिनों तक ही शीकालीन सत्र में प्रयोग में लाया जाता है। इस दौरान सरकार द्वारा करोड़ों रुपचे खर्च किया जा हैं। इस बार इस भवन का उपयोग मात्र 4 दिनों के लिए किया जाना है, जिसके रखरखाब पर करोड़ों रुपया भी खर्च किया जा रहा है।

विधानसभा भवन की उपयोग को लेकर लंबे समय से बहस भी छिड़ती आई है तथा तपोवन में विधानसभा सत्र की रिवायत बंद करने की बातें भी उठती रही हैं, लेकिन धर्मशाला में स्थापित यह विधानसभा भवन सफेद हाथी नहीं, बल्कि लोगों की भावनाओं से जुड़ाव का प्रतीक है। तपोवन में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाला शीतकालीन सत्र निचले क्षेत्र की जनता को अपना दुख–दर्द सरकार के रखने का मौका भी देता है।

> पूर्व भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान इस मुद्दे पर प्रधानमंत्री सहित कई केंद्रीय मंत्रियों के साथ बात हुई थी। इसके लिए आश्वासन भी मिला है, लेकिन कोरोना के कारण यह प्रक्रिया रुक गई थी। प्रदेश कांग्रेस सरकार को चाहिए कि इस पर कार्य करे ताकि तपोवन विधानसभा भवन में विधायक प्रशिक्षण केंद्र और ई–विधान अकादमी चल सके।
>
> **–विपिन सिंह परमार**
> **विधायक एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष**



> विधानसभा में विधायक प्रशिक्षण केंद्र और ई–विधान अकादमी स्थापित करने की बातें तो होती रही है। यह मामला केंद्र सरकार के अधीन है। केंद्रीय नेताओं को चाहिए इस मामले को केंद्र सरकार के समक्ष उठाए, ताकि तपोवन विधानसभा में पूरा साल रौनक रहे।
>
> **–केवल सिंह पठानिया**
> **उपमुख्य सचेतक**



## न्यूज ब्रीफ

### नंदरूल स्कूल में वार्षिक समारोह की धूम



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नंदरूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान एसएमसी प्रधान कुसुम लता ने मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहीं। कार्यक्रम का आगाज सरस्वती वंदना से हुआ। इस अवसर पर स्कूली छात्रों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि को शॉल व पहाड़ी टोपी भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान स्कूल के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। इस शुभ अवसर पर स्कूल प्रधानाचार्य नीरज गर्ग ने वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। कार्यक्रम में एस एम सी के तमाम सदस्य व स्कूली स्टाफ के अलावा गांव के अन्य गणमान्य व्यक्ति जनरैल सिंह, हरि सिंह, पंचायत प्रधान राजकुमारी व इलेक्ट्रिसिटी डिपार्टमेंट के अति. सहायक अभियंता ई. चंद्रभूषण मिश्रा मौजूद रहे।

### छात्रों को दी सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** कंवर दुर्गा चंद राजकीय महाविद्यालय जयसिंहपुर में वीरवार को सड़क सुरक्षा क्लब की ओर से व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन सड़क सुरक्षा क्लब के संयोजक प्रो. अरविंद कुमार, प्रो. सचिन कुमार, प्रो. सरजनी नेगी व लैब सहायक मुकेश चंद के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा बतौर मुख्यातिथि व वक्ता के रूप में मौजूद रहे। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक करना रहा। इस व्याख्यान कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उपेंद्र शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए यातायात के नियमों को विस्तार से बताया। साथ ही उन्होंने सभी छात्रों को अपने साथ साथ दूसरों को इस ज्ञान को सांझा करने के लिए कहा साथ ही सड़क सुरक्षा क्लब के सभी सदस्यों का इस कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी व भविष्य में सड़क सुरक्षा नियमों के लिए इस तरह के कार्यक्रम करने  के लिए उनका मार्गदर्शन किया।

### विद्यार्थियों को दिया नशे से दूर रहने का संदेश

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** पीएम श्री बाबा कांशी राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डाडासीबा में प्रधानाचार्य सुदर्शन कुमार की अध्यक्षता में ब्रह्मकुमार संस्था की कार्यक्रम सौजन्य से नशा मुक्त भारत अभियान के तहत एक विशेष का आयोजन किया गया। ब्रह्मकुमार संस्था की तरफ से आए हुए मुख्य अतिथियों ने भाषण के माध्यम से, लघु वीडियो  फिल्म के माध्यम को नशे से दूर रहने की जानकारी दी तथा संदेश दिया कि नशे की लत से प्रभावित हो रहे युवाओं के हालातो की चर्चा व परिणाम के ऊपर लघु फिल्मों के माध्यम से विस्तार पूर्वक जानकारी दी व अपने समाज को देश को नशामुक्त करने की शपथ दिलाई ब्रह्मकुमार संस्था के मुखिया सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य पूर्ण सिंह ने डाडासीबा स्कूल के बच्चों की प्रार्थना सभा के आयोजन को देखकर समस्त स्टाफ की प्रशंसा की। अंत में स्कूल के प्रधानाचार्य सुदर्शन कुमार ने आए हुए मेहमानों का बहुमूल्य जानकारी देने और बच्चों को योग के द्वारा अपने जीवन को सफल बनाने की जानकारी देने के लिए धन्यवाद किया।

# गढ़ जमूला विद्यालय ने देश को दीं बड़ी-बड़ी हस्तियां : संजय चौहान

## स्कूल के वार्षिक समारोह में की शिरकत, दो फ्लड लाइट्स देने की घोषणा

**अनंत ज्ञान, डरोह**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल गढ़ जमूला में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि की भूमिका हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन संजय चौहान ने निभाई। इस कार्यक्रम के विशेषातिथि सेवानिवृत्त प्राचार्य एवं समाजसेवक ऋषि राम भाटिया थे। स्कूल की प्रधानाचार्या काजल व एसएमसी प्रधान रणजीत सिंह ने मुख्यातिथि व आए हुए अतिथियों का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इसमें पंजाबी गिद्दा, पहाड़ी नाटी, नाटक, राजस्थानी लोकनृत्य प्रमुख थे। मंच का संचालन स्क्कूल के अध्यापक टीजीटी सतीश राणा ने किया। उन्होंने अपनी मधुर वाणी से आडियंस का मन मोह लिया। इस बीच प्रधानाचार्या ने मुख्यातिथि द्वारा स्कूल में सीढ़ियों की मरम्मत की घोषणा के तहत बसदी पंचायत में तीन लाख रुपए आने पर उनका धन्यवाद किया। साथ ही उन्होंने संजय चौहान से स्कूल मैदान में फ्लड लाइट्स लगाने का भी आग्रह किया। इस मौके पर संजय चौहान ने कहा कि इस स्कूल ने बहुत बड़ी-बड़ी हस्तियां देश को दी हैं। इस स्कूल के बच्चे होनहार हैं।



उन्होंने दो फ्लड लाइट्स स्कूल को देने की घोषणा भी की।

वहीं, विशेषातिथि ऋषि राम भाटिया ने कहा, 'मैं भी इसी स्कूल का विद्यार्थी रहा हूं। जब भी मुझे इस स्कूल में आने का मौका मिलता है, स्कूल में व्यतीत किए दिन याद आते हैं।' उन्होंने कहा कि बच्चे देश का भविष्य होते हैं। इसलिए शिक्षा सबका मौलिक अधिकार है। प्रत्येक बच्चे का पढ़ना बहुत जरूरी है। आपको बताते चलें कि ऋषि राम भाटिया 21000 रुपए प्रति वर्ष इस स्कूल के उन बच्चों को देते हैं, जो बहुत गरीब हैं व पढ़ाई का खर्चा नहीं उठा सकते हैं। इस कार्यक्रम में स्कूल स्टाफ के आलावा आसपास की पंचायतों के प्रधान, लोग व बच्चों के अभिभावक मौजूद रहे।

# सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल बने थलियाल के पंकज कुमार

**राकेश डोगरा, डरोह**

गांव थलियाल डाकघर नौरा सब तहसील धीरा के पंकज कुमार सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल बन गए हैं। इनकी प्रारंभिक शिक्षा सरकारी प्राइमरी स्कूल थलियाल हुई। यहां पांचवीं कक्षा उत्तीर्ण करने के पश्चात राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नौरा में बारहवीं तक की शिक्षा हासिल की। इस दौरान इनका चयन 2003 में सेना में हुआ। इस बीच 2007 में ही पहले प्रयास में ही कमीशन मिला। 10 दिसंबर 2011 को अधिकारी बने। इस दौरान असम में उग्रवादियों को मार गिराने के लिए 14 अगस्त 2014 को सेना पदक (वीरता) से सम्मानित किया गया।

वर्ष 2015 में राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड में ब्लैक कैट कमांडो के रुप में चयन हुआ। पठानकोट एयरबेस हमले में आतंकियों को मार गिराने के लिए जनवरी 2016 को गृह मंत्रालय से प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। इसके बाद कश्मीर में राष्ट्रीय राइफल्स में सेना के दौरान



पुलवामा हमले और कश्मीर में अन्य घटनाओं के दौरान बचाव कार्यों में भाग लेने के लिए 2019 में प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। इस बीच 2021 में लेबनान से संयुक्त राष्ट्र मिशन के लिए चयनित और हिजबुल्ला और इसराइल रक्षा बलों के बीच तनाव कम करने के लिए प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया। इन्हें दिसंबर में लेफ्टिनेंट कर्नल के रूप में पदोन्नत किया गया है। यह जानकारी लेफ्टिनेंट कर्नल पंकज कुमार के पिता रमेश कुमार ने दी। (अनंत ज्ञान)

# जयसिंहपुर स्कूल की दो छात्राएं एनएसएस स्टेट कैंप में लेंगी भाग



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर**

राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कलियाड़ा में चल रहे एनएसएस के जिला स्तरीय कैंप में राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जयसिंहपुर के 5 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इनमें से स्कूल की दो छात्राएं नंदिनी और अक्षिता राज्य स्तरीय कैंप के लिए चयनित हुईं। अब ये छात्राएं 5 दिन के एनएसएस स्टेट कैंप में भाग लेंगी। एनएसएस प्रोगाम अधिकारी हरीश भारद्वाज तथा बबलेश कुमारी ने राज्य स्तरीय कैंप के लिए इन बच्चों को विद्यालय परिवार की तरफ से उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाई दी।

वहीं, स्कूल के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार तथा विद्यालय के सभी अध्यापकों ने बच्चों को विद्यालय परिवार की तरफ से शुभकामनाएं एवं हार्दिक बधाई और राज्य स्तरीय एनएसएस कैंप के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

# 8 साल से भर्ती का इंतजार कर रहे शारीरिक शिक्षक

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** बेरोजगार शारीरिक शिक्षा संघ के अध्यक्ष संदीप अरोड़ा ने कहा कि वर्ष 1999 और 1999 से पहले के कुछ डिग्रीधारक हैं, जिन्हें आज तक नौकरी नहीं मिल पाई है। उन्होंने कहा कि सात-आठ साल से शारीरिक शिक्षकों की एक भी भर्ती नहीं हुई है। 2019 में 870 और 2023 में 228 पोस्टों पर सरकार ने भर्ती प्रक्रिया शुरू की थी, लेकिन उस पर भी कोर्ट से स्टे लग गया है। उन्होंने कहा कि यह मामला 10वीं के बाद एक साल का डिप्लोमा (सीपीईडी) करने वालों और सरकार के बीच का है। हम डिग्रीधारक कहां जाएं? हमने तो अपनी पढ़ाई एनसीटीई की गाइडलाइन के अनुसार पूरी की है। फिर क्यों हमारी भर्ती नहीं की जा रही है। स्कूलों में लगभग 2150 से ज्यादा पोस्टें खाली पड़ी हैं, लेकिन सरकार की मंशा कोई भी नियुक्ति करने की नहीं है। मुख्यमंत्री की ओर से नवंबर माह में भर्ती शुरू करने का वादा अभ्यर्थियों से किया गया था। उन्होंने कहा कि सीएम जवाब दें कि उस वादे का क्या हुआ। कोर्ट में सरकारी वकील से मांगे जा रहे दस्तावेज क्यों पेश नहीं किए जा रहे हैं। इस बात का संज्ञान लिया जाए।

# फतेहपुर स्कूल के होनहार सम्मानित

## स्कूल ने धूमधाम से मनाया वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर**

उपमंडल मुख्यालय फतेहपुर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला फतेहपुर में गुरुवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन प्रिंसिपल मदन लाल की अध्यक्षता में किया गया। समारोह में रिटायर्ड मुख्याध्यापक नरेंद्र पठानिया ने बतौर मुख्यतिथि शिरकत की। इस दौरान स्कूली बच्चों द्वारा पहाड़ी ,पंजाबी, हिंदी व अन्य भाषाओं से संबंधित सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश कर खूब वाहवाही लूटी गई। वहीं प्रिंसिपल मदन लाल ने पाठशाला की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने कहा कि पाठशाला के बच्चों ने नेशनल स्तर की खेलों में भाग लेते हुए पाठशाला के साथ-साथ क्षेत्र का भी नाम रोशन किया है। उन्होंने



**समारोह में बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियों से मोहा सबका मन**

मुख्यातिथि के समक्ष पाठशाला में साइंस कक्षाओं के लिए कैमिस्ट्री, मैथ व फिजिक्स के प्रवक्ताओं की नियुक्ति करवाने की मांग रखी। साथ ही चपरासी के खाली पदों को भी भरवाने का भी निवेदन किया।

वहीं, मुख्यातिथि ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे ले जाने के लिए अध्यापकों के साथ-साथ अभिभावकों की भी मुख्य भूमिका रहती है। अभिभावकों को भी चाहिए कि वे अध्यापको से बच्चों की शिक्षा संबंधी गतिविधियों पर समय - समय पर चर्चा करते रहें, ताकि बच्चे किस विषय में कमजोर हैं उस पर गौर की जा सके। अंत में मुख्यातिथि ने पढ़ाई एवं अन्य गतिविधियों में अव्वल रहे होनहार बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।






# इन पत्तियों से दूर होगी हेयर फॉल की समस्या

*क्या आपके बाल रूखे और बेजान हो चुके हैं? अगर आप हेयर फॉल की समस्या से छुटकारा पाना चाहते हैं तो आपको अपने हेयर केयर रूटीन में मोरिंगा के पत्तों को शामिल कर लेना चाहिए। मोरिंगा के पत्तों में पाए जाने वाले तत्व आपकी हेयर हेल्थ को काफी हद तक इम्प्रूव कर सकते हैं।*

## ऐसे बनाएं हेयर मास्क

**केमिकल** फ्री हेयर मास्क बनाने के लिए सबसे पहले एक कटोरी में 2 बड़े स्पून मोरिंगा के पत्तों का पाउडर और 2 बड़े स्पून एलोवेरा जेल निकाल लीजिए। अब इन दोनों चीजों को अच्छी तरह से मिक्स करके एक पेस्ट तैयार कर लीजिए। आपका नेचुरल हेयर पैक इस्तेमाल करने के लिए रेडी है। मोरिंगा पाउडर और एलोवेरा जेल का मिक्सचर आपके बालों को पोषण देने में मददगार साबित हो सकता है। इसके अलावा इस हेयर मास्क को रेगुलरली इस्तेमाल करके आप हेयर फॉल की समस्या से भी छुटकारा पा सकते हैं। आइए इसे यूज करने के सही तरीके के बारे में जानते हैं।

## ऐसे करें इस्तेमाल



**सबसे** पहले अपने बालों को गीला कर लीजिए। अब गीले बालों पर और उनके सिरों पर अच्छी तरह से इस हेयर मास्क को अप्लाई कर लीजिए। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए आपको 20 से 30 मिनट तक लगाए रखना है। लगभग आधे घंटे के बाद आप हेयर वॉश कर सकते हैं। इस हेयर मास्क को रेगुलरली यूज करने से आपके बालों की खोई हुई नमी वापस लौट आएगी। इतना ही नहीं मोरिंगा और एलोवेरा जेल का मिक्सचर आपकी हेयर फॉल प्रॉब्लम को दूर करने में भी कारगर साबित होगा। सर्दियों के मौसम में भी इस हेयर मास्क का इस्तेमाल किया जा सकता है।

*(नोट : लेख में उल्लेखित सलाह और सुझाव सिर्फ सामान्य सूचना के उद्देश्य के लिए हैं और इन्हें पेशेवर चिकित्सा सलाह के रूप में नहीं लिया जाना चाहिए।)*



## इन चीजों के इस्तेमाल से हफ्तेभर में दूर होगा

# अंडरआर्म्स का कालापन



**डार्क अंडरआर्म्स की परेशानी से सिर्फ महिलाएं नहीं, बल्कि पुरुष भी परेशान रहते हैं। अगर आप भी इन्हें ब्राइट करने के लिए मार्केट से महंगे-महंगे प्रोडक्ट्स का यूज करके थक चुके हैं तो यह आर्टिकल आपके लिए ही है। यहां हम आपको कुछ ऐसी घरेलू चीजों के बारे में बताएंगे, जिन्हें इस्तेमाल करके आप अपने अंडरआर्म्स का कालापन दूर कर सकते हैं।**

### क्यों डार्क हो जाते हैं अंडरआर्म्स

शेविंग और वैक्सिंग : बार-बार शेविंग और वैक्सिंग से त्वचा में जलन और कालापन हो सकता है।

**डियोड्रेंट का यूज :** कुछ डियोड्रेंट्स में ऐसे केमिकल्स होते हैं जो स्किन को डार्क कर सकते हैं।

**ज्यादा पसीना आना :** पसीना आने से बैक्टीरिया पनपते हैं जो त्वचा को काला कर सकते हैं।

**हार्मोनल असंतुलन :** हार्मोनल असंतुलन भी अंडरआर्म्स के कालेपन का कारण हो सकता है।

### उपाय

**नींबूः** नींबू में नेचुरल ब्लीचिंग गुण होते हैं। आप नींबू के रस को सीधे अंडरआर्म्स पर लगा सकते हैं या फिर इसे शहद के साथ मिलाकर लगा सकते हैं। नींबू को रात भर लगाकर सुबह धो लें।

**बेकिंग सोडाः** बेकिंग सोडा एक प्राकृतिक एक्सफोलिएंट है जो डेड स्किन सेल्स को हटाने में मदद करता है। बेकिंग सोडा को पानी के साथ मिलाकर पेस्ट बना लें और इसे अंडरआर्म्स पर लगाएं। 15 मिनट बाद धो लें।

**दहीः** दही में लैक्टिक एसिड होता है जो त्वचा को गोरा करने में मदद करता है। आप दही को अंडरआर्म्स पर लगाकर 15-20 मिनट के लिए छोड़ दें और फिर धो लें।

**हल्दीः** हल्दी में एंटीसेप्टिक और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण होते हैं। हल्दी को पानी या दूध के साथ मिलाकर पेस्ट बना लें और इसे अंडरआर्म्स पर लगाएं।

**आलूः** आलू में भी ब्लीचिंग गुण मौजूद होते हैं। आप आलू को काटकर सीधे अंडरआर्म्स पर रगड़ सकते हैं या फिर आलू का रस निकालकर लगा सकते हैं।

**नारियल का तेलः** नारियल का तेल त्वचा को मॉइस्चराइज करता है और डेड स्किन सेल्स को हटाता है। आप सोने से पहले नारियल का तेल अंडरआर्म्स पर लगा सकते हैं।



### इन बातों का भी रखें ख्याल

**टाइट** कपड़े पहनने से पसीना आता है और इससे अंडरआर्म्स का कालापन बढ़ सकता है। नहाते समय अंडरआर्म्स को अच्छी तरह से साफ करें। नेचुरल और हर्बल डियोड्रेंट का यूज करें। हेयर रिमूवल के लिए ब्लेड का इस्तेमाल न करें, क्योंकि इससे त्वचा में जलन और कालापन हो सकता है।

**(नोट : लेख में उल्लेखित सलाह और सुझाव सिर्फ सामान्य सूचना के उद्देश्य के लिए हैं और इन्हें पेशेवर चिकित्सा सलाह के रूप में नहीं लिया जाना चाहिए।)**



# लौट आएगा त्वचा का खोया हुआ निखार

## केले को दूध और गुलाब जल में मिलाकर बनाएं फेस पैक

**अगर आप भी ग्लोइंग स्किन पाना चाहते हैं तो आपको बनाना फेस पैक को जरूर ट्राई करके देखना चाहिए। केले से फेस पैक बनाने के लिए आपको केले के साथ-साथ दूध और गुलाब जल की जरूरत भी पड़ेगी। घर पर इस नेचुरल फेस पैक को बनाने के लिए आपको सबसे पहले एक केले को अच्छी तरह से मैश कर लेना है। अब आपको मैश्ड केले, कच्चे दूध और गुलाब जल को मिक्स करना है।**

### ऐसे करें इस्तेमाल

**आपको** इन तीनों चीजों को अच्छी तरह से मिलाकर एक पेस्ट तैयार कर लेना है। अब आप इस केमिकल फ्री फेस पैक को अपने चेहरे पर और गर्दन वाले हिस्से पर अप्लाई कर सकते हैं। बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए आपको इस फेस पैक को लगभग 15 मिनट तक लगाकर रखना है। फेस वॉश करने के बाद आपको खुद-ब-खुद पॉजिटिव असर महसूस होने लगेगा। आपके चेहरे का खोया हुआ निखार वापस लौट आएगा और आपकी त्वचा पहले की तुलना में ज्यादा ग्लोइंग लगने लगेगी। आप इस फेस पैक को एक हफ्ते में दो बार इस्तेमाल कर सकते हैं।

### पैच टेस्ट करना न भूलें

**केले,** कच्चे दूध और गुलाब जल में पाए जाने वाले तमाम पौष्टिक तत्व आपकी स्किन के लिए वरदान साबित हो सकते हैं। हालांकि आपको इस फेस पैक को अपने पूरे चेहरे पर अप्लाई करने से पहले पैच टेस्ट करना नहीं भूलना है।



## विधानसभा अध्यक्ष से मिले चुवाड़ी स्कूल के स्टूडेंट्स



धर्मशाला। तपोवन विधानसभा में 14वीं विधानसभा के सप्तम सत्र के दूसरे दिन की कार्यवाही देखने आए राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चुवाड़ी, जिला चंबा के विद्यार्थी विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया से मुलाकात करते हुए। इस दौरान स्कूल के कुछ टीचर्स भी उपस्थित रहे।

## आओ चलें सदन...



शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन सदन की ओर जाते कांग्रेस सरकार के मंत्री और विधायक।

## न्यूज ब्रीफ

### उपभोक्ता 31 से पहले करवाएं ई-केवाईसी

**अनंत ज्ञान, डरोह।** विद्युत उपमंडल डरोह के सहायक अभियंता इंजीनियर सुभाष कुमार ने प्रेस को जारी एक बयान में कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने घरेलू विद्युत कनेक्शन की केवाईसी नहीं करवाई है, वे 31 दिसंबर से पहले पहले विद्युत उपमंडल डरोह के कार्यालय में जाकर करवा लें। इसके लिए जरूरी दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, राशनकार्ड और मोबाइल को साथ रखें। आपका मोबाइल नंबर आधार कार्ड से लिंक होना चाहिए। अगर उपभोक्ता केवाईसी करवाने में सहयोग नहीं करते हैं,तो भविष्य में विद्युत बिल से मिलने वाली सुविधाओं (सब्सिडी) से वंचित रहेंगे और इसके लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे। उन्होंने सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।




### तकीपुर में छात्रों का किया करियर मार्गदर्शन



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में आयोजित करियर काउंसलिंग सत्र में हिमांशु, जो यूरोफिंस, जर्मनी के विश्लेषक हैं, ने लगभग 80 छात्रों को संबोधित किया और उन्हें करियर के विभिन्न पहलुओं पर गहन अंतर्दृष्टि प्रदान की। सत्र में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आरएस गिल ने छात्रों को उच्च शिक्षा के बाद उपलब्ध विभिन्न अवसरों के बारे में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने संस्थान के प्रशासनिक और शैक्षणिक परिदृश्य पर प्रकाश डाला, जिसमें छात्रों को उनके भविष्य की योजनाओं के लिए महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही डॉ. भगवान दास, डॉ. अश्वनी, प्रो. सुरेश, डॉ. प्रीति, प्रो. अमन, डॉ. सुनील, प्रो. मेधा और प्रो. साहिल की उपस्थिति रही, जिन्होंने छात्रों को करियर मार्गदर्शन प्रदान किया। हिमांशु ने अपने व्यावसायिक अनुभवों को साझा करते हुए विस्तार से बताया कि कैसे छात्र अपने करियर में सफलता प्राप्त कर सकते हैं, जिसने छात्रों में करियर के प्रति गहरी समझ और आत्मविश्वास विकसित किया। प्राचार्य का मुख्य उद्देश्य छात्रों में करियर के प्रति जागरूकता और आत्मविश्वास बढ़ाना था। इस सत्र ने न केवल भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डाला, बल्कि छात्रों को उनके व्यावसायिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित भी किया।

### बलाहरा स्कूल को भेंट किए दो ब्लैक बोर्ड




**अनंत ज्ञान, डरोह।** नहांलिया पंचायत के अधीन आने वाले शाहिद लक्खा सिंह राजकीय उच्च विद्यालय बलाहरा स्कूल में किसी दानी सज्जन ने बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए दो ब्लैक बोर्ड और एक माइक भेजा है। मुख्याध्यापक दुनी चंद, स्कूल प्रबंधन कमेटी की प्रधान सीमा देवी और बच्चों के अभिभावकों ने इस पुण्य कार्य के लिए उस अज्ञात व्यक्ति का बहुत-बहुत धन्यवाद किया है । दुनी चंद ने कहा कि हमारे स्कूल में कार्यरत शारीरिक शिक्षक राकेश राणा के प्रयासों से ही यह सब संभव हो पाता है। जो समय-समय पर लोगों से सहयोग की अपील करते रहते हैं। इससे पहले भी किसी दानी सज्जन ने इस स्कूल के लिए चार पंखे और चार कुर्सियां भेजी थीं।

### बरोह में एंबुलेंस वाले जिस व्यक्ति को शराबी बताकर छोड़ गए, वह निकला मृत

**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** उपमंडल फतेहपुर के कस्बा राजा का तालाब के समीपवर्ती बरोह में बुधवार को पंजाब से आई एक एंबुलेंस वाले ने जिस व्यक्ति को शराबी बताकर छोड़ दिया, वह मृत निकला। इस बारे जानकारी देते हुए बरोह निवासी मोहिंदर सिंह ने बताया उनका भाई राकेश करीब 20 वर्ष से पंजाब के बटाला में एक बेकरी पर काम कर रहा था। बीते दिन बेकरी वालों का फोन आया कि राकेश पिछले 4-5 दिन से शराब पी रहा है इसलिए इसे घर ले जाइए। हमने कहा हमारे पास समय नहीं है आप ही छोड़ जाएं। बीते दिन शाम को एक एंबुलेंस राकेश को छोड़ गई, लेकिन उस वक्त एंबुलेंस के ड्राइवर ने कहा इसने शराब पी हुई है इसलिए इसे हिलाना मत हमने भी ऐसा ही किया, लेकिन थोड़ी ही देर में उसका शरीर अकड़ गया। जब डॉक्टर को बुलाया तो उसने कहा यह तो मर चुका है। पंचायत उपप्रधान संजय मिन्हास ने कहा कि बात कुछ और ही प्रतीत होती है उन्होंने प्रशासन से न्याय को अपील की है। वहीं पूर्व मंत्री राकेश पठानिया ने बताया कि उक्त परिवार के साथ बहुत ही बुरा हुआ है । व्यक्ति की मौत के क्या कारण रहे हैं, यह तो पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही पता लगेगा।

## आंगनबाड़ी हेल्पर के 6 पदों के लिए मांगे आवेदन

**बैजनाथ।** बाल विकास परियोजना बैजनाथ के तहत आंगनबाड़ी सहायिका के 6 पदों भरने के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। बाल विकास परियोजना अधिकारी बैजनाथ रणजीत सिंह ने बताया कि ग्राम पंचायत मझेरणा पंचायत के तहत आंगनबाड़ी केंद्र लोअर मझेरणा, नगर पंचायत बैजनाथ पपरोला के तहत आंगनबाड़ी केंद्र खतरेहड़, मुलथान पंचायत के तहत आंगनबाड़ी केंद्र दियोट-2 तथा बीड़ पंचायत के तहत आंगनबाड़ी केंद्र अपर बीड़ ,लोअर बिड व वार्ड 1 में आंगनबाड़ी सहायिका पद के लिए एक पद के लिए इच्छुक प्रार्थी 15 जनवरी को सायं 5 तक कार्यालय बाल विकास परियोजना अधिकारी बैजनाथ में सादे कागज पर सत्यापित आवश्यक प्रमाण पत्र/ दस्तावेजों सहित आवेदन कर सकते हैं। पद के लिए केवल महिला उम्मीदवार जिनकी आयु 18 से 35 वर्ष के बीच हो, वही आवेदन कर सकती है। आवेदनकर्ता की आय 50 हजार से ज्यादा न हो। प्रार्थी उसी सर्वे क्षेत्र की निवासी हो जहां आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका का का पद रिक्त है। साक्षात्कार 23 जनवरी प्रात: 11 बजे एसडीएम बैजनाथ के कार्यालय में होना निश्चित किया गया है।

# हाई वोल्टेज से जलकर राख हुए बिजली के कई उपकरण

## कांगड़ा के मंदिर बाजार के वार्ड 7 में हुआ भारी नुकसान, लोगों में आक्रोश

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

कांगड़ा के मंदिर बाजार स्थित वार्ड नंबर 7 में गत देर रात बिजली की हाई वोल्टेज से कुछ घरों के लोगों के निजी उपकरण जलकर राख हो गए। मंदिर बाजार के वार्ड नंबर 7 के निवासी नीरज चड्ढा ने बताया कि रात करीब 10 बजे के आसपास बिजली की हाई वोल्टेज से उनके घर की 55 इंच की एलसीडी व वाई फाई मॉडम के साथ कुछ लाइटें भी नष्ट हो गई हैं।

वॉर्ड 7 के ही दीपक चुग का कहना है कि उनके घर की भी 16 से 17 कॉन्सिल्ड लाइटें भी इस हाई वोल्टेज से जल गई हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 दिन से भी ज्यादा समय से बिजली की आंख-मिचौनी का यही सिलसिला जारी है। उन्होंने कहा कि इस बाबत जब भी बिजली दफ्तर शिकायत की जाती है तो वहां पर कोई भी फोन नहीं उठाता है। उन्होंने कहा कि कल भी इस बाबत विभाग के नंबरों पर फोन किया तो किसी ने भी फोन नहीं उठाया और थक हर कर उन्होंने जब शिमला स्थित हेल्पलाइन नंबर पर फोन किया तो उन्होंने उनकी बात जेई से करवाई। उन्होंने कहा कि वह अपने व साथ लगते घरों के लोगों के मेन स्विच बंद कर दें। दीपक चुग ने कहा कि उसके थोड़े समय के बाद विभाग द्वारा में सप्लाई बंद कर दी गई व बाद में विभाग के कुछ लड़के आए व पुन: लाइट को ठीक किया गया। उन्होंने कहा कि अगर पहले ही विभाग मेन लाइट को बंद करवा देता तो लोगों का इतना नुकसान न होता।

उधर, इस संदर्भ में विभाग के अधिशाषी अभियंता कांगड़ा आदर्श कुमार से बात की गई तो उन्होंने कहा कि समस्या बंदरों द्वारा तारों पर कूदने की वजह से हुई है। मौके पर विभाग के लड़कों को भेजा गया था, जिन्होंने उसे ठीक कर दिया था। उन्होंने कहा कि शहर के छेब में लगे बड़े ट्रांसफार्मर से अब छोटे ट्रांसफार्मर लगाने व केबल डालने के टेंडर पूरे हो चुके हैं। जल्द ही इस पर कार्य आरंभ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांगड़ावासियों को जल्द ही इस समस्या से छुटकारा मिल जाएगा। (अनंत ज्ञान)



हाई वोल्टेज से जली एलसीडी को दिखाते हुए नीरज चड्ढा और नुकसान की जानकारी देते हुए वार्ड नंबर 7 के निवासी।

## हैप्पी बर्थडे



दलचेहड़ा (हमीरपुर) की गौरी कश्यप को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।



धुंदला (ऊना) के अनमोल शर्मा को जन्मदिवस पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

# किसानों पर मौसम की मार, सूबे में 35 फीसदी गेहूं की बिजाई का काम प्रभावित

## कृषि विशेषज्ञों का मानना, ऐसे ही रहे हालात तो होगा भारी नुकसान

**संजय अग्रवाल, धर्मशाला**

बारिश के बिना प्रदेश के किसानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। भूमि में नमी न होने के कारण प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में अभी तक गेहूं की बिजाई नहीं हो पाई है। कृषि विशेषज्ञों की मानें तो हालात ऐसे ही रहे तो भारी नुकसान होगा। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार हिमाचल प्रदेश में 35 प्रतिशत गेहूं की बिजाई का कार्य प्रभावित हो चुका है तथा अगर वर्षा न हुई तो नुकसान और भी बढ़ सकता है।

प्रदेश के चंगर क्षेत्रों के किसानों को तो गेहूं बिजाई को लेकर भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि यहां की कृषि पूरी तरह से वर्षा पर ही निर्भर है तथा फसल बिजाई का समय हाथा से निकलता जा रहा है। मौसम की मार के चलते गेहूं बिजाई 2 माह लेट चली हुई है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है। नबंवर माह में बिजी की गई गेहूं सूखे की मार के कारण उठ नही पाई है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार नबंवर माह में बिजी गई गेहूं औंस की नमी के कारण भूमि से उठ नही पा रही है। वर्षा न भी हो तो औंस की नमी फसल के लिए बरदान बनती है, मगर इस बार औंस भी पूरी तरहं से नही गिर रही है, जो चिंता का विषय है। कृषि विशेषज्ञों का मानना है कि बदलते जलवायु परिवर्तन के कारण इसका असर कृषि पर साफ देखा जा रहा है। कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि गेहूं की फसल को तीन भागों में बांटा गया है। पहले अरली जोन में समय से पहले बिजाई की गई गेहूं की फसल 25 प्रतिशत तक नुकसान हो चुका है। औंस के कारण गेहूं उठ नही पा रही है। दूसरी टेमली जोन नबंवर में बुआई की जाने वाली गेहूं की फसल 15 प्रतिशत तक प्रभाविज हो चुकी है। वर्षा न होने के कारण अधिकतर किसान नबंवर माह में गेहूं की नही बिजाई कर पाए हैं। लेट जोन में बिजाई की जाने वाली गेहूं की फसल को लेकर कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि अगर इस दौरान वर्षा नही होती है तो इसका असर खेती पर पड़ेगा। अगर आने वाले हफ्तों में बारिश नहीं हुई, तो राज्य के कई हिस्सों में सूखे जैसी स्थिति हो सकती है, क्योंकि सिंचाई योजनाएं भी प्रभावित होंगी। सूखे मौसम की वजह से गेहूं की बुआई प्रभावित हुई है, क्योंकि कांगड़ा, मंडी, कुल्लू, लाहौल स्पीति, सिरमौर, सोलन, ऊना, हमीरपुर, सोलन सहित कई जिलों में मिट्टी में नमी की कमी को लेकर किसान चिंतित हैं। (अनंत ज्ञान)



> **जलवायु** परिवर्तन का असर गेहूं बीजाई पर देखा जा रहा है। अभी तक 35 प्रतिशत गेहूं की बिजाई का कार्य प्रभावित हो चुका है। अगर समय पर वर्षा न हुई तो यह नुकसान बढ़ भी सकता है। मौजूदा समय में गेहूं बिजाई दिसंबर में हो जानी चाहिए, जिसके लिए वर्षा बहुत जरूरी है। अगर अभी भी समय पर वर्षा होती है, तो भी फसल उत्पादन कम होगा।
>
> **-डॉ. लव भूषण, कृषि विशेषज्ञ, कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर**

### प्रदेश के 9.97 लाख परिवार जुड़े हैं कृषि से

**हिमाचल** प्रदेश में कुल 9.97 लाख परिवार कृषि से जुड़े हैं। इसमें करीब 7.50 लाख परिवार गेहूं की बिजाई करते हैं। बारिश न होने से प्रदेश में मुश्किल से लगभग 15 फीसदी क्षेत्र में ही गेहूं की बिजाई हुई है। प्रदेश में इस बार रबी सीजन में 3.24 लाख हेक्टेयर भूमि पर गेहूं की बिजाई का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। प्रदेश में 1,14,381 हेक्टेयर कृषि योग्य भूमि सिंचाई की सुविधा पर निर्भर है। 11.92 फीसदी कृषि योग्य भूमि सिंचाई के दायरे में आती है। प्रदेश की 88.08 फीसदी कृषि योग्य भूमि वर्षा पर निर्भर रहती है।

## बैजनाथ कॉलेज में सॉफ्ट स्किल्स पर दिया व्याख्यान



**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

पीएसआर गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज बैजनाथ के बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन विभाग ने वीरवार को अंग्रेजी के सहायक प्रोफेसर और एक प्रसिद्ध लेखिका डॉ. सुलेक्षणा शर्मा द्वारा प्रस्तुत बिजनेस में सॉफ्ट स्किल्स एंड एम्प्लॉयबिलिटी नामक एक विशेष व्याख्यान की मेजबानी की। डॉ. शर्मा पेशेवर संचार और रोजगार योग्यता कौशल को बढ़ाने में अपनी विशेषज्ञता के लिए प्रशंसित हैं। सत्र में व्यापार जगत में सफलता प्राप्त करने में संचार, टीम वर्क, समस्या-समाधान और अनुकूलनशीलता जैसे सॉफ्ट स्किल्स की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया गया। डॉ. शर्मा ने इस बात पर प्रकाश डाला किशोध के अनुसार 85 प्रतिशत नौकरी की सफलता अच्छी तरह से विकसित सॉफ्ट और लोगों के कौशल से आती है, जबकि केवल 15 प्रतिशत का श्रेय तकनीकी ज्ञान को दिया जाता है।

## कांग्रेस के 13 नेताओं पर मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, पठानकोट।** हलका भोआ के पूर्व विधायक जोगिंदर पाल समेत कांग्रेस पार्टी के 13 नेताओं पर थाना तारागढ़ की पुलिस ने केस दर्ज किया है। इन सभी पर केस दर्ज करने के पीछे का कारण सड़क जाम कर धरना लगाना और 3:30 घंटे तक यातायात प्रभावित कर जरूरी काम में खलन डालना सामने आया है। हैरानी की बात यह है कि धरना 1 दिसंबर को लगाया था, जबकि पुलिस अब नगर पंचायत चुनावों में इस मुद्दे को उजागर कर रही है, जो हैरान कर देने वाली बात है। कांग्रेस के नेताओं ने इसे नगर पंचायत चुनावों में कांग्रेस पार्टी को मिल रहे भारी समर्थन से आप पार्टी का बौखलाना बताया है और राजनीति के चलते केस दर्ज करवाना कहा है। कांग्रेस नेताओं को पीड़ित परिवार का साथ देना महंगा पड़ गया है।



## आस्था

### क्या इस बार भी बोधगया जाएंगे बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा , देश-विदेश के अनुयायियों में संशय

# अभी तक शेड्यूल नहीं तैयार, लाखों अनुयायी निराश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हर वर्ष की भांति इस वर्ष में क्या बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा बोधगया स्थित तिब्बती मंदिर में टीचिंग के लिए जाएंगे, इस पर अभी तक संशय बना हुआ है। धर्मशाला में कई सालों से उनके बोधगया दौरे का शेड्यूल अक्तूबर-नवंबर महीने में ही तैयार हो जाता था, जो इस बार तैयार नहीं हुआ है। इसको लेकर दलाई लामा के देश-विदेशों के लाखों अनुयायियों में थोड़ी निराशा देखी जा रही है। इस दौरान नए साल में बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा की लंबी आयु के लिए पूजा भी की जाती है, जिसमें इसमें 50 से 60 हजार श्रद्धालु शामिल होते हैं, जो कि पूरे विश्व से आते हैं। इसमें भाग लेने नेपाल, भूटान, यूरोप, अमेरिका समेत सभी देशों से श्रद्धालु आते हैं। बिहार के गया में बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा का पिछले एक दशक से दिसंबर के महीने में आगमन और टीचिंग कार्यक्रम होता आ रहा है, लेकिन इस साल दलाई लामा के बोधगया आगमन को लेकर थोड़ा संशय बना हुआ है। कहा जा रहा है कि अगर एक- दो दिनों के भीतर उनके आगमन का शेड्यूल नहीं आता है, तो फिर दलाई लामा का बोधगया आगमन और प्रवास नहीं होगा। भगवान बुद्ध की ज्ञान भूमि बोधगया को बौद्ध धर्मगुरु दलाई लामा पिछले एक दशक से लगातार आ रहे हैं। इस साल भी देश-विदेश से आए बहुत सारे श्रद्धालुओं को उनके आने का बेसब्री से इंतजार है. बोधगया प्रवास के दौरान दिसंबर महीने में ही बौद्ध धर्मगुरु प्रवचन देते हैं, जिसमें लाखों की तादाद में बौद्ध श्रद्धालु शामिल होते हैं। दलाई लामा पिछले कई सालों से दिसंबर के महीने में बोधगया में यात्रा कर रहे हैं। मैक्लोडगंज स्थित उनके निवास से अभी कोई शिड्यूल बोधगया तिब्बती मंदिर के लिए नहीं आया है। बोधगया प्रवास को लेकर थोड़ा संशय बना हुआ है।



### पर्यटन सीजन की टूट सकती है कमर

**टूरिस्ट** गाइड एसोसिएशन बिहार के अध्यक्ष राकेश कुमार के अनुसार हम सभी चाहते हैं कि दलाई लामा का बोध गया दौरे को लेकर जल्द शड्यूल तैयार हो, अगर ऐसा नही हुआ तो पर्यटन सीजन की कमर टूट सकती है तथा होटल व्यवसाय को भी बड़ा झटका लग सकता। दलाई लामा के आगमन को लेकर पहले से हीहोटल एडवांस में बुक हो जाते हैं, ऐसे में सभी को भारी नुकसान भी उठाना पड़ सकता है।

### क्या कहते हैं तिब्बती मंदिर के संचालक आमजी बाबा

**इस** संबंध में तिब्बती मंदिर के संचालक आमजी बाबा बताते हैं कि शेड्यूल अभी नहीं बना है। दलाई लामा के नेपाल, भूटान, यूरोप, अमेरिका समेत सभी देशों से आने वाले अनुयायियों में भारी निराशा देखी जा रही है। सभी दलाई लामा की टीचिंग का इंतजार कर रहे हैं। अभी तक दलाई लामा के आगमन को लेकर किसी भी प्रकार की कोई जानकारी न होने से निराशा बनती जा रही है।

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

### सूचना

**मैं, सुरेखा देवी** (42 वर्ष) पत्नी श्री कुलदीप राज निवासी अप्पर दाड़ी, डा. दाड़ी, तहसील धर्मशाला, जिला कांगड़ा हि.प्र. घोषणा करती हूं कि मेरे बेटे तुषार के जन्म पंजीकरण प्रमाण पत्र में माता का नाम सुरेखा देवी के स्थान पर बबली (सुरेखा) तथा पिता का नाम कुलदीप राज के स्थान पर कुलदीप कुमार गलत दर्ज है। अत: मेरे बेटे तुषार के जन्म पंजीकरण प्रमाण पत्र में इसे दुरूस्त किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

**OFFICE OF THE MEDICAL OFFICER INCHARGE**
**CIVIL HOSPITAL JAISINGHPUR KANGRA (HP) 176095**

No.HFW/MOIC/CHJSP/2024/-368 Dated:-19/12/2024

**PRESS NOTE**

Due to administrative reasons, the tendering process for the Medical Shop at the Civil Hospital campus, as per office letter No. MO/JSP/Quotation/2024/306-307 dated 30-11-2024, is hereby postponed until further notice. The submission deadline for the aforementioned tender has been kept same till 20-12-2024, by 2:00 PM.

As stated in letter No. MO/JSP/ Quotation/2024/306-307, we assure all stakeholders that the tendering process will proceed in an orderly manner once the postponement period concludes. The quotation will be opened upon receiving the necessary approvals from higher authorities.

Medical Officer Incharg Medical
Civil Hospital, Jaisinghpur

## न्यूज ब्रीफ

### गणित मॉडल प्रदर्शनी में 182 मॉडल प्रदर्शित



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल हीरानगर में बीजगणित, तर्क और संख्या सिद्धांत थीम पर बने गणित मॉडलों की प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी में विद्यालय के तीसरी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने लगभग 182 मॉडल्स बनाकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में विद्यालय प्रधानाचार्य शशि वाला ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। गणित विभाग के अध्यापकों संजय ठाकुर, हरदीप, अभिषेक, नवीन, अंजू व मीना ने प्रदर्शनी में पहुंचने पर मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। प्रदर्शनी में विभाजन मशीन, गणित शहर, आकार, तराजू व वर्ग आदि मॉडलों को खूब सराहना मिली। कार्यक्रम समन्वयक चंद्र किरण व गणित विभाग के अध्यापकों को कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रधानाचार्य ने खूब सराहना की।

### नुक्कड़ नाटक से बताईं सरकार की योजनाएं



**नादौन।** ग्राम पंचायत कश्मीर (टेहली) व सरेड़ी में सूचना जन संपर्क विभाग के नटराज कला मंच नादौन के कलाकारों द्वारा गीत-संगीत व लघु नाटक के माध्यम से एससी ओबीसी व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार व प्रसार किया गया। कला मंच के प्रधान राजीव जस्सल ने बताया कि दिव्यांग छात्रों को पढ़ने के लिए 625 से 5000 तक छात्रवृत्ति दी जा रही है। घर बनाने के लिए 150000 रुपए का प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। दिव्यांगों की शादी के लिए 25000 से 50000 रुपए दिए जाते हैं। वहीं, अंतरजातीय विवाह करने पर 50000 की प्रोत्साहन राशि दी जाती है। एमएसपी देने वाला हिमाचल पूरे भारतवर्ष में पहला राज्य बना इसके अलावा मुख्यमंत्री सुख श्री योजना बाय टैक्सी स्टार्टअप योजना 36000 किसानों को प्राकृतिक खेती से जोड़ते हुए 30 प्रति किलो मक्की और 40 प्रति किलो गेहूं की खरीद आरंभ कर दी गई है। इस अवसर पर कश्मीर ग्राम पंचायत प्रधान सुरजीत कुमार, उपप्रधान देवराज, वार्ड पंच सपना, विनोद, अश्वनी, ग्राम पंचायत सरेड़ी प्रधान राजेश कुमार, वार्ड पंच कमलेश कुमारी आदि मौजूद रहे।

### जरूरतमंद परिवार की मदद के लिए बढ़ाए हाथ



**एसके शर्मा, जाहू।** शहीद अंकुश ठाकुर सेना मेडल चैरिटेबल ट्रस्ट ने भलवानी पंचायत के ठारा गांव में एक जरूरतमंद परिवार की मदद करने के लिए अपने हाथ आगे बढ़ाए हैं। ट्रस्ट ने इस जरूरतमंद परिवार को 11000 रुपए की आर्थिक मदद प्रदान की है। बता दें कि भलवानी पंचायत के ठारा गांव में इस परिवार पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है। एक साल में दो नौजवान बेटों और अब पति की मृत्यु से विद्या देवी व उसकी दो बहुओं पर मुसीबत बन आई है। ट्रस्ट की अध्यक्षा उषा रानी ने बताया कि इस परिवार में अब पांच बच्चे और तीन औरतें हैं। घर में कोई भी कमाने वाला पुरुष नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि ट्रस्ट ने उनकी जरूरत को देखते हुए उनकी आर्थिक मदद की है। उषा रानी ने इस परिवार की मदद करने की अन्य लोगों से भी अपील की है। परिवार की महिलाओं ने सरकार से भी आर्थिक मदद करने की मांग उठाई है। इस दौरान ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अनिल ठाकुर, राकेश और मनीष सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

### राज्य निदेशक ने किया आरसेटी का निरीक्षण



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के राज्य निदेशक रमेश चंद डडवाल ने वीरवार को मट्टन सिद्ध स्थित पंजाब नेशनल बैंक आरसेटी हमीरपुर के परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने महिला 'बैंक-सखी' के 6 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की प्रतिभागियों के साथ संवाद भी किया। राज्य निदेशक ने कहा कि बैंकिंग सुविधाओं एवं योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने में 'बैंक-सखी' महिलाएं बहुत बड़ी भूमिका अदा कर सकती हैं। वे आम लोगों को विभिन्न सुविधाएं प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें ऋण योजनाओं का लाभ उठाने तथा अपने उद्यम या कारोबार स्थापित करने के लिए प्रेरित कर सकती हैं। रमेश चंद डढवाल ने बैंक-सखी से कई योजनाओं के संबंध में महत्वपूर्ण फीडबैक भी लिया। इस अवसर पर पीएनबी आरसेटी हमीरपुर के निदेशक अजय कुमार कतना ने राज्य निदेशक का स्वागत किया तथा उन्हें संस्थान की विभिन्न गतिविधियों एवं उपलब्धियों की जानकारी दी। संस्थान के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी भी इस मौके पर उपस्थित रहे।

### सांसद खेल महाकुंभ भाग-3 पर की चर्चा



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सांसद खेल महाकुंभ भाग-3 में खिलाड़ियों को भाग लेने के लिए टीम के पंजीकरण को लेकर एवं तैयारी को लेकर वीरवार को मंडल हमीरपुर में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता युवा मोर्चा के अध्यक्ष दीक्षित गौतम ने की। बैठक में मुख्य रूप से जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष कपिल शर्मा, मंडल अध्यक्ष आदर्श कांत, मंडल महामंत्री सुरेश सोनी, राजेश ठाकुर, पूर्व कौशल निगम के अध्यक्ष नवीन शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी विकास शर्मा सहित अन्य युवा मौजूद रहे। बैठक में कपिल मोहन शर्मा ने कहा कि जिस तरह से सांसद खेल महाकुंभ भाग 1 व 2 सफल तरीके से आयोजित किए गए, जिसमें हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के हजारों खिलाड़ियों ने भाग लिया। उसी तरह भाग 3 सांसद खेल महाकुंभ में खिलाड़ी भाग लेंगे। कपिल शामा ने कहा की हमारा पंजीकरण का कार्यक्रम चला हुआ है और हमीरपुर मंडल में भी इसको 5 जोन में बांटा गया है। इसमें कमेटी का गठन कर दिया गया है और 24 दिसंबर तक है। इसमें क्रिकेट, वॉलीबाल और कबड्डी की टीमों का पंजीकरण ऑनलाइन माध्यम से कर रहे हैं। युवा मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि जो भी खिलाड़ी या टीम इन तीनों खेलों में भाग लेना चाहते हैं, वे हमारे दिए गए वेबसाइट से पंजीकरण करवा सकते हैं। कपिल शामा ने बताया कि अभी तक ग्रामीण स्तर की टीमों ने अपने पंजीकरण करवा लिए हैं और इसमें कोई भी स्कूल-कॉलेज या क्लब की टीमें इसमें पंजीकरण करवा सकते है। इस दौरान मीटिंग में दीक्षित गौतम, अजय शुक्ला, अक्षु, विकास, रोबिन, सौरभ आदि युवा मौजूद रहे।

### महिला श्रद्धालु ने दियोटसिद्ध मंदिर के सुपरवाइजर पर लगाए संगीन आरोप

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** दियोटसिद्ध बाबा बालक नाथ मंदिर पिछले कुछ महीनों से काफी चर्चा में रहा है, अब महिला श्रद्धालु द्वारा मंदिर में तैनात सुपरवाइजर पर कई तरह के संगीन आरोप लगाए हैं। इस मामले कि शिकायत महिला ने 1100 नंबर पर की थी। इसके चलते महिला के साथ अभद्र व्यवहार और अश्लील मैसेज भेजने की बात भी सामने आई है। महिला ने सुपरवाइजर के इस व्यवहार से तंग आकर बड़सर पुलिस थाना में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस के अनुसार महिला की शिकायत पर जो मामला दर्ज किया गया है, जिसके अनुसार बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध के सुपरवाइजर राकेश कुमार महिला के साथ बदतमीजी करता था और अश्लील मैसेज भी भेजता था, जिसकी वजह से महिला पिछले कुछ समय से काफी परेशान थी। बड़सर पुलिस थाना प्रभारी प्रवीण राणा ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

# 70 वर्ष से अधिक बुजर्गों का आयुष्मान भारत योजना में होगा निशुल्क इलाज

## प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत आयुष्मान ऐप की सहायता से खुद बना सकेंगे कार्ड

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

केंद्र सरकार द्वारा 70 या 70 वर्ष से अधिक बुजुर्गों को निशुल्क इलाज करवाने के आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शुरू की है, जिसके चलते हिमाचल प्रदेश में भी हिम केयर योजना से 70 वर्ष से अधिक बुजुर्गों को इस योजना से बाहर कर दिया गया है।

हालांकि, अधिकतर बुजुर्गों को इसके बारे में जानकारी नहीं है और इलाज के लिए अस्पताल पहुंच रहे हैं, उस समय उन्हें यह जानकारी मिल रही है कि हिम केयर योजना से उनका इलाज नहीं होगा। इससे पहले सरकारी व निजी अस्पतालों में हिम केयर योजना के तहत निशुल्क इलाज करवाया जा सकता था, लेकिन प्रदेश सरकार ने निजी अस्पतालों में हिम केयर योजना को पूर्ण रूप से बंद कर दिया है। हिम केयर योजना का उपयोग निजी अस्पतालों में किया जा रहा था और अधिकतर पैसा इस योजना से प्रदेश सरकार का खर्च हो रहा था।



सिविल अस्पताल हमीरपुर के बाहर बैठक बरिष्ठ नागरिक व अन्य।

अब सरकारी अस्पतालों में ही हिम केयर योजना के कार्ड मान्य हैं, जबकि 70 वर्ष से अधिक बुजुर्ग अब आयुष्मान योजना के तहत ही इलाज करवा सकेंगे। बता दें कि हिमाचल प्रदेश सरकार के चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान विभाग द्वारा भी अधिसूचना जारी कर दी गई है जिसमें राज्यपाल हिमाचल प्रदेश शिव प्रताप शुक्ल ने 70 वर्ष या इससे अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत तुरंत प्रभाव से सम्मिलित करने के आदेश जारी किए हैं।

इसके तहत अब वरिष्ठ नागरिकों का इलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत सरकारी व निजी अस्पतालों में हो सकेगा। हालांकि अधिकतर वरिष्ठ नागरिकों के पास आयुष्मान भारत कार्ड नहीं है, लेकिन वह इन्हें किसी भी लोकमित्र केंद्र या आयुष्मान भारत ऐप से स्वयं बना सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

**सरकारी और प्राइवेट अस्पताल में होगा 5 लाख तक का इलाज**

इस बारे में मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रवीण चौधरी ने बताया कि यदि वरिष्ठ नागरिक के पास हिम केयर कार्ड है तो उसका आसानी से आयुष्मान भारत कार्ड बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान भारत कार्ड से वरिष्ठ नागरिकों का सरकारी या प्राइवेट अस्पताल में कहीं पर भी 5 लाख रुपए तक इलाज की सुविधा मिलेगी।

### सरकारी स्कूलों को बेहतर बनाना हम सभी का दायित्व : डॉ. पुष्पेंद्र



झटवाड़ स्कूल में वार्षिक पारितोषिक समारोह धूमधाम से मनाया गया।

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राजकीय उच्च पाठशाला झटवाड़ में वार्षिक पारितोषिक समारोह धूमधाम से मनाया गया। इस वार्षिक पारितोषिक समारोह में वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, जिनका स्कूल मुख्याध्यापक केसर सिंह, एसएमसी प्रधान सुभाष चंद एवं इंदुबाला व स्टाफ ने स्वागत किया तथा उन्हें टोपी, शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

बच्चों ने इस मौके पर हिमाचली शादी का बहुत ही सुंदर दृश्य प्रस्तुत किया, जिस पर सभी ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ बच्चों की हौसला अफजाई की। डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने इस अवसर पर कहा कि सरकारी स्कूलों को बेहतर बनाना हम सब का दायित्व है। उन्होंने कहा कि शिक्षा चाहे किसी भी क्षेत्र चाहे खेल में, चाहे संगीत में, चाहे नृत्य में है, उसका एक ही मकसद है बच्चों के अंदर आत्मविश्वास पैदा करना क्योंकि आत्मविश्वास ही हमें जीत की ओर अग्रसर करता है।

कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि ने स्कूल के मेधावी छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर पूर्व उपप्रधान जिला कांग्रेस कमेटी बांका राम शर्मा, पृथ्वी चंद, सेवानिवृत्ति एसडीओ दीपचंद, संतोष कुमारी, सपना देवी, रेखा देवी, चंचलो देवी, पूरे बीडीसी विवेक शर्मा, डॉ. मनोहर, सेवानिवृत्त मुख्य अध्यापक संदेश कुमार एवं झटवाड़ के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### भोरंज में युवक से चरस बरामद

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** पुलिस थाना भोरंज के तहत पुलिस की टीम ने गश्त के दौरान विनोद कुमार निवासी गांव व डाकखाना, तहसील भोरंज के कब्जे से 63 ग्राम चरस (भांग) बरामद की है।

उपरोक्त व्यक्ति को गिरफ्तार करके एनडीपीएस अधिनियम की धाराओं के अधीन थाना भोरंज में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि मामला दर्ज कर छानबीन जारी है।

### एनआईटी में शोधकर्ता और शिक्षाविद् महत्वपूर्ण पहलुओं पर डालेंगे प्रकाश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर का इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग विभाग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, डिजिटल संचार और सिग्नल प्रोसेसिंग (एआईडीसीसीएसपी) पर बहुप्रतीक्षित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी करने के लिए तैयार है।

यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम दुनिया भर से शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों, उद्योग के पेशेवरों और छात्रों को एआई-संचालित प्रौद्योगिकियों, उन्नत संचार प्रणालियों और सिग्नल प्रोसेसिंग के क्षेत्र में नवीन प्रगति साझा करने और गंभीर चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक साथ लाता है। सम्मेलन में गतिविधियों की एक प्रभावशाली श्रृंखला शामिल होगी, जिसमें डॉ. रविंदर सिंह का मुख्य भाषण भी शामिल होगा।

एनआईटी हमीरपुर के निदेशक प्रो. एचएम सूर्यवंशी ने कहा कि एआईडीसीसीएसपी 2024 नवाचार और अनुसंधान की भावना को प्रदर्शित करता है।

### वार्ड नं. चार में घर से 12.63 लाख रुपए चोरी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** सदर थाना हमीरपुर के तहत मनीष नंदा पुत्र मनोहर लाल नंदा निवासी मकान संख्या 80 वार्ड नंबर 4 शिवनगर की शिकायत पर पंजीकृत हुआ है कि उसके घर में किसी अज्ञात व्यक्ति ने घुस कर 12 लाख 63 हजार रुपए चुरा लिए हैं। पुलिस ने चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि चोरी का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### पिता के सौ साल पुराने घर को हेरिटेज लुक दे रहीं ललिता जसवाल



**संजीव चौहान, टौणी देवी।** बेशक आधुनिकता के युग में गांव भी कंक्रीट के जंगल बनते जा रहे हैं, लेकिन हमीरपुर जिले के बलोह पंचायत की ललिता जसवाल अपने पिता शूरवीर सिंह के पुराने घर को विरासत के रूप में हेरिटेज लुक दे रही हैं। ललिता जसवाल बेशक अपनी एनजीओ के सिलसिले में अधिकतर दिल्ली और गुड़गांव में रहती है, लेकिन जब भी मौका मिलता है सौ साल पुराने घर की देखभाल करने गांव पहुंच जाती है। ललिता जसवाल ने बताया कि उनके पिता शूरवीर सिंह समाजसेवी रहे हैं। उन्हीं के कदमों पर चलते हुए आज वह भी समाजसेवा में जुटी हुई हैं। श्रेष्ठा कुमारी मेमोरियल ट्रस्ट बिरड़ी बलोह 16 अक्तूबर 1989 से समाज के जरूरतमंदों लोगों की मदद कर रहा है। ललिता जसवाल के मुताबिक पिता ने घर के अंदर टॉयलेट, बाथरूम और गंदे पानी के लिए अंडरग्राउंड व्यवस्था कर स्वच्छता का सुंदर संदेश कई दशक पूर्व ही दे दिया था। पिता द्वारा स्वच्छता को लेकर किए गए इस कार्य की उस वक्त खूब चर्चा भी हुई थी। आज हर घर में टॉयलेट का कॉन्सेप्ट होने के बावजूद गांव के रास्तों पर गंदा पानी बहते देख दुख होता है। ललिता जसवाल के अनुसार स्वच्छता के साथ-साथ बच्चों को अच्छे संस्कार देने में महिलाओं का योगदान महत्वपूर्ण है। बच्चों पर नशा हावी न हो, इसके लिए माताओं का जागरूक होना जरूरी है।

# केंद्रीय विद्यालय के छात्रों को करियर पर दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय हमीरपुर में शारीरिक शिक्षा करियर परामर्श सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में शारीरिक शिक्षा से जुड़े शिक्षाविद सुनील कपिल सेवानिवृत्त सहायक जिला शारीरिक शिक्षा अधिकारी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित हुए।

उन्होंने बताया कि आजकल की भाग दौड़ वाली जिंदगी में हर कोई अपने आप को फिट रखना चाहता है, ऐसे में यदि करियर विकल्प ही ऐसा मिल जाए जिसमें खुद तो फिट रहें ही, साथ ही दूसरों को भी फिट बनाकर अच्छे पैसे कमाए जा सके तो बात ही निराली होती है।

शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में करियर के बेहतरीन विकल्प मौजूद हैं, चाहे वह शिक्षक के रूप में उपलब्ध हो या प्रशिक्षक के रूप में। इनके अलावा भी पर्सनल ट्रेनर, खेल प्रबंधन, रक्षा एवं पुलिस सेवाओं में नौकरी के अवसर मौजूद है। अगर व्यवसाय की बात करें तो खेल से जुड़े उपकरणों का ज्ञान रखने वाले व्यक्ति भी इस क्षेत्र में अच्छा व्यवसाय कर सकते हैं। आजकल की भाग दौड़ वाली जिंदगी में अपने आप को फिट रखने और अपने कार्य की गुणवत्ता को बनाए रखना अहम कार्य है। इस अवसर पर प्राचार्य सुनील चौहान ने बच्चों को खेलकूद के साथ अपने आप को फिट रखना और मन लगाकर पढ़ाई करना और शारीरिक शिक्षा के क्षेत्र में व्यवसाय के तौर पर या खिलाड़ी के तौर पर अपने आप को स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।



राम

### भाजपा की नई कार्यकारिणी बड़सर के मुद्दों पर ध्यान दे : रूबल ठाकुर

**एसके ठाकुर, बड़सर।** एनएसयूआई के राष्ट्रीय सचिव रूबल ठाकुर ने कहा कि बड़सर में बनी भाजपा की नई कार्यकारिणी मुख्यमंत्री को कोसने कि बजाए बड़सर के मुद्दों पर ध्यान दे। रूबल ने कहा कि पिछले 10 वर्षों से केंद्रीय विद्यालय के नाम पर ढटवाल के लोगों के साथ माजाक कर रही है। हाल ही में हमीरपुर लोकसभा में 4 केंद्रीय विद्यालय तो मिले, पर बड़सर के लोगों को केंद्र सरकार ने झुंझुना दे दिया। रूबल ने आरोप लगाते हुए कहा कि इसके साथ विधायक इंद्रदत्त लखनपाल भी बताएं की केंद्र में भाजपा की ही सरकार है तो बड़सर विधानसभा के लिए वह कौन सी बड़ी परियोजना लेकर आ रहे हैं। भाजपा लोगों को गुमराह करना बंद करे और क्षेत्र के कामों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि इससे पहले प्रदेश में भाजपा की सरकार थी तो भाजपा सरकार ने बड़सर विधानसभा क्षेत्र को क्या दिया। ढटवाल क्षेत्र के बिझड़ी खुरपड़ी के पास विद्यालय के लिए 70 कनाल जमीन खोजी गई थी और कुछ वर्ष पहले प्रारंभिक तौर पर केंद्रीय विद्यालय की कक्षाएं गर्ल स्कूल बिझड़ी में लगाने की बात भी हुई थी, लेकिन इस बार जब प्रदेश को चार केंद्रीय विद्यालय मिले हैं तो उनमें से ढटवाल क्षेत्र का नाम गायब है। अनुराग सिंह ठाकुर के संसदीय क्षेत्र के रोड़ी कुठेड़ा (जसवां परागपुर विस क्षेत्र जिला कांगड़ा), अप्पर भंजाल (गगरेट विधानसभा) व नंदपुर (चिंतपूर्णी) पुणे में केंद्रीय खोलने की स्वीकृति दी गई है। अब ढटवाल के स्थानीय लोगों में केंद्रीय विद्यालयों के नाम की घोषणा होने के बाद से चर्चा का माहौल गर्म है। लोगों का कहना है कि विकास के मामले में ढटवाल क्षेत्र की हमेशा अनदेखी की गई है। यहां आज दिन तक कोई भी बड़ा इंस्टिट्यूट स्थापित नहीं हो पाया है।

### तीन युवकों से की मारपीट

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** सदर थाना हमीरपुर में अंकित ठाकुर पुत्र नरेंद्र सिंह गांव मक्कड़ डा. खात्र करेर तहसील बड़सर के बयान पर पंजीकृत हुआ है। शिकायतकर्ता के अनुसार वह छोटी मोटी ठेकेदारी का काम करता है तथा गत 18 दिसंबर को वह अपने दोस्त अभिषेक व अखिल सांगल के साथ घूमने-फिरने गए थे तथा समय करीब 3 बजे के करीब जब वे गलोट पुल के पास पहुंचे तो वहां पर तीन लड़के आए और उन्होंने शिकायतकर्ता व उसके दोस्तों का रास्ता रोक कर मारपीट कर दी। उनमें से दो के हाथ में डंडे व एक के पास दराट था जिन्होंने इन तीनों को बिना किसी कारण से हाथ में पकड़े डंडों व दराट से पीटना शुरू कर दिया। दराट का उन्होंने उल्टे तरफ से प्रयोग किया जिस कारण वे तेजधार चोट से बच सके। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# साहब! उठाऊ पेयजल योजना की नई पाइप लाइन से पानी की आपूर्ति होगी बाधित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

ग्राम पंचायत देइ का नौण का प्रतिनिधिमंडल पूर्व प्रधान रंजन शर्मा की अगुवाई में जिलाधीश से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त से मिलकर टिक्कर चलोखर उठाऊ पेयजल योजना के तहत नई पाइपलाइन, पंप हाउस, डैम आदि का कार्य चल रहा है, उसको लेकर अपनी आपत्ति दर्ज करवाई।

ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 1990 में जब उक्त योजना सुचारु रूप से शुरू हुई थी, तब से चार इंच की पाइप से स्रोत से टैंकों तक पानी पहुंचाया जा रहा था जिससे पूरे क्षेत्र में तीसरे दिन मात्र एक घंटे के लिए जलापूर्ति संभव हो पाती है और मौजूदा पाइपलाइन मात्र दो से ढाई इंच डाली जा रही है, जो कि खानापूर्ति के अलावा कुछ नहीं है, जिससे लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने उपायुक्त को बताया कि टिक्कर चलोखर उठाऊ पेयजल योजना से पांच पंचायतों के बीस से ज्यादा गांव के लोगों को पानी की आपूर्ति की जाती है। अगर अब दो से ढाई इंच की पाइपलाइन डाली जाएगी, तब गांव में पानी की आपूर्ति बाधित होगी और लोगों को पानी के लिए भटकना पड़ेगा।



प्रतिनिधिमंडल ने कहा-पांच पंचायत के लोगों से सौतेला व्यवहार नहीं किया जाएगा सहन।

प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि 1990 में 100 से ज्यादा सरकारी नल हुआ करते थे, जबकि आज 2024 में 1500 से ज्यादा निजी नल घरों में लगे हुए हैं। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन व सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि जहां एक और नादौन शहर को 24 घंटे पानी देने की बात हो रही है व भोरंज और हमीरपुर में दिन में दो बार पानी दिया जा रहा है तब देइ का नौण कुठेड़ा, टिब्बी, री व चबूतरा के निवासियों से सौतेले व्यवहार को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रतिनिधि मंडल में वार्ड सदस्य सुलोचना देवी, पूर्व वार्ड सदस्य कांता देवी, किशोरी लाल, एसपीएल रेखा, सिमरो, संदला देवी, राहुल, पवन, डिंपल, रेनू, मुकेश, सुरेश कुमार राठौर, एडवोकेट सहित गांववासी मौजूद रहे।

### 31 दिसंबर तक ई-केवाईसी करवाएं धनेटा के बिजली उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, नादौन।** विद्युत उपमंडल धनेटा के सहायक अभियंता सुनील कुमार ने बताया कि उपमंडल के जिन कनेक्शन धारकों ने अभी तक अपनी ई-केवाईसी नहीं करवाई है, उनकी ई-केवाईसी के लिए एक बार फिर विशेष अभियान चलाया गया है तथा विभिन्न पंचायतों के लिए तिथियां निर्धारित की गई हैं। इन तिथियों की जानकारी के लिए पंचायत प्रधान से भी संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा क्षेत्र के विद्युत कनेक्शन धारक 31 दिसंबर तक उपमंडल कार्यालय धनेटा में आकर भी ई-केवाईसी करवा सकते हैं। ई-केवाईसी के लिए आधार कार्ड, राशन कार्ड, बिजली के बिल और आधार से लिंक्ड मोबाइल नंबर अनिवार्य है।

### नवोदय विद्यालय में प्रवेश परीक्षा के रोल नंबर करें बेवसाइट से डाउनलोड

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में छठी कक्षा में प्रवेश के लिए 18 जनवरी को होने वाली प्रवेश परीक्षा के रोल नंबर एवं प्रवेश पत्र वेबसाइट सीबीएसई आईटीएमएस.रोल.जीओवी.इन से डाउनलोड किए जा सकते हैं। जवाहर नवोदय विद्यालय डूंगरी के प्राचार्य विक्रम कुमार ने बताया कि रोल नंबर एवं प्रवेश पत्र की डाउनलोडिंग में कोई दिक्कत आ रही है तो किसी भी कार्य दिवस को सुबह 10 से दोपहर एक बजे तक विद्यालय के कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा संबंधित प्राथमिक खंड शिक्षा अधिकारी के कार्यालय में भी संपर्क किया जा सकता है। प्राचार्य ने बताया कि अभ्यर्थी को प्रवेश कार्ड में दिए किए परीक्षा केंद्र पर ही परीक्षा देनी होगी। उसे अन्य परीक्षा केंद्र में प्रवेश नहीं मिलेगा।

**तैयारी** राज्य चुनाव आयुक्त ने अधिकारियों के साथ की पंचायत चुनाव संबंधित बैठक

# क्यूआर कोड से होगी मतदान पेटियों की स्कैनिंग और ट्रैकिंग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

वर्ष 2025-26 में संभावित पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव के लिए राज्य चुनाव आयोग की ओर से आवश्यक तैयारियों के संबंध में वीरवार को राज्य चुनाव आयुक्त अनिल खाची ने हमीर भवन में हमीरपुर जिले के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर अनिल खाची ने कहा कि अभी इन चुनावों के लिए काफी ज्यादा समय है, लेकिन इनकी प्रक्रिया के संबंध में सभी संबंधित अधिकारी अपडेट रहेंगे और इनके लिए आवश्यक प्रबंध करेंगे तो चुनाव के समय उन्हें कोई भी दिक्कत सामने नहीं आएगी।

निर्वाचन प्रक्रिया को सुचारु ढंग से तथा किसी भी तरह के अनावश्यक विवाद के बगैर संपन्न करवाया जा सकेगा। अनिल खाची ने कहा कि संबंधित अधिकारी जिला में मतदान पेटियों की उपलब्धता, इनकी मरम्मत, पेंटिंग एवं आइलिंग-ग्रीसिंग और स्टोरेज इत्यादि की समीक्षा करके आयोग को इसकी रिपोर्ट प्रेषित करें। इस बार हर मतदान पेटी पर क्यूआर कोड लगाया जाएगा। इससे इनकी स्कैनिंग और ऐप के माध्यम से ट्रैकिंग की जा सकेगी।



पंचायत चुनाव को लेकर जिले के अधिकारियों के साथ बैठक करते अनिल खाची।

चुनाव सामग्री और स्टेशनरी के सामान इत्यादि का आवंटन भी इन्वेंटरी मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से किया जाएगा, इसलिए, सभी तरह की सामग्री का पूरा रिकॉर्ड रखें, पुरानी अनावश्यक एवं आउटडेटेड सामग्री को नियमानुसार डिस्पोज करवाएं और पूरे स्टॉक के आकलन के बाद ही डिमांड भेजें। राज्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि पंचायतों के पुनर्गठन, डिलिमिटेशन, वार्ड बंदी, आरक्षण और मतदाता सूचियों में पंजीकरण के समय आयोग के दिशा-निर्देशों की अक्षरश: अनुपालना होनी चाहिए। इनके ड्राफ्ट के प्रकाशन की सूचना का आम लोगों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार होना चाहिए, ताकि लोग अपने दावे या आपत्तियां दर्ज करवा सकें और चुनाव के समय अनावश्यक याचिकाओं से बचा जा सके। इसके लिए प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, सोशल मीडिया और नोटिस बोर्ड के अलावा लाउड स्पीकरों एवं अन्य पारंपरिक साधनों का प्रयोग भी किया जा सकता है। इन प्रचार गतिविधियों का पूरा रिकॉर्ड भी रखें।

मतदाता सूचियां इलेक्टोरल रोल्स मैनेजमेंट सिस्टम (ईआरएमएस) के माध्यम से तैयार की जाएंगी। बैलेट पेपर तैयार करते समय अत्यंत सावधानी बरती जानी चाहिए। इसके अलावा कई अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए। बैठक में राज्य चुनाव आयोग के अधिकारी संजीव महाजन ने निर्वाचन से संबंधित विभिन्न प्रबंधों की जानकारी दी। इस अवसर पर उपायुक्त अमरजीत सिंह ने राज्य चुनाव आयुक्त और आयोग के अन्य अधिकारियों का स्वागत किया।

बैठक में एडीएम राहुल चौहान, सभी एसडीएम, तहसीलदार, बीडीओ, पंचायतीराज विभाग और अन्य विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

### पशुपालकों से दुग्ध सहकारी सभाओं से जुड़कर अपनी आय बढ़ाने की अपील

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पशुपालकों को सरकार की विभिन्न योजनाओं से अवगत करवाने तथा उन्हें दुग्ध उत्पादन के माध्यम से अपनी आय बढ़ाने के लिए प्रेरित करने हेतु अमलैहड़ पंचायत में विशेष सभा आयोजित की गई। पंचायत प्रधान सोनिया की अध्यक्षता में हिम गंगा योजना के तहत आयोजित इस विशेष सभा में क्षेत्र के पशुपालकों को कई महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर दुग्ध अभिशीतन केंद्र जलाड़ी की अधिकारी सुनीता देवी और शिवानी शर्मा ने पशुपालकों से सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि दुग्ध उत्पादन से पशुपालकों को घर में ही अच्छी आय हो सकती है। दुग्ध के सही विपणन के लिए वे स्थानीय स्तर पर दुग्ध सहकारी सभाओं का गठन कर सकते हैं। इसके लिए सरकार की ओर से भी मदद की जाती है। उन्होंने पशुपालकों को सहकारी सभाओं के गठन और संचालन की प्रक्रिया के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी।

## न्यूज ब्रीफ

### खेती बचाने के लिए गंभीर प्रयास करे सरकार

**मंडी।** हिमाचल किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष करम राम ने किसानी में आ रहे संकट के बारे में मुख्यमंत्री सुक्खू को पत्र लिखकर ध्यान आकर्षित किया है। करम राम ने कृषि संकट से मुक्ति दिलाने के लिए शीघ्र ही कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि गांव के छोटे किसान अपनी भूमि से वर्षभर के लिए अन्न की जरूरत पूरी कर लिया करते थे, परंतु आज बेसहारा पशुओं और बंदरों के आतंक के कारण खेती संकट में आ गई है, जिससे आंगन में बोई क्यारियां भी सुरक्षित नहीं रही हैं। आज किसानों को खेती छोड़ने के लिए विवश होना पड़ा है।

### एसआईयू टीम ने किए चिट्टे के साथ दो काबू

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** पुलिस थाना सरकाघाट के तहत एसआईयू टीम ने नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए दो व्यक्तियों को चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी सरकाघाट-घुमारवीं सुपर हाईवे पर ककड़ोह के पास मोही के नजदीक हुई। पुलिस के अनुसार अभिषेक उर्फ अबू निवासी नबाही और अमित पटियाल निवासी तताहर को उस समय रोका गया जब वे मोही से नबाही की ओर पैदल जा रहे थे। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से 1.91 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया। थाना प्रभारी रजनीश ठाकुर ने मामले की पुष्टि की है।

### जिला परिषद की साधारण बैठक स्थगित

**अनंत ज्ञान, शिमला।** जिला परिषद शिमला की साधारण बैठक जो 21 दिसंबर 2024 को प्रातः 11 बजे बचत भवन उपायुक्त कार्यालय शिमला में होनी सुनिश्चित हुई थी, उसको प्रशासनिक कारणों से आगामी आदेशों तक स्थगित कर दिया गया है। यह जानकारी जिला परिषद सचिव ने दी।

### नशे के खिलाफ छात्र किए जागरूक

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** मानव कल्याण सेवा समिति चोपाल ने नशा मुक्त भारत अभियान की उपयोजना सीपीएलआई के तहत उपमंडल ठियोग के अंतर्गत संतोष उच्च विद्यालय सैंज और वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ठियोग में शिविर का आयोजन किया। शिविर में पीयर एजुकेटर और उनके 120 पीयर वॉलंटियर्स ने भाग लेकर छात्रों को नशे के प्रति जागरूक किया। मानव कल्याण सेवा समिति के निदेशक केशव राम लोधटा ने विद्यालय के छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि नशे की समस्या आज समाज के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुकी है, इससे निजात पाने के लिए हरेक वर्ग को गंभीरता से प्रयास करने होंगे।

### पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में करिश्मा प्रथम



**दशमी रावत, रोहड़ू।** रेड रिबन क्लब राजकीय महाविद्यालय सीमा की ओर से विश्व एड्स दिवस जागरूकता अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन प्राचार्य डा. ललिता रावत व नोडल अधिकारी रेड रिबन क्लब सीमा डा. रवि किरण शर्मा, डॉ. अश्विनी शर्मा, डॉ. महेंद्र सिंह, लोकइंद्र व डॉक्टर रघुवीर सिंह के निर्देशन में किया गया। इस अभियान के दौरान आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में करिश्मा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि अंजुल ने द्वितीय व जितेंद्र ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। नारा लेखन प्रतियोगिता में पूनम ने प्रथम स्थान, प्रतिभा ने द्वितीय व ओशीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा, रील मेकिंग प्रतियोगिता में दिव्य चौहान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, अदिति शर्मा ने द्वितीय और प्राणजल नायक ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### बीबीएमबी नहर में गिरे सांभर को निकाला बाहर

**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** बीबीएमबी नहर में दीरवार सुबह एक सांभर गिर गया। राह चलते कुछ युवकों ने जब सांभर को देखा तो उन्होंने वन विभाग की टीम को सूचित किया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और उन्होंने स्थानीय युवकों की सहायता से सांभर को पानी से बाहर निकाल लिया। पानी से बाहर निकाल कर सांभर को नहर किनारे की सड़क पर रख गया। थोड़ी देर धूप लगाने के उपरांत सांभर वहां से भाग गया और आगे चलकर ढांक से गिर गया जहां उसकी मौत हो गई। इस संदर्भ में वन विभाग की टीम ने पशुपालन विभाग तथा धनोटू पुलिस को भी सूचित किया तो पशुपालन विभाग की टीम व पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। वन विभाग पशुपालन विभाग व पुलिस की टीम ने सांभर को कब्जे में लेकर अन्य औपचारिकताएं पूर्ण कर उसका अंतिम संस्कार कर दिया। वन विभाग सुंदर नगर के उप अरण्यपाल राकेश कटोच ने सांभर के नहर में गिरने की पुष्टि की है।

### साई फाउंडेशन ने अस्पतालों को दिए नए 98 बेंच व स्टूल



**अनंत ज्ञान, शिमला।** नगर निगम शिमला व साई फाउंडेशन के संयुक्त तत्वाधान में अस्पतालों को 98 नए स्टूल व बैंच दिए गए। आईजीएमसी अस्पताल को 70 स्टूल व 24 बैंच वितरित किए गए। अस्पताल के एमएस डॉ. राहुल राव ने मेयर सुरेंद्र चौहान से सीएसआर के तहत सहयोग की मांग की थी। ऐसे में ओपीडी के बाहर व अन्य जगहों पर मरीजों की सुविधा के लिए इन 24 बैंचों को लगाया जाएगा। कमला नेहरू व दीन दयाल उपाध्याय अस्पताल के लिए साईं संस्था द्वारा 14-14 स्टूल दिए गए हैं। नगर निगम महापौर सुरेंद्र चौहान ने बताया कि नई शुरुआत के तौर पर साईं इंटरनल फाउंडेशन द्वारा तीनों अस्पतालों को स्टूल व बैंच वितरित किए गए हैं। नगर निगम ने साईं फाउंडेशन से परोपकार की अपील की। जिसके बाद संस्था ने तीनों अस्पतालों को कुल 98 बैंच व स्टूल वितरित किए। इंटरनल संस्था के जीएम देश राज गांधी ने बताया कि महापौर के आग्रह पर आईजीएमसी अस्पताल में 70 स्टूल व 24 बेंच दिए गए। इसके अलावा डीडीयू के लिए 14 व केएनएच अस्पताल के लिए 14 स्टूल दिए गए हैं।

---

मेडिकल मोबाइल वैन को उपायुक्त मुकेश ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना, कहा-

# जिले में शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में हो रहा सुधार

**अनंत ज्ञान, चंबा**

एनएचपीसी के पावर प्रोजेक्ट चमेरा-2 द्वारा सीएसआर के तहत जिला चंबा को एक मेडिकल मोबाइल वैन प्रदान की गई जिसका विधिवत शुभारंभ उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने जिला मुख्यालय चंबा में किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि एनएचपीसी द्वारा जिला चंबा में शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में सीएसआर के तहत महत्वपूर्ण योगदान दिया जा रहा है जिससे जिला चंबा में शिक्षा व स्वास्थ्य के क्षेत्र में सुधार हो रहा है। उन्होंने पावर प्रोजेक्ट चमेरा-2 द्वारा प्रदान की गई मोबाइल मेडिकल वैन के लिए परियोजना प्रबंधकों व प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त किया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. बिपन ठाकुर ने बताया कि इस मेडिकल मोबाइल वैन का उपयोग जिला चंबा में ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, मलेरिया, हेपेटाइटिस, डेंगू तथा थायराइड इत्यादि रोगों से संबंधित जांच के लिए किया जाएगा



मेडिकल मोबाइल वैन को रवाना करने के दौरान उपायुक्त व साथ हैं अन्य।

तथा रोगियों को निशुल्क दवाइयां भी प्रदान की जाएंगी। इसके अलावा जटिल रोगों से संबंधित मामलों को नजदीक के अस्पतालों में रैफर किया जाएगा। इस मोबाइल मैडीकल यूनिट में स्थापित पैथ लैब मशीन के द्वारा विभिन्न प्रकार के रक्त परीक्षण भी किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि इस मेडिकल मोबाइल वैन का रूट चार्ट सीएमओ कार्यालय के निर्देशानुसार निर्धारित किया जाएगा तथा यह सुनिश्चित किया जाएगा कि जिला के सभी ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों में एक निर्धारित समयावधि के दौरान यह निशुल्क चिकित्सा सुविधा लोगों को उनके घर द्वार पर मिले।

इस अवसर पर पावर प्रोजेक्ट चमरा-2 के परियोजना प्रमुख यूके नंद ने बताया कि जिला प्रशासन चंबा के मार्गदर्शन में सीएसआर के तहत शिक्षा व स्वास्थ्य सहित अनेक जनहित से जुड़े कार्य जिला चंबा में उनकी ऑर्गेनाइजेशन द्वारा किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जिला के ग्रामीण व दूरदराज क्षेत्रों में लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने की मकसद से आज एक मोबाइल मेडिकल वैन शुरू की गई है। इस अवसर पर एडीएम अमित मेहरा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बिपन ठाकुर, चमेरा-2 के परियोजना प्रमुख यूके नंद, एचआर प्रमुख जनेश, सीएसआर प्रमुख अलोक रंजन तथा फाइनेंस प्रमुख हेमंत कुमार उपस्थित रहे।

### मंडी में नशे में धुत शिक्षक निलंबित

**मंडी।** प्रदेश के मंडी जिला के बल्ह उपमंडल के प्राथमिक स्कूल का एक शिक्षक आजकल सुर्खियों में बना हुआ है जिसका वीडियो बुधवार देर शाम तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो में शिक्षक नशे में धुत कुर्सी पर बैठकर खर्राटे लेता हुआ नजर आ रहा है।

स्थानीय लोगों को जब इसकी जानकारी प्राप्त हुई तो शिक्षक का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। जब इस घटनाक्रम की जांच की गई तो पाया गया की शिक्षक का नाम यादविंद्र है और बल्ह उपमंडल के प्राथमिक स्कूल दूसरा खाबू में कार्यरत है। वायरल वीडियो की बात करें तो उसमें एक व्यक्ति उक्त स्थान पर पहुंचकर इसका वीडियो बनाता है और शिक्षक से पूछता है कि आप ऐसी स्थिति में स्कूल क्यों आए हो तो उस पर शिक्षक कहता है कि वो छुट्टी पर है। शिक्षक नशे में इतना धुत था कि वो वीडियो बनाने वाले व्यक्ति को भी सोने के लिए कह रहा था। वहीं, प्रारंभिक शिक्षा उप निदेशक विजय गुप्ता ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि जांच रिपोर्ट के आते ही शिक्षक को निलंबित कर दिया गया है और आरोपी शिक्षक को बीईईओ द्रंग द्वितीय में हेड क्वार्टर भेज दिया गया है। जिसमें मनमर्जी के अवकाश और इधर उधर जाने के लिए भी अनुमति लेनी जरूरी होगी।

# डलहौजी में धड़ल्ले से बिक रहे प्रतिबंधित तंबाकू उत्पाद

**मुकेश कुमार, डलहौजी**

▶ सार्वजनिक स्थानों पर लोग करते हैं गुटखा-खैनी का प्रयोग

वैसे तो हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा तंबाकू उत्पादों पर पूर्णत: प्रतिबंध लगा रखा है। बावजूद इसके डलहौजी व इसके आसपास के क्षेत्रों में धड़ल्ले से इन उत्पादों की बिक्री हो रही है। युवा पीढ़ी शौकीन तौर पर जमकर सेवन कर रहे हैं। जो सभी कायदे कानूनों को धत्ता दिखाकर सरेआम इसका उल्लंघन कर रहे हैं। प्रसिद्ध नगरी डलहौजी हुए इसके आसपास के क्षेत्रों में पान, बीड़ी, सिगरेट बेचने वाली सभी दुकानों में तम्बाकू धड़ल्ले से उत्पाद बिक रहे है।

प्रतिबंधित तंबाकू उत्पाद सीमा पर तस्करों द्वारा दुकानदारों तक बड़े पैमाने पर पहुंचाए जा रहे हैं। प्रतिबंधित तंबाकू उत्पादों पर कार्रवाई के लिए सरकार द्वारा कई विभागों को शक्तियां सौंपी गई हैं लेकिन सीधे-सीधे किसी भी विभाग द्वारा कार्रवाई नहीं होती। जिसके चलते इन तस्करों और दुकानदारों के हौसले बुलंद हैं।

बीते काफी समय से सरकार द्वारा प्रदेश में अधिनियम लागू कर गुटखा, खैनी व अन्य तंबाकू उत्पादों के भंडारण, विक्रय और उत्पादन पर प्रतिबंध लगाया गया था। जिसका उल्लंघन करते पाए जाने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी तय की गई थी लेकिन मौजूदा समय में मानों यह सब कागजों और फाइलों तक ही सीमित रह गया है। धरातल पर बहुत कम ही कार्रवाई हो रही।

सार्वजनिक स्थानों पर भारी संख्या में लोग गुटखा-खैनी का प्रयोग करते और थूकते आम दिखाई पड़ते हैं, लेकिन रोकने टोकने वाला कोई नहीं है। इस बारे में जब उपमंडलाधिकारी डलहौजी नागरिक अनिल भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रशासन ने पुलिस प्रशासन व पंचायत स्तर पर जिम्मेदारियां सौंपी गई है अगर वह इस पर कोई उचित कार्रवाई नहीं कर रहे हैं तो शीघ्र ही प्रशासन द्वारा छापामारी कर प्रतिबंध तंबाकू उत्पाद बेचने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई अमन में लाई जाएगी।

थाना डलहौजी प्रभारी युद्धवीर सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस प्रशासन समय-समय पर सार्वजनिक स्थलों पर ऐसे उत्पादन का इस्तेमाल करने वालों के खिलाफ चालान करता आ रहा है और भविष्य में भी ऐसी कार्रवाइयों को जारी रखेगा।

---

## पेंशनरों को किया सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंबा**



कार्यक्रम के दौरान मौजूद पेंशनर।

हिम आंचल पेंशनर संघ के स्थापना दिवस के अवसर पर पेंशनर संघ ईकाई ककीरा के सदस्यों द्वारा स्थापना दिवस पर पूर्ण चंद की अगुवाई में धूमधाम से मनाया गया।

संघ के सदस्यों द्वारा 80 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर दुनी चंद पुत्र हरदेव, चंद्र शेखर पुत्र श्याम लाल व शांति देवी, नथु राम को टोपी व शाल पहनाकर सम्मानित किया गया। स्थापना दिवस पर पेंशनरों ने हिस्सा लिया। इसके पश्चात पेंशनरों की लंबित मांगों पर भी विचार-विमर्श करते हुए वक्ताओं ने संशोधित ग्रेजुएटी, कंपटेशन की बकाया राशि का भुगतान, महंगाई भत्ते की जारी दो किश्तों का एरियर, चिकित्सा बिलों की अदायगी शीघ्र करने हेतु सरकार से आग्रह किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर ईकाई अध्यक्ष पूर्ण चंद, महासचिव मोहिन्द्र ठाकुर, अशोक कुमार, ब्रिज लाल ,अमर सिंह, मोहन गुरुंग, तिलक सिंह, राम बहादुर, सोम राज, मीनाक्षी थापा के अलावा अन्य सदस्य मोजूद रहे।

## छात्राओं को चाइल्ड हेल्पलाइन से किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, चंबा**

चाइल्ड हेल्पलाइन चंबा द्वारा राजकीय महाविद्यालय लिल्ह कोठी के छात्रों व प्राध्यापकों के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों व अध्यापकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। कार्यक्रम में संबंधित क्षेत्र के भारतीय सेना में सेवारत युवा पैरा कमांडो कमलेश ठाकुर मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। जबकि महाविद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य एवं इतिहास विषय के प्राध्यापक अनित ठाकुर विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्यातिथि को शाल, टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान चाइल्ड



जागरूकता कार्यक्रम के दौरान मौजूद छात्राएं व अन्य।

हेल्पलाइन समन्वयक कपिल शर्मा द्वारा चाइल्ड हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर 1098 की विस्तृत जानकारी दी व मुफ्त चाइल्ड हेल्पलाइन फोन सेवा 1098 के माध्यम से अनाथ अर्ध-अनाथ, स्कूल छोड़ चुके, घर से भागे हुए, मानसिक और शारीरिक शारीरिक रूप से अक्षम, शोषित, अति निर्धन, बाल विवाह से ग्रसित, बाल-मजदूरी से ग्रसित, छेड़छाड़ से पीड़ित व अन्य किसी भी कारण से शोषित बच्चों हेतु चाइल्ड हेल्पलाइन के माध्यम से दी जाने वाली सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।

उपस्थित प्रतिभागियों को पोक्सो अधिनियम के संबंध में भी जागरूक किया गया। मुख्यातिथि द्वारा अपनी सफलता के अनुभव सांझा किए गए और विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत करने हेतु प्रेरित किया गया। महाविद्यालय के कार्यकारी प्रधानाचार्य द्वारा मुख्यातिथि की सफलता व उज्ज्वल भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गई व विद्यार्थियों को मुख्यातिथि द्वारा बताई बातों पर अमल करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने चाइल्ड हेल्पलाइन के कार्यप्रणाली की प्रशंसा की और भविष्य में इसी तरह के जागरुकता कार्यक्रम के पुन: आयोजन हेतु भी सुझाव दिया।

जागरूकता कार्यक्रम में महाविद्यालय के लगभग 150 विद्यार्थियों सहित महाविद्यालय में सेवारत अंग्रेजी विषय के प्राध्यापक सुरेश कुमार, चाइल्ड हेल्पलाइन के केस वर्कर चैन सिंह, लविंदर कुमार व नान टीचिंग स्टाफ ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

### कलाकारों ने लोगों को बताया राजस्व लोक अदालतों का महत्व

**शिमला।** सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के भगवती सांस्कृतिक मंडल शंठा के कलाकारों द्वारा शवाला व चड़ोली, जयश्री लोक नृत्य कला मंच के कलाकारों द्वारा देवरा व बड़ा गांव, वंदना कला रंगमंच के कलाकारों द्वारा डुबलू व जनेड़ घाट, हिमाचल कला मंच सरोग के कलाकारों द्वारा चयोग व बलग, शिव कल्चरल ग्रुप हलोग (धामी) के कलाकारों द्वारा भराड़ी व जस्सी शिवरंजनी कला मंच के कलाकारों द्वारा छेला व गुम्मा, स्वर साधना कला मंच के कलाकारों द्वारा कोटी व कुफरी द्वारा ठाकुरद्वारा व सेरी में लोगों को नुक्कड़ नाटक व गीत संगीत के माध्यम से जागरूक किया गया।

## चंबा-भरमौर राष्ट्रीय मार्ग की हालत खस्ता, लोग परेशान

**आनंद ज्ञान, डलहौजी**

चंबा-भरमौर राष्ट्रीय उच्च महामार्ग 154 ए पर स्थित गांव तलगुट के पास मुख्य मार्ग संकरा एवं क्षतिग्रस्त है जहां पर बीते 2 सालों में करीब चार दुर्घटनाएं घट चुकी हैं जिनमें चार व्यक्ति मौत का भी शिकार हो चुके हैं। लेकिन पिछली दुर्घटनाओं के बावजूद भी ना तो न प्राधिकरण में इस भाग को खुला करने की जहमत उठाई और ना ही टूटी फेंसिंग को ही ठीक करवाया जो कभी भी किसी वाहन को दोबारा दुर्घटना का शिकार बन सकती हैं।

हालांकि मणिमहेश यात्रा के दौरान एक पंजाब नंबर गाड़ी जो दुर्घटना का शिकार हुई थी। उस दुर्घटना के बाद न प्राधिकरण ने मात्र खाना पूर्ति करते हुए दुर्घटना वाली जगह पर महज पत्थर लगाकर पल्ला झाड़ लिया किंतु न तो विभाग ने संकरी जगह की दोनों तरफ किसी तरह के चेतावनी बोर्ड लगाए हैं। मणिमहेश यात्रा हुए भी काफी समय बीत चुका है और सर्दियां शुरू होते ही बारिश और बर्फबारी का दौर जारी हो जाएगा, एनएच प्राधिकरण ने घटित हुई दुर्घटनाओं से किसी तरह का कोई सबक न लेते हुए अभी तक उक्त मार्ग पर कोई भी कार्यवाही को अंजाम नहीं दिया है। एनएच प्राधिकरण के अधीक्षक अभियंता नेबताया कि अब यह मामला उनके संज्ञान में आ गया है और जल्द ही इस जगह की उचित रिपेयर मेंटेनेंस करवा दी जाएगी।

## ग्रामीणों को बताईं सरकारी योजनाएं

**अनंत ज्ञान, चंबा**

सूचना एवं जन संपर्क विभाग से संबद्ध बंदना कला मंच के कलाकारों द्वारा आज जिला के गांव द्रड्डा और भनौता में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को सरकार द्वारा कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

कलाकारों ने गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अनुसूचित जाति वर्गों के कल्याण के लिए कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई तथा उपस्थित जन-जन को नशा निवारण के विषय में भी जागरूक किया गया। ग्रामीणों को अवगत करवाया गया कि किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने गाय व भैंस से न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ौतरी की गई है। गाय



कलाकार नुक्कड़ नाटक से जागरूक करते हुए।

का दूध 38 रुपए प्रति लीटर से बढ़ाकर 45 रुपए प्रति लीटर तथा भैंस का दूध 47 रुपए प्रति लीटर से बढ़ाकर 55 रुपए प्रति लीटर किया गया है।

कलाकारों ने लोगों बताया कि प्रदेश सरकार ने प्राकृतिक खेती से उगाए गए गेहूं के लिए 40 रुपए प्रति किलो और मक्के के लिए 30 रुपए प्रति किलो का समर्थन मूल्य तय किया गया है ऐसा करने में हिमाचल प्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है। प्रस्तुत किए गए कार्यक्रम में पंचायत प्रतिनिधियों सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

---

| सूडोकु | 0021 | | | | | | ★★★★★ मध्यम | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु 0020 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

20 दिसंबर, 2024, शुक्रवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** मार्गशीर्ष, **तिथि** पंचमी (10:51): **नक्षत्र** मघा (03:48), **पक्ष :** कृष्ण **योग :** विष्कुम्भ (06:10) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (11:58-12:39), **राहुकाल** (11:01 -12:18)।

### विशेष दिन

» 20 दिसंबर : रणकपुर महोत्सव आज से होगा शुरू।

» 21 दिसम्बर : सूर्य कल से होंगे उत्तरायण।

**मेष:** आज का दिन आपको आगे बढ़ाने वाला होगा और आपका कॉन्फिडेंस बहुत मजबूत होगा, जिसकी वजह से अपने कई कामों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे।

**वृषभ:** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहेगा आपको अपने निजी जीवन और पेशेवर जीवन में तालमेल बिठाना पड़ेगा। इससे आपको एक राहत महसूस होगी।

**मिथुन:** आज का दिन अनुकूलता लेकर आएगा और आप किसी बात पर बहुत सोच विचार करेंगे। आपको पता लगेगा कि आपने अब तक क्या खोया है और क्या पाया है।

**कर्क:** आज का दिन मजबूत है। आप जिन परेशानियों से चिंतित थे, आज कोई इलाज आपको मिल जाएगा। व्यापार मजबूत रहेगा और कोई नया आईडिया व्यापार में लगाएंगे।

**सिंह:** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहेगा। आप अपने जीवनसाथी से अच्छा तालमेल बिठाने में कामयाब रहेंगे। प्रेम जीवन जीने वालों को दिक्कतें आ सकती हैं।

**कन्या :** आज का दिन सामान्य रहेगा। सेहत की चिंता रहेगी। इनकम अच्छी रहेगी लेकिन अपनी संतान को लेकर कुछ परेशानी महसूस करेंगे। दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा।

**तुला:** आज का दिन फलदायक रहेगा। आज अपने दिल की सुनें और किसी भी इच्छा को दबाने की कोशिश ना करें। मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी। खर्चे थोड़े रहेंगे।

**वृश्चिक:** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहेगा और भविष्य को ध्यान में रखकर आज आप कुछ नया करने का प्रयास करेंगे। आपकी ऊर्जा बहुत अधिक रहेगी।

**धनु :** दिन बढ़िया रहेगा। जरूरी काम से जाना पड़ सकता है। नौकरी में अधिक प्रयास करेंगे, जिससे अपने काम को लोगों के सामने ला सकें। व्यापार में अच्छे नतीजे मिलेंगे।

**मकर :** दिन उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा। आज समय व्यर्थ की बातों में ना करें और अपने जीवन की प्राथमिकताओं पर ध्यान दें। काम के सिलसिले में अच्छे नतीजे हासिल होंगे।

**कुंभ :** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहेगा। परिवार वालों ने आपकी तारीफ करेंगे जिससे आपका दिल खुश हो जाएगा। परिवार वालों का शुक्रिया व्यक्त करेंगे।

**मीन :** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहेगा। इनकम सामान्य रहेगी मगर खर्चे बढ़ेंगे। मानसिक तनाव से मुक्ति पाने के लिए मेडिटेशन करें। इनकम ठीक रहेगी।

## पटड़ीघाट स्कूल के होनहारों पर खूब बरसे इनाम

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

उपमंडल सरकाघाट के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धनेड (पटड़ीघाट) में वार्षिक पुरस्कार वितरण परितोषण समारोह बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस पार्टी के महासचिव पवन ठाकुर ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

पाठशाला परिसर में पहुंचने पर स्थानीय लोगों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जिसके बाद पाठशाला की प्रधानाचार्य उर्मिला चन्देल ने



मेधावियों को पुरस्कार देते हुए सामूहिक चित्र में।

मुख्यातिथि का स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया। स्कूल के बच्चों ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी उपस्थित जनों का मन मोह लिया। बच्चों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि पवन ठाकुर ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद और अन्य गतिविधियों में भी बढ़-चढ़कर भाग लें। पवन ठाकुर ने कहा, हर बच्चा देश का भविष्य और हमें गर्व होना चाहिए कि बच्चे एक दिन देश की सेवा करेंगे।

## महिला स्वच्छता पर किया जागरूक

**दशमी रावत, रोहड़ू**



लाल बहादुर शास्त्री राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सरस्वती नगर में महिला प्रकोष्ठ, आईसीसी, यौन उत्पीड़न रोकथाम समिति द्वारा सिविल अस्पताल आईसीटीसी एसटीआई रोहड़ू के सहयोग से एचआईवी, एड्स, हेपेटाइटिस व महिला स्वच्छता पर आधारित जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। सत्र की अध्यक्षता कॉलेज के प्राचार्य डॉ पी.पी. चौहान ने की। वहीं उसके बाद डॉ.कृतिक मेहता अपनी टीम के सदस्यों के साथ व महिला प्रकोष्ठ, आईसीसी, यौन उत्पीड़न रोकथाम समिति की अध्यक्ष एवं संयोजक डॉ. मोनिका रैना मौजूद रही। सत्र की शुरुआत डॉ.संजीव, डॉ. एनडी भारद्वाज का हिंदी विभाग द्वारा मुख्यातिथि के तौर पर संसाधन व्यक्ति के स्वागत के साथ हुआ।

## लोग सुशासन सप्ताह के तहत कार्यक्रमों में ले भाग : अनिल

**अनंत ज्ञान, डलहौजी**

उपमंडल कार्यालय डलहौजी में 19 दिसंबर से 23 दिसंबर तक 'प्रशासन गांव की ओर' कार्यक्रम के अंतर्गत सुशासन सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है।



इस बात की जानकारी उपमंडलाधिकारी डलहौजी नागरिक अनिल भारद्वाज ने दी है। उन्होंने बताया कि इस मौके पर आम जनता की समस्याओं का मौके पर ही निपटारा करना तथा जनकल्याण तथा लाभकारी योजना के बारे में लोगों को जागरूक करने आती कार्य शामिल रहेंगे।

उन्होंने बताया कि इस मौके पर समस्त विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहेंगे। उपमंडल अधिकारी डलहौजी नागरिक ने क्षेत्र वासियों से अपील की है कि सुशासन सप्ताह के तहत आयोजित कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें ताकि मौके पर ही समस्याओं का निपटारा किया जा सके तथा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारियां भी मिल सके।

इस कार्यक्रम के तहत 21 दिसंबर को औसल ,भदरोट, रुलायनी तथा मनोला के पंचायत भवनों में इस कार्यक्रम का आयोजन सुबह साढ़े ग्यारह बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक किया जाएगा।

## नशे में गाड़ी चलाना व मोबाइल सुनना एक कानूनी अपराध : शक्ति सिंह

**अनंत ज्ञान, जुन्गा (शिमला)**

राजकीय महाविद्यालय चायल कोटी में सड़क सुरक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता डीएसपी शिमला शक्ति सिंह ने की।



उन्होंने कार्यशाला में मौजूद उपस्थित विद्यार्थियों और स्टाफ सदस्यों को सड़क सुरक्षा बारे कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हर व्यक्ति को सड़क सुरक्षा नियमों की अनुपालना करना अनिवार्य हो गया है। उन्होंने कहा कि बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं लोगों के लिए बहुत घातक सिद्ध हो रही है।

वाहन को चलाते हुए मोबाईल सुनना, शराब पीकर गाड़ी चलाना तथा ऊंची आवाज में स्टीरियो बजाना एक अपराध है। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक परिवहन में यदि कोई वाहन चालक नशे में गाड़ी चलाता है अथवा मोबाइल सुन रहा हो तो उसे तुरंत रोका जाना चाहिए और इसकी सूचना पुलिस को दी जानी चाहिए। इसके अतिरिक्त लोगों को सड़क पार करते हुए भी ध्यान रखना चाहिए। रेड लाइट का हर वाहन चालक को अनुसरण किया जाना चाहिए इत्यादि नियमों बारे जानकारी दी गई।

उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि यातायात नियमों बारे अपने गांव पड़ोस में सभी जागरूक करें। उन्होंने सड़क सामुदायिक पोलिसिंग की जानकारी दी।

अनंत ज्ञान

क्लासीफाइड

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

सूचना

**मैं, राधा देवी** पत्नी श्री बबलू निवासी गांव छोटी निहार डाकघर गंगोटी, तहसील लडभडोल, जिला मंडी (हि.प्र.) घोषणा करती हूं कि मेरे बेटे के जन्म प्रमाण पत्र में मेरे बेटे का नाम ANMOL व मेरा नाम RADHA व मेरे पति का नाम BABLU गलत दर्ज है जबकि मेरे बेटे का सही नाम PIYUSH व मेरा नाम RADHA DEVI व मेरे पति का नाम BABLOO है। अत:सिविल अस्पताल बैजनाथ के अभिलेख में मेरे बेटे का सही नाम PIYUSH व मेरा नाम RADHA DEVI व मेरे पति का नाम BABLOO दर्ज किया जाए। सभी संबंधित नोट करें।

याद रखिए सबसे बड़ा अपराध, अन्याय सहना और गलत के साथ समझौता करना है। -सुभाष चंद्र बोस

## संपादकीय

# गेस्ट टीचर पॉलिसी पर बवाल

हिमाचल प्रदेश में आजकल गेस्ट टीचर पॉलिसी चर्चा का विषय बनी है। इस पॉलिसी का भारी विरोध शुरू हो गया है। जैसे ही सुक्खू सरकार ने पॉलिसी लागू करने की मंजूरी दी तो उसके अगले दिन से ही विरोध शुरू हो गया। बेरोजगार संघों के अलावा छात्र संगठन भी गेस्ट टीचर पॉलिसी को वापस लेने की मांग कर रहे हैं। पॉलिसी के खिलाफ एबीवीपी, एसएफआई और एनएसयूआई लामबंद हो गए हैं। इन छात्र संगठनों को यह पॉलिसी रास नहीं आ रही है। इस पॉलिसी में आखिर ऐसा क्या है कि जिसका विरोध हो रहा है? क्या यह पॉलिसी वाकई बेरोजगारों के लिए नुकसानदायक है। सरकार पॉलिसी को आवर्ली बेस्ड टीचर बता रही है। यानी सरकार घंटों के हिसाब से टीचिंग पीरियड की ही सैलरी देगी। सरकार यह भी कह रही है कि यह सिर्फ पार्ट टाइम व्यवस्था है और रेगुलर भर्ती पर इस पॉलिसी का कोई असर नहीं पड़ेगा, लेकिन विरोध पर उतरे छात्र संगठन इस तर्क से सहमत नहीं हैं और शांत होने का नाम नहीं ले रहे हैं। प्रदेश सरकार किसी विषय के टीचर के छुट्टी पर जाने की अवधि में ही गेस्ट टीचर की सेवाएं पीरियड के आधार पर लेने की सफाई भी दे रही है। दूसरी ओर विपक्षी भाजपा इस मसले पर सरकार को घेरने पर आमादा है। विपक्ष कह रहा है कि सरकार की गेस्ट टीचर पॉलिसी न सिर्फ युवाओं, बल्कि छात्रों के लिए भी घातक है, जबकि सरकार दावा कर रही है कि सेवाएं एक महीने में दस दिन से ज्यादा नहीं ली जाएंगी। नई व्यवस्था सरकार इसलिए कर रही है ताकि किसी टीचर के छुट्टी पर जाने से बच्चों की पढ़ाई एक दिन भी प्रभावित न हो। हालांकि, सरकार की सोच भी कुछ हद तक ठीक नजर आ रही है।

सरकार ने एजुकेशन पॉलिसी पर खास फोकस किया हुआ है। दूसरी अहम बात यह है कि सरकार वित्तीय रूप से गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रही है। गेस्ट टीचर पॉलिसी पर सवाल शायद इसलिए भी उठ रहे हैं कि एक तरफ जहां प्रदेश में युवा बेरोजगार घूम रहे हैं, वहीं सरकार इस तरह की पॉलिसी लाकर शिक्षा के स्तर को सीधा नीचे धकेलने का काम कर रही है, क्योंकि इससे शिक्षा के प्रति न तो गंभीरता होगी और न ही गुणवत्ता रहेगी। सुक्खू सरकार की ओर से प्राइमरी, सीनियर सेकेंडरी और कॉलेजों के लिए लाई जा रही गेस्ट टीचर्स पॉलिसी के तहत प्राइमरी स्कूल में पीरियड के हिसाब से 200 रुपए, अपर प्राइमरी में 250 रुपए, सेकेंडरी स्कूल में 400 रुपए और कॉलेज में पढ़ाने के लिए 500 रुपए प्रति लेक्चर दिए जाएंगे। अगर यह वाकई कोई भ्रांति है तो युवा वर्ग को गुमराह नहीं होना चाहिए। सच्चाई यह है कि स्कूलों में समय अंतराल की व्यवस्था को बनाए रखने के लिए जहां सेवानिवृत्त अध्यापक उपलब्ध होंगे, उन्हें पीरियड आधार पर रखा जाएगा, इसलिए युवाओं को घबराने की कोई आवश्यकता नहीं है। सरकार उनके प्रति पूरी तरह संवेदनशील है और सभी पढ़े लिखे बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर मुहैया करवाने के पूरे प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार ने शिक्षा विभाग में छह हजार से अधिक भर्तियां की हैं। कहीं न कहीं सरकार के दावे में दम लग रहा है मगर सरकार इस मसले पर भी घिरती जा रही है कि कांग्रेस ने सत्ता में आने से पहले युवाओं को 58 साल तक पक्की नौकरी देने का वादा किया था, लेकिन अब गेस्ट टीचर भर्ती पॉलिसी लाकर आज यह सरकार युवाओं के साथ किए गए उस वादे को भूलकर उनके साथ खिलवाड़ करने पर उतर आई है। इस हिसाब से देखा जाए, तो विरोध तर्कसंगत लगता है।

पॉलिसी कोई भी हो, लेकिन सबके लिए फायदेमंद हो। प्रशिक्षित बेरोजगार संघ को भी सरकार की यह पॉलिसी पसंद नहीं आ रही है। उनका कहना है कि सरकार ने एक लाख नौकरियों का वादा किया था, लेकिन पूरा नहीं हुआ। युवाओं ने दावा किया कि 257 लोगों को ही सरकारी क्षेत्र में रोजगार दिया गया है। अगर सरकार इस युवा विरोधी पॉलिसी को वापस नहीं लेती है तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा। आजकल धर्मशाला में शीतकालीन सत्र के दौरान विधानसभा का घेराव बेरोजगार कर सकते हैं। बहरहाल,गेस्ट टीचर पॉलिसी पर जंग जारी है। ऐसे में सरकार को चाहिए कि वह विरोध करने वाले लोगों के सवालों का जवाब देकर उन्हें संतुष्ट करवाए। गेस्ट टीचर पॉलिसी की अच्छाई बताए कि इससे कोई बेरोजगार नहीं होगा। ■

# गोवा का स्वतंत्रता संग्राम पुर्तगालियों से मुक्ति का द्योतक

लूट मार, छीना झपटी चोर डकैती, मार धाड़ या खून खराबा आखिर क्यों होते हैं,,,,,,इनके पीछे भूख, पैसे का आभाव,तिरस्कार या फिर लालच अथवा लालसा हो सकती है और इस प्रकार का हिंसात्मक व्यवहार आज से नहीं, बल्कि शुरू से ही चला आ रहा है। इसी लालसा के चलते आगे कुछ शक्तिशाली, अगुवे बनकर हिंसात्मक हो जाते हैं और मनमानी करते-करते कुछ भी करने को तैयार हो जाते हैं। लूट मार की यही प्रक्रिया छोटे-छोटे क्षेत्रों से शुरू होकर आगे देश की सीमाओं को लांघते हुए दूसरे देशों को लूटने तक पहुंच जाती है। ऐसा ही तरीका कमजोर राष्ट्रों पर अपना कर शक्तिशाली राष्ट्र अपने को बलशाली होने का परिचय देते रहे हैं।



लेखक : डॉ. कमल के प्यासा
लोअर समखेतर, मंडी

बहुत से अफ्रीकन व एशियन देश इस त्रासदी के शिकार हो चुके हैं और कुछ तो अभी भी इनकी गुलामी में जकड़े आजादी का इंतजार कर रहे हैं। छोटे से देश तिब्बत का ज्वलंत उदाहरण सबके सामने है। बड़ी मछलियां अक्सर छोटी मछलियों को निगलती रहती हैं, ये तो कुछ प्रकृति की ही देन है, लेकिन यदि सोच समझ रखने वाले ही ऐसा करने लगेगे, तो फिर उस दिमाग का क्या लाभ,,, ? लेकिन भूखे नंगे, लुच्चे लफंगों के आगे क्या,,,,,जिनकी अपनी इज्जत नहीं वह दूसरों की क्या करेगा,, ! इधर हमारे देश भारत के पश्चिम की ओर से बर्बर लड़ाकू जातियों के लुटेरों द्वारा कई बार लूट पाट व हमले किए गए जो कि ईस्वी पूर्व में यूनानी (सिकंदर) से लेकर अरब के ईरानी खलीफों ( के 9 आक्रमण)मुहम्मद बिन कासिम फिर तुर्कों में मुहम्मद गौरी घुरिद जनजाति(पृथ्वी राज चौहान ने जिसे कई बार पछाड़ा भी)व महमूद गजनवी ने 17 आक्रमण किए और सोमनाथ मंदिर को तहस नहस कर बहुत कुछ लूट कर ले गया। 13वीं शताब्दी में गुलाम वंश आया और 84 वर्ष तक यहां शासन करता रहा।

फिर तुर्किस्तान से खिलजी वंश, तुगलक वंश और मुगल अफगान आए। 1498 में पुर्तगाली,1674 में फ्रांसीसी और फिर अंग्रेज आने शुरू हो गए। अंग्रेजों ने भारत के साथ ही साथ कई एक देशों में गद्दर मचा रखा था । आखिर हजारों शहीदों की कुर्बानी के पश्चात 15 अगस्त ,1947 को भारत स्वतंत्र हो गया, लेकिन गोवा पर पुर्तगालियों का अधिकार वैसा ही बना रहा। जिस समय पुर्तगाली पादरी यहां के लोगों को जबरदस्ती ईसाई धर्म अपनाने को प्रेरित



कर रहे थे। यह घटना 15 जुलाई ,1583 ईस्वी की बताई जाती है, जिस समय कुछ पादरी जबरदस्ती से लोगों को धर्म परिवर्तन को कह रहे थे ,तो गुस्से में आकर लोगों ने 5 पादरियों की ही हत्या कर दी थी। बाद में बदले में गांव के कुछ लोगों को बातचीत के बहाने बुला कर 15 लोगों की हत्या पुर्तगालियों द्वारा कर दी गई । जिसके बाद भारी विद्रोह उठ खड़ा हुआ था, जो कि कुंकली विद्रोह के नाम से जाना जाता है।

इसी तरह का एक अन्य विद्रोह जो कि वर्ष 1788 ईस्वी में एक ही परिवार द्वारा किया गया था और यह विद्रोह मेटों के नाम से प्रसिद्ध है, इस विद्रोह को भी बुरी तरह से पुर्तगालियों द्वारा कुचल दिया गया था। इसमें 47 लोगों को गिरफ्तार करके ,कइयों को फांसी तक दे दी गई थी। एक अन्य अति प्रसिद्ध विद्रोह जो कि सत्तरी क्षेत्र के राणा लोगों द्वारा लगातार 150 वर्षों तक किया जाता रहा था। इस तरह लंबे समय तक चलने वाला यह विद्रोह राणे विद्रोह से प्रसिद्ध है। गोवा के स्वतंत्रता सेनानी टीबी कुंहा(त्रिस्तबा दे ब्रागांझा)ने 1928 में गोवा कांग्रेस का गठन करके अपने कुछ साथियों के साथ मिल कर अहिंसात्मक सत्याग्रह भी किया तथा अपने उस सारे कार्यक्रम से संबंधित कई एक आलेख व देश प्रेम संबंधित विचार प्रकाशित करवाकर पत्र-पत्रिकाओं के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाए थे। इस सब के साथ ही साथ इनके एक विशेष पत्रकार मित्र लुईस दे मेंझिस ब्रागांझा, जो कि कई एक समाचार पत्रों से संबंध रखता था, ने भी स्वतंत्रता संग्राम के कार्यों के साथ समय-समय पर धर्मनिरपेक्षता व गोवा की आजादी के संबंध में बहुत कुछ लिखता रहता था।

पुर्तगाल में जब नया शासक,अतोनिओ द ओलिवेरा सालाजार बना तो उसके कारण कुछ अधिक ही सख्ती बरती जाने लगी थी। वर्ष 1930 में कोलोनियल एक्ट के अंतर्गत आम जनता की रैलियों, बैठकों व सरकार विरोधी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिए गए ,यहां तक कि किसी को जय हिंद भी नहीं कहने दिया जाता था हर साधारण बात पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। सेंसरशिप कठोर कर दी गई थी, पत्रों व विवाह के निमंत्रण पत्रों की भी कड़ाई से जांच होने लगी थी। इतनी सख्ती होने के बावजूद भी उस समय गोवा की महिलाओं में भारी जागृति आ गई थी। वर्ष 1955 में वीरांगना सुधा ताई के नेतृत्व में मापसा में, महिलाओं की सभा का आयोजन किया गया, जिसमें भाषण के साथ ही साथ तिरंगा भी लहराया गया और जय हिंद के नारे तक भी लगाए गए। जिस पर सुधा ताई को डरा धमका कर गिरफ्तार कर लिया गया था, लेकिन हौसला अफजाई के लिए सभा में शामिल अनेक महिलाओं ने अपनी गिरफ्तारी देकर राष्ट्रीय महिला एकता का सबूत गोवा की पुर्तगाली सरकार को दे कर चकित कर दिया था।वर्ष 1947 में भारत के आजाद हो जाने पर भी दीव, दमन व गोवा में विद्रोह की ज्वाला भड़कती ही रही। फलस्वरूप गोवा, दीव व दमन के प्रवेश पर लगे प्रतिबंध को पुर्तगाली सरकार ने आगे बढ़ा दिया, लेकिन पुर्तगाली सरकार के प्रतिबंधों की परवाह न करते हुए वर्ष 1946 में डॉ. राम मनोहर लोहिया द्वारा 200 लोगों को साथ लेकर वहां सभा का आयोजन किया, विरोध में भाषण भी दिया गया, जिस पर उन्हें गिरफ्तार करके मडगांव जेल में डाल दिया गया, लेकिन छोड़ते हुए उनके लिए गोवा आने का 5 वर्ष के लिए प्रतिबंध लगा दिया गया था। भारत की स्वतंत्रता के पश्चात प्रधान मंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू द्वारा पुर्तगाल सरकार से गोवा के लिए कई बार बात और पत्र व्यवहार भी किया, लेकिन पुर्तगाल सरकार टस से मस नहीं हुई। इसके पश्चात बात बनते न देख कर भारत सरकार द्वारा 11 जून,1953 को गोवा की राजधानी लिस्बन में अपना दूतावास बंद कर दिया और फिर से पुर्तगाल पर दबाव डालना शुरू कर दिया , लेकिन पुर्तगाल सरकार ने बदले की भावना से अपने यहां प्रवेश पर बंदिश लगा दी, जिसकी अवहेलना करते हुए 15 अगस्त,1955 को हजारों की संख्या में लोगों ने उधर जाने का प्रयास किया।

इतना सब होने पर भी भारत द्वारा कई तरह के प्रयास किए जाते रहे और अंत में भारत सरकार द्वारा 1 नवंबर, 1961 को विजय अभियान के अंतर्गत अपनी तीनों सेनाओं(जल, थल और वायु) को तैयार रहने को कह दिया गया और दिसंबर माह में अपने गोवा मुक्ति अभियान अर्थात 'ऑपरेशन विजय' के अंतर्गत 8 व 9 दिसंबर के दिन गोवा पुर्तगाल को चारों तरफ से तीनों सेनाओं ने घेर कर बमबारी शुरू कर दी गई ,परिणाम स्वरूप पुर्तगाल सरकार को भारत के आगे झुकना पड़ा और 19 दिसंबर ,1961 को पुर्तगाल के गवर्नर को भारत सरकार के साथ संधि करके गोवा को स्वतंत्र करना ही पड़ा। इसी दिन 19 दिसंबर को गोवा मुक्ति दिवस के रूप में हर वर्ष मनाया जाता है। गोवा मुक्ति के पश्चात 30 मई,1987 को इसे पूर्ण राज्य का दर्जा दे दिया गया था, तभी से 30 मई का दिन, गोवा के पूर्ण राज्य दिवस के रूप में मनाया जाता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# कृषि विज्ञान केंद्र किसानों का सर्वोत्तम ज्ञान स्रोत

एक स्थानीय कृषि विश्वविद्यालय के साथ जुड़े कृषि विज्ञान केंद्र भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद और किसानों के बीच अंतिम कड़ी के रूप में काम करते हैं और कृषि अनुसंधान को व्यवहारिक, स्थानीय सेटिंग में लागू करने का लक्ष्य रखते हैं। सभी कृषि विज्ञान केंद्र पूरे भारत में 11 कृषि प्रौद्योगिकी अनुप्रयोग अनुसंधान संस्थानों में से एक के अधिकार क्षेत्र में आते हैं।



लेखक : दिनेश दमाथीआ
वरिष्ठ लेखक

पहला कृषि विज्ञान केंद्र 1974 में पांडिचेरी में स्थापित किया गया था। तब से सभी राज्यों में कृषि विज्ञान केंद्र स्थापित किए गए हैं और इनकी संख्या लगातार बढ़ रही है। भारतीय कृषि परिदृश्य में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है, जिसमें छोटे किसानों का उच्च प्रतिशत, आपूर्ति श्रृंखला के बुनियादी ढांचे की कमी और चरम मौसम की स्थिति शामिल है।

इन मुद्दों को संबोधित करने में एक महत्वपूर्ण रणनीति, नीति समर्थन और एक कामकाजी बाजार के अलावा, जटिल चुनौतियों को बेहतर ढंग से समझने और अनुकूल बनाने के लिए प्रौद्योगिकी का उपयोग किया जा रहा है। हालांकि जलवायु परिवर्तन जैसे आधुनिक कृषि रुझानों के बारे में उच्च-स्तरीय शोध विश्वविद्यालयों में हो रही है। इस शोध के व्यवहारिक निहितार्थ या एक निश्चित स्थानीय संदर्भ के लिए उनकी प्रासंगिकता स्पष्ट रूप से स्पष्ट नहीं हैं। विशेष रूप से भारत जैसे भौगोलिक जटिलता वाले क्षेत्रों में कृषि विज्ञान केंद्र जैसे कृषि



विस्तार विभाग केंद्रीयकृत संस्थानों और भौगोलिक रूप से बिखरी हुई ग्रामीण आबादी के बीच ज्ञान इकट्ठा करने, परीक्षण और प्रसार करने का काम करते हैं।

इस शासनादेश में कृषि विज्ञान केंद्र की प्रभावशीलता को मापना मुश्किल है, क्योंकि बड़ी संख्या में किसानों को एक कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा सेवा दी जाती है, अनुप्रयोगों का एक बहुतायत विकसित किया गया है। मौसम की जानकारी और बाजार मूल्य निर्धारण जैसी सलाह साझा करना, कृषि विज्ञान केंद्र के संचार को अपने लाभार्थियों के साथ पूरक करना भी कृषि विज्ञान केंद्रों का एक एहम कार्य है। इनमें से कई गतिविधियां पहले कम समय के लिए होती हैं या इनका सीमित प्रभाव होता है, क्योंकि प्रत्येक कृषि विज्ञान केंद्र की टीमों में अक्सर सॉफ्टवेयर अनुप्रयोगों को बनाए रखने की क्षमता नहीं होती है या किसानों को जानकारी उपयोगी नहीं लगती है।

कृषि विज्ञान केंद्र से जहां अपनी परियोजनाएं शुरू करने की उम्मीद की जाती है। वहीं स्थानीय क्षेत्रों में सरकारी पहल के विस्तार के लिए एक संसाधन केंद्र के रूप में भी काम करने की उम्मीद है। वर्तमान राष्ट्रीय सरकार के कार्यक्रम 'कृषि किसानों की आय 2022 तक दोगुनी है' कृषि उत्पादकता में वृद्धि, प्रधान मंत्री कृषि सिंचाई योजना और प्रधान मंत्री आवास बीमा योजना के साथ-साथ तकनीकी नवाचार पर अधिक ध्यान केंद्रित करने का आह्वान करता है।

सरकार को उम्मीद है कि कृषि विज्ञान केंद्र इन नई सरकारी पहलों के संबंध में सूचना और प्रथाओं के प्रसार में सहायता करेगा। कृषि विज्ञान केंद्र के अलावा कई स्थानीय संस्थान हैं जो किसानों के साथ सीधे इंटरफेस करते हैं। कृषि विज्ञान केंद्र के खेत और आस-पास के गांवों के साथ निकटता के कारण यह किसान क्षेत्रों पर नई प्रौद्योगिकियों की प्रभावकारिता दिखाने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन करता है। कृषि विज्ञान केंद्र पूरे भारत के किसानों का सबसे बड़ा ज्ञान स्रोत है। इनमें पधार कर किसान अधिकतम लाभ ले सकते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## अपनी बात

**यह** हिमाचल युवाओं का है जो जिंदगी के तराने अपनी मेहनत से चुनते हैं। इन्हें सैन्य या अर्द्ध सैन्य बलों में शरीक होना है। इनके लिए हिमाचल की योजनाओं, सरकार के वायदों या घोषणाओं की अधोसंरचना से कोई मतलब नहीं। ये घर, समाज और सरकार की दीवारों के बाहर और मौसम की बेरुखी में खुद को बुन रहे हैं। सरकारी स्कूल-कालेजों के सर्वेक्षणों में होती रैंकिंग से बेखबर युवाओं की टोलियां खुद को सैन्य बलों के कठोरतम अभ्यास के काबिल बना रही हैं और नतीजों की फिराक में रोजगार का यह परचम किसी न किसी मैदान में फहराता है। कुछ ऐसे ही युवाओं ने शिलाई क्षेत्र की फिजाओं में अपने भविष्य की खाद देखी, तो मेहनत से वर्जनाओं की हर नकाब हटाते हुए सेना में पहुंच गए। एक शृंखला के रूप में जो खुद सेना में चले जाते, कल वही प्रेरणा बनकर अन्य बेरोजगार युवाओं में अपने आदर्श को सिंचित कर देते हैं। यह सामान्य रोजगार में संभव नहीं और न ही रोजगार का उच्च स्तर इस तरह उपलब्ध है।

**प्रमोध सिंह, भड़वाल**

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

# कॉमनवेल्थ गेम्स में कांस्य पदक विजेता

**मोहित** ग्रेवाल भारत के पहलवान हैं। उन्होंने बर्मिंघम, इंग्लैंड में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स, 2022 में देश के लिए कांस्य पदक जीता है। पुरुषों के 125 किलोग्राम भारवर्ग में मोहित ग्रेवाल ने जमैका के जॉनसन को मात देकर कांस्य पदक अपने नाम किया। मोहित ग्रेवाल का जन्म हरियाणा के भिवानी के बामला गांव में हुआ था। उनके परिवार में कई पहलवान हैं। उनके पिता जगदीश भी पहलवानी कर चुके हैं। इस कारण बचपन से ही मोहित ने आस-पास कुश्ती, अखाड़ों और दंगल का माहौल देखा। हालांकि, शुरुआत में मोहित ग्रेवाल तैराक बनना चाहते थे। उन्होंने तैराकी और जूडो भी सीखा है। वह तैराकी में राष्ट्रीय स्तर पर पदक भी ला चुके हैं, लेकिन धीरे-धीरे उनकी दिलचस्पी कुश्ती की तरफ हुई और उन्होंने 13 साल की उम्र में कुश्ती शुरू की। मोहित ग्रेवाल ने बर्मिंघम, इंग्लैंड में आयोजित कॉमनवेल्थ गेम्स, 2022 में देश के लिए कांस्य पदक जीता। पुरुषों के 125 किलोग्राम भारवर्ग में मोहित ग्रेवाल ने जमैका के जॉनसन को मात देकर कांस्य पदक अपने नाम किया। मोहित ग्रेवाल ने अच्छी शुरुआत की और एक अंक ले लिया। इसके बाद उन्होंने दो अंक का दांव लगाया और स्कोर 3-0 कर लिया। मोहित ने फिर उन्हें बाहर कर एक अंक और ले लिया और फिर मोहित ने जॉनसन को चित कर कांस्य पदक अपने नाम कर लिया। मोहित ग्रेवाल साइप्रस के एलेक्सियोस का ओस्लिडिस को हराकर 125 कि.ग्रा. फ्रीस्टाइल के सेमीफाइनल में पहुंचे थे, लेकिन उन्हें कनाडा के अमरवीर धेसी से 2-12 से हार का सामना करना पड़ा, जिससे वह रेपेशाज खेले। कांस्य पदक के मुकाबले में उन्हें जिस तरह के प्रदर्शन की उम्मीद थी, उन्होंने वैसा ही किया। अपने दमदार खेल से उन्होंने कांस्य पदक जीता। ■



मोहित ग्रेवाल
जन्म : 20 दिसंबर, 1999

# प्रभु सुमिरन से ज्ञान का विस्तार असीम की ओर, अज्ञान का क्षय


परमपिता परमात्मा एक ऐसी सत्ता जो निरंतर इस संसार में समाया हुआ है और अपने मौजूद होने का अहसास संसार के प्रत्येक प्राणी और जीवात्मा को महसूस करवाता है। इस तरह सब रूपों में निरंकार की महिमा का गुणगान किया जा रहा है। प्राणी इसकी अनेक अवस्थाओं की पूजा करता हुआ अपने आप ही इसको जानने का दावा करता है और कहता है मैंने इसको प्राप्त कर लिया है। अनेक रूपों में इसकी स्तुति करके अपने आप को आनंदित महसूस करता है। परमात्मा की जानकारी प्राप्त करने के लिए जगह-जगह जाकर हर जगह अपना शीश झुकाता है। उसको भ्रम रहता है कि मैंने इस बह्म को प्राप्त कर लिया है, परंतु उसकी अवस्था स्थायी नहीं होती है।



लेखक : हीरा सिंह कौशल
वरिष्ठ लेखक

जब उसका यह क्षणिक आनंद खत्म होने लगता है वह अन्य दर पर जा के माथा रगड़ता है। अज्ञान के रमे राम को न जाने कितने ही तीर्थों व मंदिरों में ढूंढता फिरता है। अनेक कर्मकांड करते हुए इससे ईकमिक होने की हामी भरता है। यह अवस्था जब तक निरंतर बनी रहती है जब तक असली परमानंद की प्राप्ति नहीं होती है। अज्ञान के कारण ही कभी अपनी जाति, कभी कुल को कभी अपने संप्रदाय को, धर्म को श्रेष्ठ मानता है, परंतु वह अंहकार के कारण भूल जाता है कि जब उसने संसार में जन्म लिया तो न तो उसकी कोई जात न कोई धर्म था उसने तो सिर्फ इंसान के रूप में जन्म लिया। रिश्ते नाते इस संसार में आकर ही प्राप्त हुए हैं।

अज्ञान के कारण अनेक भ्रमों में फंसकर अपने असल मकसद को भूल जाता है, परंतु जब वक्त के हाकम द्वारा इसके वास्तविक स्वरूप का ज्ञान कर दिया है तो रुह आनंद के हिलोर लेने लगती है। इस असीम को अपने साथ महसूस करती है। मनों में जो भ्रमों का



अंधकार होता है उसको यह ज्ञान का उजाला खत्म करके इस आत्मा को आनंद के प्रकाश से प्रकाशित कर देता है। आनंद के इस प्रकाश को स्थायित्व देता है सत्संग।

महाकवि तुलसीदास ने रामचरित मानस में भी कहा है 'बिनु सत्संग विवेक न होई' बिना सत्संग से विवेक नहीं होता अर्थात बुद्धि का विकास नहीं होता है। जितना जितना सत्संग करते उतना उतना इस परमात्मा के करीब होते जाते हैं। वक्त के रहबर अर्थात सतगुरु के द्वारा प्रदत्त ज्ञान की आत्मसात कर असीम की सत्ता में अपने आप को पाता है। रामचरितमानस में साफ शब्दों में कहा है कि 'राम कृपा बिनु सुलभ न सोई'। सतगुरु की कृपा के बिना आसान नहीं होता है।

ज्ञान प्राप्त करने से पहले हमारी यह अवस्था थी कि हम परमात्मा को विभिन्न रूपों में उसका ध्यान करते थे उस अवस्था को बह्म ज्ञान की रोशनी ने खत्म करके इस निरंकार से लगन लगाकर इसके एक होने का अहसास करवा दिया है। गुरु रविदास ने अपनी वाणी में कहा है-'कृष्ण, करीम, राम, हरि, राघव जब लग एक न देखा। वेद, कतेब, कुरान, पुरातन सहज एक नहीं देखा' ।। वेद, कुरान, पुराणों में जिसका कृष्ण, करीम राम आदि परमेश्वर के विविध नामों के द्वारा गुणगान किया है वह एक ही आलौकिक शक्ति है। अज्ञान के कारण ही जिस परमात्मा को अनेक रूपों में पूजते थे। उन विविध रूपों का धीरे-धीरे क्षय होता गया और यह समझ आने लगता हैमन में परिवर्तन शुरू होने लग जाता है जो मन पहले गुरु दर पे शीश झुकाने से परहेज करता है। अब निरंतर शीश झुकाता है और अहंकार शून्य होकर इसकी भक्ति करता हुआ आनंद महसूस करता है। ज्ञान के कारण ही अनेक अनेक भ्रमों, ब्रहमों, भूलेखों से पर्दे हट जाते हैं। सद्भावनायों का विकास होता है। जिसके कारण सकारात्मक सोच विकास होता है तथा नकारात्मक विचार लुप्तप्राय हो जाते हैं। नम्रता से जीवन में मुक्ति मार्ग की तरफ बढ़ता है। ज्ञान के कारण ही संकीर्ण सोच में धीरे-धीरे बदलाव होने शुरू हो जाता है और वह विशाल बनती जाती है। इस परमात्मा का जिक्र हर समय होने लगता है और नई ऊर्जा संचारित होने लगती है। सभी नकारात्मक चीजों का स्वत: ही क्षय हो जाता है और हमारा मन सकारात्मक सोच का विस्तार पा इस असीम से जुड़ जाता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## कविता

# अब बूंद-बूंद को तरसे नैन



सुभाष चंद कासव

*हो जाए बारिश मिलेगा चैन, हैं बूंद-बूंद को तरसे नैन*
*अब पेड़ पौधे भी पूछ रहे, सूखे से सब जूझ रहे*
*न उनको बारिश का है ज्ञान, अब बूंद-बूंद को तरसे नैन*
*हो जाए वर्षा मिल जाए चैन, हो जाए वर्षा मिल जाए चैन*
*क्या हो गई है हमसे भूल, चढ़ गई हम पर भारी धूल*
*चिंतित बैठा आज किसान, अब बूंद-बूंद को तरसे नैन*
*हो जाए वर्षा मिल जाए चैन, हो जाए वर्षा मिल जाए चैन*
*मेघ अब तो जाग जा भाई, बारिस की बूंदे कहां छुपाई*
*पक्षी आपका करें गुणगान,अब बूंद-बूंद को तरसे नैन*
*हो जाए वर्षा मिल जाए चैन, हो जाए वर्षा मिल जाए चैन*
*प्रभु शुरू करो बारिश की बूंदे, सारी कायनात खुशी से झूमें*
*हो सके बर्फ भी फेंक दो जल्दी, ताकि खुशी से कट जाए सर्दी*
*माथे पे हाथ धर बैठे बागवान, अब बूंद-बूंद को तरसे नैन*
*हो जाए वर्षा मिल जाए चैन, हो जाए वर्षा मिल जाए चैन*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# ईश्वर प्राप्ति का सरल और सशक्त माध्यम ध्यान

ईश्वर प्राप्ति के अनेक मार्ग हैं, जिसमें ध्यान एक प्रमुख प्रकार मानी जाती है। इससे जहां मन को शांति प्राप्त होती है, वहीं स्वयं के विकारों को दूर करने एवं आत्मज्ञान प्राप्ति में भी ध्यान सहायक होता है। आज संपूर्ण विश्व इस बात से सहमत है कि ध्यान या मेडिटेशन के द्वारा विश्व में शांति की स्थापना की जा सकती है।



लेखक : यश गोरा,
समीप डीडी लाइंस, योल कैंप

सबसे बड़े गर्व की बात यह है कि ध्यान का यह पहलू हमारे देश की ही विश्व को देन है। वर्तमान समय में ध्यान के द्वारा जीवन को सुरमय बनाने में अनेक संस्थाएं अपना योगदान दे रही हैं, जिनमें ब्रह्माकुमारी संस्था, माऊंट आबू एवं श्री रवि शकर की आर्ट ऑफ लिविंग संस्था आदि अग्रणी संस्थाएं है। ब्रह्माकुमारी संस्था के संस्थापक दादा लेखराज जी, जिन्हे आज सभी ब्रह्मा बाबा के नाम से जानते हैं, उन्हे भगवान शिव ने ध्यान में ही स्वर्ग एवं सृष्टि परिवर्तन का साक्षात्कार करवाया था और आज यह संस्था न केवल भारत में, बल्कि विश्व के लगभग 130 देशों में युग परिवर्तन का महान कार्य करने में तत्पर है। आज लाखों लोग इस संस्था से जुड़कर न केवल स्वयं का, अपितु ईश्वर का सही परिचय और ईश्वर से हमारा संबंध इस सब का ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं।

इतना ही नहीं, ध्यान के द्वारा आज अनेक मानसिक एवं शारीरिक व्याधियों का इलाज भी संभव हो पाया है। यदि ध्यान पूर्वक देखा जाए, तो लगभग 90 प्रतिशत शारीरिक बीमारियों का पनपना भी मानसिक स्तर पर ही होता है। अत: उनका इलाज भी मानसिक स्तर पर संभव होता है। जिस कार्य में ध्यान या योग का विशेष महत्व होता है। अत: सूक्ष्म में ध्यान के द्वारा प्रत्येक बीमारी का उपचार संभव है। बस



ध्यान को सही दिशा में ले जाना अनिवार्य है। वास्तव में इस ध्यान का प्रयोग स्वयं के शुद्धिकरण के लिए किया जाता है, जिससे स्वयं के विकार, रोग एवं व्याधियां स्वत: ही समाप्त हो जाती हैं।

इतिहास गवाह है कि प्राचीन काल में हमारे ऋषि-मुनि जिस तपस्या में रत रहते थे, वह ध्यान का ही एक रूप था और इस ध्यान में रहते हुए, वह निरोगी रहते हुए, चिर काल तक जीवित रहते थे। मनुष्य ध्यान के द्वारा अपनी असीम शक्तियों को जागृत कर सकता है और उनका सही इस्तेमाल करके न केवल वर्तमान, बल्कि भविष्य को भी उज्ज्वल बना सकता है। अब तो विज्ञान भी मनुष्य के अवचेतन मन और उसकी शक्तियों को मानने लगा है और उस पर अनेक प्रयोग किए जा रहे हैं। ध्यान में रहकर ही मनुष्य अपने विचारों का अवलोकन करते हुए उनपर कार्य कर सकता है और उन्हें सही दिशा में मोड़ सकता है। ब्रह्मा कुमारी संस्था द्वारा बनाई गई विचार प्रयोगशाला इसी विचार को मद्देनजर रखते हुए जयपुर में प्रारंभ की गई है। हमारे मन में प्रतिदिन लाखों विचार चलते हैं, जिनमें से कई नकारात्मक होते हैं और कई विचार व्यर्थ भी होते हैं, परंतु अच्छी बात यह है कि कुछ विचार शुद्ध एवं सकारात्मक भी होते हैं। ध्यान में रहकर जब कोई व्यक्ति अपने विचारों का अन्वेषण करता है, तो नकारात्मक विचारों को सही दिशा में लगा कर सकारात्मक भी कर सकता है।

इस प्रकार ध्यान में रहकर वह अपनी ऊर्जा को सही रूप से प्रवाहित कर सकता है। यदि सूक्ष्मता से देखा जाए, तो ध्यान हर प्राणी के लिए आवश्यक होता है, परंतु प्रत्येक प्राणी ऐसा करता नहीं। इसके लिए ईश्वर ने प्रत्येक प्राणी के लिए नींद या निद्रा प्रदान की है, जो कि ध्यान का ही एक सूक्ष्म रूप है। वैसे तो योगी पुरुष निंद्रा जीत भी होते हैं तथा कहा भी गया है कि योगी और विद्यार्थी जीवन के लिए अल्प आहार, श्वान निंद्रा और बगुले के जैसा ध्यान होना चाहिए, तभी वह संतुलित जीवन जी सकता है और अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### चिकित्सा अधिकारियों ने सीखी पैरा सर्जिकल तकनीक



**अनंत ज्ञान, मंडी।** आयुष विभाग के सौजन्य से जिला मंडी के आयुर्वेदिक चिकित्सकों को पैरा सर्जिकल तथा पंचकर्मा का प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए आयुर्वेदिक अस्पताल मंडी में प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का समापन उप निदेशक, आयुष मंडी जोन, डॉ. आनंदी शैल ने किया। जिला आयुष अधिकारी मंडी डॉ. राजेश ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में जिला मंडी के सभी चिकित्सा अधिकारियों को सर्जिकल तकनीक तथा पंचकर्मा का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। विशेषज्ञ प्रशिक्षक के रूप में डॉ. प्रमोद पारीक ने विशेषज्ञ योग व स्वास्थ्य वृत का प्रशिक्षण दिया, जबकि डॉ. विकास द्वारा विशेषज्ञ पंचकर्मा पद्धति का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त शल्य चिकित्सा की पैरा सर्जिकल तकनीक से पसांगत किया गया तथा मरहम चिकित्सा के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस शिविर के लिए आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. हितेश शर्मा तथा डॉ. विक्रांत ठाकुर को नोडल ऑफिसर बनाया गया था।

### आंगनबाड़ी भवनों के कार्य पूरा करें : डॉ. भावना

**अनंत ज्ञान, पधर।** बाल विकास परियोजना के माध्यम उपमंडल पधर में कार्यान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं व आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण और मुरम्मत कार्य के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन कार्यवाहक एसडीएम व तहसीलदार पधर डॉ. भावना वर्मा की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में विकास खंड अधिकारी द्रंग विनय चौहान व बाल विकास परियोजना अधिकारी पधर जितेंद्र सैनी सहित उपमंडल की विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रधान व पंचायत सचिवों ने भाग लिया। डा. भावना वर्मा ने कहा कि विकास कार्यों को गति प्रदान करना उनकी प्राथमिकता है, ताकि पात्र लोगों तक सुविधाएं पहुंचाकर उनको लाभान्वित किया जा सके। बैठक के दौरान आंगनवाड़ी भवनों के निर्माण, उनकी मरम्मत व भवनों के निर्माण में स्थानीय स्तर पर आ रही समस्याओं पर चर्चा की गई।

### नुक्कड़ नाटक से लोगों को बताई सरकारी योजनाएं



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सूचना एवं जन संपर्क विभाग शिमला के सौजन्य से सर्वोदय हिम जागरण कला मंच द्वारा वीरवार को ग्राम पंचायत परसड़ा हवानी एवं ग्राम पंचायत ग्रयोह में लोगों को गीत संगीत व नुक्कड़ नाटक के माध्यम से व्यवस्था परिवर्तन से आत्मनिर्भर होता हिमाचल व सरकार के द्वारा अनुसूचित जाति और जनजाति के कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी। कलाकारों में राजेश निराला, संजय भारद्वाज, महेश कुमार, रीना कुमारी, निशा देवी, लता देवी, विजय कुमार, अनुज, प्रकाश, रमेश कुमार और सुभाष कुमार ने अपनी अपनी भूमिका निभाई।

### दियारगी में ग्रामीणों को बताई सरकार की योजनाएं



**अनंत ज्ञान, नेरचौक।** डब्ल्यूसीडी सदर मंडी के वृत सलवाहन में एसएमके दियारगी में पंचायत स्तरीय मैंस्ट्रुअल हाइजीन मैनेजमेंट जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। पंचायत प्रधान बालक राम कौशल ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने मासिक धर्म को सामान्य प्रक्रिया बताया। कार्यक्रम के संयोजक पर्यवेक्षक संदीप चौहान ने बताया कि दिसंबर माह में वृत की सभी सात पंचायतों में किशोरी और महिलाओं को 'वो-दिन' योजना के तहत बड़े स्तर पर मासिक धर्म के दौरान विशेष एतियात बरतने बारे जागरूक किया जा रहा है। इसी क्रम में छलखी में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने नाटक के माध्यम मासिक धर्म एक सामाजिक कुरीति है पर ग्रामीणों को जागरूक किया।

### रखोटा में जनसमस्याओं का किया समाधान



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सुशासन सप्ताह 2024 के अंतर्गत सरकाघाट की ग्राम पंचायत रखोटा में वीरवार को जन समस्याओं के निवारण हेतु विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा के साथ उपमंडल के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। शिविर में स्थानीय लोगों की लंबित समस्याओं को सुना गया और कई मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया। लंबे समय से लंबित समस्याओं के स्थायी और प्रभावी समाधान के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। एसडीएम स्वाति डोगरा ने जनहित के मुद्दों पर त्वरित कार्रवाई के लिए अधिकारियों को सजग रहने की सलाह दी।

### शिविर में 100 मरीजों ने करवाई स्वास्थ्य की जांच



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** सिविल अस्पताल लडभड़ोल में गुरुवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक दिवसीय निःशुल्क टीबी स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में टीबी, बीपी, और शुगर सहित कुल 100 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। शिविर में ग्राम पंचायत भड़ोल की प्रधान मीनाक्षी देवी, उपप्रधान रणजीत चौहान, व्यापार मंडल लडभड़ोल के प्रधान सुरेंद्र सोनी सहित अस्पताल के कर्मचारी उपस्थित रहे। बीएमओ लडभड़ोल डॉ. लाल सिंह ने बताया कि ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का मुख्य उद्देश्य लोगों की जांच के साथ-साथ उन्हें भविष्य में स्वास्थ्य संबंधी खतरों के प्रति सचेत करना है। शिविर में टीबी, बीपी, और शुगर से संबंधित मरीजों की जांच की गई।

### करसोग में दिव्यांगों को वितरित किए कृत्रिम अंग



**अनंत ज्ञान, करसोग।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सौजन्य से खंड विकास अधिकारी कार्यालय करसोग के समीप पंचायत समिति बैठक कक्ष में दिव्यांगों को कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए एसडीएम करसोग गौरव महाजन की अध्यक्षता में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा अधिकृत संस्था भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को) के माध्यम से एडिप योजना के तहत दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग व व्हील चेयर, हियरिंग एड, कैलिपर, छड़ी, सहित अन्य सहायक उपकरण उपलब्ध करवाए गए। दिव्यांगजनों के लिए आयोजित इस शिविर में क्षेत्र के लगभग 42 पात्र दिव्यांगों को व्हील चेयर, हियरिंग एड, कैलिपर, छड़ी, बैसाखी सहित लगभग 74 कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण वितरित किए।

### एससी/एसटी अधिनियम पर किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, करसोग।** हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम-1989 के अंतर्गत खंड विकास अधिकारी कार्यालय करसोग के समीप पंचायत समिति कक्ष में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के करसोग स्थित तहसील कल्याण अधिकारी के सौजन्य से आयोजित इस शिविर में एसडीएम करसोग गौरव महाजन बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए। एसडीएम ने शिविर में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार समाज के पिछड़े व गरीब लोगों को मुख्य धारा में लाने हेतु अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चला रही है। तहसील कल्याण अधिकारी भोपाल शर्मा ने एससी/एसटी अधिनियम पर जानकारी देते हुए कहा कि अनुसूचित जाति, जनजाति वर्ग के लोगों के लिए अनुसूचित जाति, जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के अंतर्गत विशेष प्रावधान किए गए है।

### हिंदुओं पर अत्याचारों के खिलाफ मंडी 30 से अधिक सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने भरी हुंकार

# बांग्लादेश सरकार मुर्दाबाद के लगे नारे

**पुष्पराज, मंडी**

बांग्लादेश में हो रहे नरसंहार और हिंदुओं और अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के खिलाफ धर्मसंघ भूतनाथ मंदिर के सौजन्य से विशाल जनसभा और आक्रोश रैली का आयोजन किया गया जिसमें मंडी जिला की 30 से अधिक सामाजिक और धार्मिक संस्थाओं ने भाग लिया। जनसभा के दौरान विभिन्न संस्था के वक्ताओं ने अत्याचार के खिलाफ अपने विचार साझा किए और सरकार को हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ हस्तक्षेप करने के लिए प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को ज्ञापन भी प्रेरित किया।

आक्रोश रैली के दौरान भारत माता की जय और वंदे मातरम के जयघोष से पूरी छोटी काशी गूंज उठी और साथ ही बांग्लादेश सरकार के मुर्दाबाद के नारे भी लगाए गए। साथ ही जागो हिंदू और मंडी वालों जाग जाओ जैसे नारे लगाए गए। इस दौरान धर्म संघ के मुख्य सलाहकार ओम शर्मा ने कहा की ये जनसभा और आक्रोश रैली यह संकेत छोटी काशी से देना चाहती है कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर अब हिंदू चुप नहीं बैठने वाले हैं।(अनंत ज्ञान)



### हिंदुओं पर अत्याचार जल्द हों बंद : चंद्रशेखर

**वीर** मंडल के अध्यक्ष चंद्रशेखर वैद्य ने बांग्लादेश को चेतावनी दी कि हिंदुओं पर अत्याचार को जल्दी बंद किया जाए, सैनिक लीग के अध्यक्ष हेत राम शर्मा ने 1971 में बांग्लादेश कैसे भारत आजादी, नागरिक सभा के अध्यक्ष रविकांत कपूर, सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष रवि वैद्य, राजपूत सभा अध्यक्ष अमर सिंह जामवाल ने भी अपने विचार रखे।

### बांग्लादेश में अशांति को शीघ्र रोकने की मांग

**धर्म** संघ के संयोजक नीरज हांडा ने कहा कि बांग्लादेश में हो रहे नरसंहार और सनातनियों और अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ ही प्रदर्शन किया गया और बांग्लादेश में रहने वाले सनातनी भाई जिन्हें जेलों में बंद करके रखा है जो कि बहुत की गलत और असहनीय है। आज हिंदू एक होकर उस उपद्रव के खिलाफ आवाज लगाने के लिए खड़ा है। मंडी के सभी संगठनों ने एक साथ मिलकर रैली मंच से हुंकार भरी है ताकि इसकी आवाज केंद्र तक पहुंचे और इस अशांति को शीघ्र अति शीघ्र रोका जा सके।

### करसोग में गरजे हिंदू संगठन



**पीयूष, करसोग।** बांग्लादेश में हिंदू और अन्य अल्पसंख्यक समुदायों पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ वीरवार को सुकेत सनातन संस्कृति रक्षा मंच करसोग ने नगर पंचायत पुराना बाजार करसोग परिसर से बरल तक धरना प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में हिंदू समुदाय के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। धरने के बाद एक रैली भी निकाली गई, जिसमें शहरवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। धरना प्रदर्शन के दौरान संयोजक तनुज शर्मा ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय और अन्य अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार किसी से छिपे नहीं हैं उन्होंने भारत सरकार से आग्रह किया कि वह इस मामले को गंभीरता से लेते हुए अंतरराष्ट्रीय मंच पर उठाए और बांग्लादेश सरकार से आवश्यक कदम उठाने की मांग करे। धरने के पश्चात एसडीएम करसोग के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया।

# उपायुक्त ने सराज में जन समस्याओं का किया निपटारा



जनसमस्याएं सुनते हुए डीसी मंडी व औचक निरीक्षण करते हुए।

**नूतन ठाकुर, बालीचौकी**

उपायुक्त अपूर्व देवगन ने सराज विधानसभा क्षेत्र के तहत विभिन्न राजस्व कार्यालयों, पाठशालाओं तथा अन्य सरकारी संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। उपायुक्त ने सुशासन सप्ताह के तहत जन समस्याओं का निपटारा भी किया।

मुख्यमंत्री सुक्खू की पहल पर प्रदेश सरकार ने लोगों की समस्याओं का घर-द्वार पर समाधान करने के दृष्टिगत सभी उपायुक्तों को निर्देश जारी किए हैं। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने इसके तहत सराज विधानसभा क्षेत्र की दूरदराज पंचायत शंकरदेहरा में जन समस्याएं सुनीं। अभियान का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार के विभागों की सक्रिय भागीदारी और समर्थन के माध्यम से सुशासन को बढ़ावा देना है। शिकायतों को दूर करने और सेवा वितरण में सुधार के लिए, तहसील मुख्यालयों, पंचायत समितियों और अन्य स्थानों पर विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।(अनंत ज्ञान)

### कार्यालयों का किया निरीक्षण

**शंकरदेहरा** में आयोजित शिविर में क्षेत्र में सड़क, बिजली व पेयजल जैसी समस्याएं प्रस्तुत की गईं। उपायुक्त ने इनके निराकरण के लिए स्थानीय स्तर पर संबंधित विभागों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके उपरांत उपायुक्त ने विभिन्न कार्यालयों व अन्य संस्थानों का औचक निरीक्षण भी किया। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्र ढीम कटाहरू, राजकीय प्राथमिक पाठशाला व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला शंकरदेहरा, प्राथमिक व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सांगलबाड़ा तथा राजकीय प्राथमिक पाठशाला गुडाह का निरीक्षण किया।

### राजस्व रिकॉर्ड का अवलोकन

**अपूर्व** देवगन ने जंजैहली में उपमंडलाधिकारी (ना.) थुनाग व खंड विकास अधिकारी कार्यालय जंजैहली का भी औचक निरीक्षण किया। उन्होंने राजस्व कार्यों से संबंधित जानकारी प्राप्त की तथा विभिन्न राजस्व रिकॉर्डों का अवलोकन भी किया। इसके उपरांत उन्होंने मांडव हिम ईरा शॉप का अवलोकन किया।

# लोकनृत्य में विद्यार्थियों ने मोहा मन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर उपमंडल के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भराडू में वीरवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपनिदेशक उच्च शिक्षा विभाग मंडी, सुशील शर्मा, ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया।

स्कूल के प्रधानाचार्य पीआर चौहान ने मुख्य अतिथि का शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। समारोह में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिनमें लोकनृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियों ने सभी का मनमोह लिया। मुख्यातिथि सुशील ने विद्यार्थियों को अनुशासन, परिश्रम के महत्व पर बल दिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को मेडल प्रदान कर सम्मानित किया।



कार्यक्रम के दौरान मेधावियों को सम्मानित करते हुए

### 25 दिसंबर तक विद्युत उपभोक्ता करवाएं केवाईसी

**मंडी।** सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल-साईगलू चिंतन प्रकाश ने बताया कि विद्युत उपमंडल में विद्युत उपभोक्ताओं की केवाईसी का कार्य किया जा रहा है। विद्युत उपमंडल में अभी तक लगभग 10 हजार घरेलू उपभोक्ताओं में से 7792 घरेलू उपभोक्ताओं की ई-केवाईसी का कार्य पूरा कर लिया गया है। उन्होंने शेष 2304 घरेलू उपभोक्ताओं से आग्रह किया है कि वे 25 दिसम्बर से पहले सहायक अभियंता, विद्युत उपमंडल, साईगलू के कार्यालय में अपने बिजली बिल की कॉपी और आधार कार्ड साथ लाकर इस प्रक्रिया को पूरा करने में विभाग का सहयोग दें।

# कर्मचारी भर्ती व सेवा शर्तें विधेयक के प्रस्ताव पर विचार करे सरकार

**आदर्श, नेरचौक**

विधानसभा के शीतकालीन सत्र में जो कर्मचारी भर्ती व सेवा की शर्तें विधेयक लाया गया है वह कर्मचारी विरोधी है इसलिए प्रदेश सरकार को इस पर पुनर्विचार करना चाहिए। हिमाचल प्रदेश ड्राफ्ट्समैन एसोसिएशन ने यह आग्रह मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से किया है।

मुख्यमंत्री को भेजे गए पत्र में एसोसिएशन ने तर्क दिया है कि प्रदेश के विभिन्न विभागों में ऐसे बहुत से कर्मचारी है जो विभागों में देरी से आए हैं तथा अनुबंध सेवा काल की वरिष्ठता को जोड़कर ही इन कर्मचारियों को पेंशन व पदोन्नति का लाभ मिल पाएगा।

### प्रदेश के हजारों कर्मचारी होंगे प्रभावित

इस विधयक के पास हो जाने से प्रदेश के हजारों कर्मचारी पेंशन व पदोन्नति से वंचित रह जाएंगे। एसोसिएशन ने कहा कि प्रदेश सरकार को प्रदेश में कार्यरत उन सभी कर्मचारियों को पेंशन के दायरे में लाने के लिए विधेयक लाना चाहिए, जिनकी 10 साल से कम नियमित सर्विस बनती है।

प्रदेश में बहुत से ऐसे कर्मचारी हैं जिन्हें विभागों में कई सालों से रिक्त पद होने के बावजूद देरी से सरकारी नौकरी मिली और उनकी 10 साल नियमित सर्विस नहीं बनती है। ड्राफ्ट्समैन एसोसिएशन ने ऐसे कर्मचारियों को भी पेंशन के दायरे में लाने की मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से गुहार लगाई है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष रमेश यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार को पत्र भेजकर विधानसभा में लाए गए कर्मचारी भर्ती एवं सेवा की शर्तें विधेयक पर कर्मचारी हित में पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री कर्मचारियों के हितैषी रहे हैं और इन्होंने पेंशन को सामाजिक सुरक्षा का नाम देकर प्रदेश के हर कर्मचारी को इसके दायरे में लाने की बात भी कही थी इसलिए सरकार को ऐसा विधेयक लाना चाहिए।(अनंत ज्ञान)

# घटिया सड़क टारिंग पर भड़के ग्रामीण

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर उपमंडल की ग्राम पंचायत लांगणा के दवरेहल वाया लंगारा धुर्ली समोन सड़क पर हुई टारिंग मात्र 15 दिनों में उखड़ने लगी है। सड़क की यह बदहाल स्थिति देखकर ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। लोगों ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए इस घटिया काम की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है।

ग्रामीणों का कहना है कि सड़क टारिंग के दौरान वाहनों की आवाजाही बंद कर दी गई थी ताकि काम सही ढंग से हो सके। बावजूद इसके सड़क कुछ ही दिनों में खराब हो गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि काम में उपयोग की गई सामग्री और तकनीक गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप नहीं थी।

स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि सड़क की दुर्दशा जल्द ठीक नहीं की गई, तो वे विरोध प्रदर्शन करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि विभाग की लापरवाही ने न केवल उनकी आवाजाही मुश्किल कर दी है, बल्कि भविष्य में सरकार और विभाग पर भरोसा भी डगमगा दिया है।

ग्रामीणों ने मांग की है कि सड़क की टारिंग कराई जाए, और दोषी अधिकारियों और ठेकेदारों पर कार्रवाई हो। (अनंत ज्ञान)

### सामग्री की गुणवत्ता पर नहीं होगा समझौता : पवन

**लोक** निर्माण विभाग, लडभड़ोल के उपविभागीय अधिकारी पवन गुलेरिया ने बताया कि दवरेहल वाया लंगारा धुर्ली समोन सड़क पर काम चल रहा है। सड़क के घूमावदार हिस्सों पर टायरिंग में ठेकेदार को दिक्कत आ रही है, इसलिए पैचवाइज काम किया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि काम में इस्तेमाल सामग्री की गुणवत्ता पहले जांची गई थी और विभाग इस पर समझौता नहीं करेगा।

### राष्ट्रीय उच्च मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बंद

**मंडी।** उपायुक्त एवं अध्यक्ष, जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, मंडी अपूर्व देवगन ने बताया कि राष्ट्रीय उच्च मार्ग-21 के नेरचौक से पंडोह मार्ग, जिसमें पंडोह बाई पास का क्षेत्र भी सम्मिलित है, उसमें वर्तमान में सड़क के विस्तारीकरण के लिए कटिंग व ब्लास्टिंग इत्यादि का कार्य किया जा रहा है। कंपनी द्वारा इस कार्य के दृष्टिगत इस मार्ग को सीमित अवधि के लिए वाहनों की आवाजाही के लिए बाधित करने का आग्रह किया गया है। जिला दंडाधिकारी ने लोगों की सुरक्षा के दृष्टिगत 19 से 28 दिसंबर तक दोपहर 12.30 से 2.30 बजे तक वाहनों की आवाजाही बंद रहेगी।

# मंडी के साथ सौतेला व्यवहार कर रही सरकार : रणवीर सिंह

**अनंत ज्ञान, मंडी**



भाजपा द्वारा निर्वाचित सभी मंडल अध्यक्ष विश्व की सबसे बड़े राजनीतिक दल को और अधिक मजबूत करेंगे और सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ मिल कर संगठन के कार्य को पूरी मेहनत से करेंगे। पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रणवीर सिंह ने कही।

उन्होंने वर्तमान कांग्रेस सरकार पर मंडी के साथ हो रहे सौतेले व्यवहार का आरोप भी लगाया और कहा कि बड़े बड़े वादे कर सत्ता में आई सुक्खु सरकार ने मंडी जैसे महत्वपूर्ण जिला के विकासात्मक कार्यों को सुनियोजित तरीके से बंद कर दिया है। चाहे वह शिवधाम हो, बल्ह हवाई अड्डा हो अथवा हिमाचल का दूसरा सरदार पटेल विश्वविद्यालय को निरंतर कमजोर और बंद करने का प्रयास, मंडी के प्रति ऐसी नफरत हिमाचल प्रदेश के इतिहास में कभी नहीं देखी गई है। उन्होंने कहा करोड़ों कार्यकर्ताओं के त्याग और परिश्रम से भाजपा सबसे बड़ा राजनीतिक दल बना है।

# गर्म इलाके की ओर पलायन करने लगे गद्दी

**आदर्श, नेरचौक**

भेड़ बकरियों का मुख्य व्यवसाय करने वाले गद्दी समुदाय के लोग सर्दी का प्रकोप बढ़ने के कारण ठंडे इलाके से नालागढ़ की ओर पलायन करने लगे हैं। हर वर्ष की भांति इस बार भी गद्दी समुदाय के लोग अपनी भेड़ बकरियां लेकर नालागढ़ की ओर जा रहे हैं। तीन माह तक अब भेड़ बकरियां लेकर गद्दी समुदाय के लोग नालागढ़ क्षेत्र में ही रहेंगे। आगामी मार्च माह में यह पुनः पहाड़ी क्षेत्र की ओर वापस लौट जाएंगे।

गद्दी समुदाय के लोग भारी मात्रा में भेड़ बकरियों के झुंड लेकर बीबीएमबी की बग्गी सुंदरनगर



किनारे की सड़क से होते हुए नालागढ़ जाते देखे गए। भेड़ बकरियों लेकर नालागढ़ जा रहे पालमपुर से तालुका रखने वाले गद्दी कृपा राम ने बताया कि पहाड़ों में ठंड बढ़ने पर भेड़ बकरियां लेकर नालागढ़ जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि मार्च माह में वे फिर से वापस पालमपुर व धर्मशाला लौट जाएंगे।

# एचजीसीटीए ने किया कर्मियों की सेवा शर्तें विधेयक का विरोध

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

हिमाचल प्रदेश सरकारी कॉलेज शिक्षक संघ (एचजीसीटीए) ने हाल ही में हिमाचल प्रदेश भर्ती और सरकारी कर्मचारियों की सेवा शर्तें विधेयक, 2024 पर अपनी नाराजगी व्यक्त की है, जिसे हिमाचल सरकार ने अधिनियमित किया है।

यह विधेयक असंवैधानिक और अवमाननापूर्ण है और कर्मचारी विरोधी भी है। इस विधेयक का उद्देश्य हिमाचल प्रदेश के लोक सेवा आयोग के माध्यम से राज्य सरकार द्वारा स्वयं भर्ती किए गए अनुबंध के आधार पर कर्मचारियों द्वारा प्रदान की गई सेवाओं को अर्थहीन करना है। हाल के दिनों में हिमाचल प्रदेश के उच्च न्यायालय और भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा कर्मचारियों के पक्ष में कई निर्णय पारित किए गए हैं, जिसमें सभी प्रकार के लाभों के लिए कॉन्ट्रैक्ट सेवा की अवधि को गिनने के लिए कर्मचारियों के पक्ष में निर्णय पारित किए गए हैं, क्योंकि कर्मचारियों ने नियमित समकक्ष कर्मचारियों के समान कर्तव्यों का निर्वहन किया है।

न्यायालय ने राज्य सरकार को निर्देश दिया है कि वेतन वृद्धि, पदोन्नति और अन्य परिणामी लाभों के लिए अनुबंध अवधि की गणना की जाए।

### अलोकतांत्रिक रवैया

**एचजीसीटीए** की अध्यक्ष डॉ. बनिता सकलानी ने कहा कि राज्य सरकार के मंत्रियों ने विभिन्न सार्वजनिक मंचों से वादा किया था कि वे अनुबंध नीति को खत्म कर देंगे और कर्मचारियों की सेवाओं को अनुबंध अवधि में शामिल होने की तारीख से गिना जाएगा। राज्य के कर्मचारी पुरानी पेंशन योजना को बहाल करने के लिए वर्तमान सरकार के काफी आभारी हैं, परंतु पेंशन की कीमत मौजूदा सेवा लाभ नहीं हो सकते। सरकार ने देश की न्यायिक व्यवस्था पर हावी होने और कर्मचारियों के लाभों को पूर्वव्यापी रूप से समाप्त करने के लिए एक गलत अलोकतांत्रिक मिसाल कायम की है।

### कोर्ट में देंगे चुनौती



**एचजीसीटीए** की अध्यक्ष डॉ. बनिता सकलानी ने कहा कि इन सेवाओं को सार्वजनिक सेवा नहीं माना जाता है तो सरकार ओपीएस के लिए अनुबंध अवधि के लाभों का दावा कैसे कर सकती है। कॉलेज शिक्षकों की ओर से राज्य सरकार से आग्रह किया जाता है कि वह इस विधेयक को वापस ले और कर्मचारियों के पक्ष में सभी अदालती आदेशों को अक्षरशः लागू करे। अन्यथा कर्मचारी उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती देंगे।

### रोष — पूरी ग्राम पंचायत के बजाए धर्मपुर कस्बे व खड्डु के साथ लगते क्षेत्र को ही करें शामिल

# धर्मपुर को नगर पंचायत बनाया तो माकपा करेगी आंदोलन

**रितेश चौहान, सरकाघाट**

धर्मपुर ग्राम पंचायत को नगर पंचायत बनाने का स्थानीय लोग विरोध कर रहे हैं, लेकिन विधायक इसे नगर पंचायत बनाने पर तुले हुए हैं और इसे अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश कर रहे हैं जो सही नहीं है।

मार्कसवादी कम्युनिस्ट पार्टी के नेता व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह ने इसके बारे प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि नगर पंचायत व परिषद बनाने का आधार ये होता है कि उस क्षेत्र के निवासी कृषि बागवानी के बजाए गैर कृषि कार्य ज्यादा करते हैं और जहां पर इसके लिए भूमि नहीं बची हो। लोग कृषि के अलावा दूसरे काम ज्यादा करते हैं।

जिस जगह व्यापारिक गतिविधियां ज्यादा होती हैं और उन्हें विस्तारित व व्यवस्थित करने के लिए टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के नियमों के अनुसार भवन निर्माण करना होता है।

सार्वजनिक सुविधाओं जिसमें सीवरेज, साफ सफाई, बिजली, पानी की सुविधा में वृद्धि तो होती है लेकिन उसके लिए, लोग टैक्स जनता को ही देना होगा।(अनंत ज्ञान)

### महिलाओं का छीनेगा रोजगार

**पंचायत** में कुल 689 मनरेगा जॉब कार्ड हैं जिनमें धर्मपुर में 118 बनवाँर कलां में 283 बार्डगनान में 172 छपनु में 136 और कलस्वाई में 130 हैं जिनमें 99 प्रतिशत महिलाएं काम करती हैं जिनका रोजगार छीन जाएगा और उसका विकल्प कोई नहीं दिया जा रहा है। कैंची मोड़ से बाईपास होते हुए बस स्टैंड तक सभी भवन खड्डु से 50 मीटर के दायरे में बने हैं जो टीसीपी कानून के नियमानुसार सही नहीं हैं तो नगर पंचायत बनने पर उन्हें कैसे नियमित किया जाएगा। नगर पंचायत बनने पर उपभोक्ताओं पर गृह व अन्य प्रकार के टैक्स लगेंगे।

### ग्रामीण वार्ड न हो शामिल

**भूपेंद्र** सिंह ने कहा की स्थानीय प्रशासन और विधायक को स्थानीय जनता को इसके बारे अवगत व संतुष्ट करवाना चाहिए और तब तक इस फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए और ग्रामीण वार्डों को इसमें शामिल नहीं करना चाहिए। उन्होंने स्थानीय ग्राम पंचायत से इस मुद्दे पर जनरल हाऊस बुलाने की मांग की है और वार्ड स्तर पर भी वार्ड सभाएं आयोजित की जाएं और आम जनता की राय लेकर प्रस्ताव विधायक व प्रशासन को दिया जाये और यदि सरकार जोर जबरदस्ती से इसे लागू करती है तो विरोध करना होगा।

# गेस्ट टीचर भर्ती के खिलाफ नौजवान सभा ने उठाई आवाज

**अनंत ज्ञान, मंडी**

गेस्ट टीचर भर्ती नीति के खिलाफ अब भारत की जनवादी नौजवान सभा भी विरोध में खड़ी हो गई है। नौजवान सभा के अध्यक्ष सुरेश सरवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा की।

भारत की जनवादी नौजवान सभा प्रदेश सरकार द्वारा गेस्ट टीचर भर्ती नीति की कड़े शब्दों में निंदा करती है। हिमाचल प्रदेश सरकार ने एक बार फिर गेस्ट टीचर भर्ती करने का निर्णय लिया है। नौजवान सभा यह मानती है कि यह निर्णय हिमाचल प्रदेश में पढ़े-लिखे बेरोजगार युवाओं के साथ भद्दा मजाक है। हिमाचल प्रदेश पहले ही बेरोजगारी की बहुत बड़ी मार झेल रहा है। हिमाचल प्रदेश के शिक्षा विभाग में ही लगभग 20000 से अधिक शिक्षक और गैर शिक्षकों के पद खाली पड़े है। अधिकांश स्कूल खास तौर पर प्राथमिक स्कूल डेपुटेशन पर चल रहे हैं।

सुरेश सरवाल ने कहा की सरकार बजट का रोना रो रही है परंतु फिजूल खर्चों पर अंकुश नहीं लगा रही है। सरकार अपनी फिजूलखर्ची पर अंकुश लगाए और रिटायर अधिकारियों को एक्सटेंशन के रूप में लाखों रुपए लुटाए जा रहे हैं। नौजवान सभा मांग करती है कि शीघ्र गेस्ट टीचर भर्ती नीति के निर्णय को वापस ले।

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध लकड़ी से भरे दो वाहन काबू




**विवेक शर्मा, अंब।** हिमाचल प्रदेश का ऊना जिला माफिया के नाम से मशहूर हो रहा है ऊना जिले में रेत माफिया, शराब माफिया और अब वन माफिया भी बुलंदियों पर है। वन विभाग द्वारा वन माफिया के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा रही है। वन विभाग द्वारा कुछ दिन पहले यहां 15 गाड़ियां अवैध रूप से लकड़ी से भरी पकड़ी गई थीं, वहीं पिछले कल भी वन विभाग द्वारा वन माफिया के खिलाफ शिकंजा कसा है और लकड़ी से भरी दो गाड़ियों को वन विभाग की टीम ने पकड़ने में सफलता हासिल की है। इन दोनों गाड़ियों में अवैध रूप से लकड़ी भरी हुई थी, जिसको वन विभाग की टीम ने पकड़ कर अपने कब्जे में लिया है। वन विभाग के अधिकारी डीएफओ सुशील ठाकुर ने बताया कि ऊना जिले में वन माफिया के खिलाफ लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। उन्होंने अवैध तरीके से लकड़ी का कारोबार करने वालों के खिलाफ आगे भी कड़ी कार्रवाई किए जाने का दावा किया है।

### चोरी की वारदातों का सुराग नहीं, लोग परेशान

**अनंत ज्ञान, लठियाणी।** उपमंडल बंगाणा के अंतर्गत पंचायत धतोल के गांव कुसान ब्राह्मण में 15 दिन पहले हुई चोरियों ने गांववासियों में दहशत का माहौल बना दिया है। चोरी की घटनाओं के बाद भी अब तक पुलिस प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे लोगों में असंतोष और चिंता का माहौल है। गांववासियों का कहना है कि चोरी की घटनाओं के बाद 15 दिन से ज्यादा वक्त गुजर चुका है, लेकिन किसी भी अधिकारी ने अभी तक उनका हालचाल नहीं पूछा और न ही मामले की गहनता से जांच की गई। इस लापरवाही से ग्रामीणों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। गांववासियों ने प्रशासन से आग्रह किया कि जल्द से जल्द कार्रवाई करें, ताकि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का माहौल स्थापित हो सके। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही कार्रवाई नहीं की गई तो और भी कई समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। ग्रामीणों ने पुलिस प्रशासन से यह मांग की है कि मामले की गंभीरता से जांच हो और चोरों को शीघ्र पकड़ा जाए ताकि गांव में फिर से सुरक्षा की भावना स्थापित हो सके।

### दौलतपुर चौक ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी गठित



**अनंत ज्ञान, अंब।** एनयूजेआईएचपी जिला ऊना की ब्लॉक स्तरीय कार्यकारिणी की बैठक राज्य उपाध्यक्ष पंकज कतना की अध्यक्षता में वीरवार को दौलतपुर चौक में संपन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से ब्लॉक अध्यक्ष गुरदेव कुमार, उपाध्यक्ष राकेश कुमार, सचिव दिनेश कुमार, कोषाध्यक्ष दीपक जसवाल, महामंत्री दविंदर ठाकुर तथा संजीव कुमार, सुखविंद्र पाल, भूपिंदर डडवाल, राजिंद्र पंडित को सदस्य मनोनीत किया गया। बैठक में संगठन को मजबूत करने के लिए आगामी कार्रवाई पर चर्चा की गई। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष गुरदेव कुमार ने कहा कि संगठन के पदाधिकारियों ने जो जिम्मेदारी मुझे सौपी है, उसे में बखूबी ढंग से निभाने की कोशिश करूंगा तथा कार्यकारिणी सदस्यों के साथ संगठन की मजबूती के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। इस मौके पर एनयूजेआईएचपी जिला अध्यक्ष भारत भूषण, जिला महामंत्री स्पर्श तथा कई गणमान्य उपस्थित रहे ।

# लठियाणी को स्वच्छ पंचायत का दर्जा लेकिन नहीं है सार्वजनिक शौचालय

## लठियाणी बाजार में शॉपिंग के लिए आ रही महिलाओं को करना पड़ रहा परेशानी का सामना

**विनोद शर्मा, लठियाणी**



स्वच्छ पंचायत का दर्जा हासिल करने वाली लठियाणी पंचायत के बाजार में अभी तक सार्वजनिक शौचालय की समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। इसके चलते यहां पर आने जाने वाले खरीददार खासकर महिलाएं एवं दुकानदार सड़क के किनारे ही शौच करने के लिए मजबूर हैं।

लठियाणी बाजार के साथ लगते गांव से एवं अन्य स्थानों से इस बाजार से सामान लेने आई महिलाओं को शौचालय न होने के कारण भारी दिक्कतों का सामना कर बाजार से दूर जाकर झाड़ियों में शौचालय करने के लिए मजबूर हैं, परंतु इस तरफ न प्रशासन का और न ही स्थानिक ग्राम पंचायत का ध्यान जाता है कि बाजार में सार्वजनिक शौचालय की सुविधा मुहैया करने के लिए उचित कदम उठाए जाए।

इतना ही नहीं इससे पहले व्यापार मंडल लठियाणी एवं गणमान्य लोग इस समस्या को लेकर कई बार प्रशासन के पास समस्या को उठा चुके हैं, उसके बावजूद भी इस ओर कोई उचित कदम नहीं उठाए गए। इस समस्या को लेकर जब व्यापार मंडल स्थानीय ग्राम पंचायत से संपर्क करता है तो उनके द्वारा एक ही जवाब दिया जाता है कि हमें उचित स्थान नहीं मिल रहा है, जिस कारण सार्वजनिक शौचालय बनाने में दिक्कत आ रही है।

स्थानीय व्यापारियों का कहना है कि प्रशासन द्वारा पंचायत को स्वच्छ पंचायत का दर्जा दिया जाता है तो उस समय किन मापदंडों के आधार पर प्रमाण पत्र जारी किया जाता होगा, यह भी एक सोचने की बात है।

### क्या कहते हैं लठियाणी पंचायत के प्रधान जोगिंद्र

लठियाणी पंचायत के प्रधान जोगिंद्र शर्मा का कहना है कि बाजार में सार्वजनिक शौचालय की समस्या है, परंतु उचित स्थान न मिलने के कारण इसे बनाने में दिक्कत आ रही है। पंचायत समिति सदस्य जोगिंद्र देव आर्य ने कहा कि प्रशासन के पास भी इस समस्या को मैंने रखा था, परंतु प्रशासन ने भी जगह उपलब्ध करवाने के बारे में कहा है। जैसे ही उचित स्थान उपलब्ध होगा, जल्द ही शौचालय बना दिया जाएगा। पंचायत समिति सदस्य ने कहा कि किसी पर भी प्रकार की सुविधा लेने के लिए जमीन की आवश्यकता तो होती ही है। उन्होंने स्थानीय लोगों से आग्रह किया कि आप जल्द ही जमीन उपलब्ध करवाएं ताकि आप की समस्या का समाधान जल्द से जल्द किया जाए।

# जल शक्ति मंडल थानाकलां में पंप ऑपरेटर और मल्टी टास्क वर्कर की हो ज्वाइनिंग

- एक सप्ताह के भीतर तैनाती नहीं हुई तो कुटलैहड़ भाजपा देगी धरना : देवेंद्र कुमार भुट्टो
- बोले-जल शक्ति विभाग के अधिकारी ने किसके कहने पर रोकी ज्वाइनिंग, करें स्पष्ट

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**

कुटलैहड़ के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने जल शक्ति विभाग में पंप ऑपरेटर ओर मल्टी टास्क वर्कर के परिणाम पर प्रश्न उठाते हुए राज्य सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि जब जल शक्ति विभाग में मल्टी टास्क वर्कर और पंप ऑपरेटर के इंटरव्यू हो चुके हैं और राज्य के हर मंडल में पंप ऑपरेटर ओर मल्टी टास्क वर्कर की ज्वाइनिंग हो चुकी है तो कुटलैहड़ विस क्षेत्र में तीन माह से इंतजार कर रहे युवाओं को क्यों नौकरी पर नहीं रखा जा रहा है।

क्यों युवाओं के साथ धोखा किया जा रहा है। आखिर किसके कहने पर युवाओं की जल शक्ति विभाग में ज्वाइनिंग नहीं हो रही है। यह जल शक्ति विभाग ओर सरकार स्पष्ट करें। देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि अगर कुटलैहड़ विस क्षेत्र के युवाओं द्वारा जल शक्ति विभाग में दिए गए इंटरव्यू पर युवाओं की ज्वाइनिंग नहीं होती है तो कुटलैहड़ भाजपा सैकड़ों युवाओं के साथ सरकार और विभाग के खिलाफ सड़कों पर आंदोलन करने से गुरेज नहीं करेगी। भुट्टो ने कहा कि एक तरफ राज्य सरकार युवाओं को रोजगार देने की बात करती आ रही है और दूसरी तरफ कुटलैहड़ विस क्षेत्र में युवाओं के साथ राजनीति द्वेष भाव करके उनके नौकरी से वंचित किया जा रहा है और युवाओं को आंदोलन करने पर मजबूर किया जा रहा है।

देवेंद्र कुमार भुट्टो ने कहा कि राज्य सरकार और उनके प्रतिनिधि किसी ही युवा की जल शक्ति विभाग में पंप ऑपरेटर और मल्टी टास्क वर्कर रखें, भाजपा को कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन शक्ति विभाग में किसी युवा को तो रोजगार मिले। आखिर ऐसी क्या मजबूरी हो गई है कि जल शक्ति विभाग में तीन माह से युवाओं को इंटरव्यू देने के बाद भी रोजगार से वंचित रखा जा रहा है।

### बड़ूही में वॉलीबाल प्रतियोगिता कल से

**हीना पठानिया, बड़ूही।** ग्राम पंचायत बड़ूही के महावीर यूथ क्लब बड़ूही द्वारा वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है, जो कि 21 और 22 दिसंबर को चलेगा। यह दो दिवसीय टूर्नामेंट में जिले के साथ-साथ बाहर की टीमों को भी आमंत्रित किया गया है।

यह टूर्नामेंट पंचायत घर के साथ लगते ग्राउंड में किया जा रहा है, जिसमें लगभग 31 हजार की इनामी राशि रखी गई है और भाग लेने वाली टीम से कोई भी शुल्क नहीं लिया जाएगा। टूर्नामेंट के लिए फ्री एंट्री रखी गई है। आयोजकों ने बताया कि बाहर से आने वाले खिलाड़ियों को खाने-पीने की सुविधा भी प्रदान की जाएगी।







ऊना के भाजपा विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने वीरवार को नगरोटा बगवां स्थित 'अनंत ज्ञान' प्रेस परिसर का विजिट किया। उनका शॉल-मफलर पहनाकर स्वागत किया और स्मृति स्वरूप मां चामुंडा का चित्र भेंट किया गया। इस दौरान उनके साथ डिजिटल युग में प्रिंट मीडिया के समक्ष चुनौतियां तथा राजनीति में नेताओं की भूमिका और उनके कर्तव्यों को लेकर लंबी चर्चा हुई। सामूहिक चित्र में अखबार के सीईओ विशाल धीमान, डायरेक्टर प्रतिभा धीमान, संपादक समरजीत, प्रोडक्शन हेड पुरुषोत्तम चंद, हमीरपुर जिले के ब्यूरो चीफ विक्रम ढटवालिया तथा (इनसेट) अनंत ज्ञान अखबार का अवलोकन करते विधायक सतपाल सिंह सत्ती।

### उपनिदेशक ने ख्वाजा बसाल और भलोह स्कूल का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा ऊना सोम लाल धीमान ने वीरवार को राजकीय प्राथमिक पाठशाला ख्वाजा बसाल, राजकीय प्राथमिक व माध्यमिक पाठशाला भलोह का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपनिदेशक ने पाठशालाओं में साफ-सफाई, मिड-डे मील की व्यवस्थाओं सहित स्कूली कार्यप्रणाली को जांचा। इस दौरान उन्होंने स्कूली अध्यापकों की समस्याओं को भी सुना।

उपनिदेशक ने स्कूली अध्यापकों को बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने, मिड-डे मील कर्मियों को भोजन बनाते समय सिर पर टोपी, मुंह पर मास्क, एपरिन और बच्चों को अच्छा व पौष्टिक आहार प्रदान करने के उचित दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने पाठशालाओं के प्रमुखों को भी मिड-डे मील बनाते व बच्चों को परोसते समय स्वच्छता सुनिश्चित बनाना तथा पीने के पानी की टंकियों की साफ-सफाई सुनिश्चित बनाने के निर्देश भी दिए।

# नुक्कड़ नाटकों के जरिए लोगों को दी सरकारी योजनाओं की जानकारी

- आरके कलामंच के कलाकारों ने गगरेट अप्पर और डंगोह खुर्द में किया लोगों को जागरूक

**अनंत ज्ञान, ऊना**

सूचना एवं जन संपर्क विभाग से संबंधित सांस्कृतिक दलों ने वीरवार को बटूही, कुरियाला, गगरेट अप्पर व डंगोह खुर्द में लोगों को गीत-संगीत व नुक्कड़ नाटकों के जरिए अनुसूचित जाति के कल्याणार्थ संचालित की जा रही कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ जन कल्याणकारी नीतियों, योजनाओं, उपलब्धियों व नशा निवारण विषय पर जागरूक किया।

इस दौरान आरके कलामंच के कलाकारों ने गगरेट अप्पर और डंगोह खुर्द में लोगों को जागरूक करते हुए बताया कि समाज में छुआछूत की प्रथा को दूर करने के लिए अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 के प्रावधानों को प्रभावी तौर पर लागू किया जा रहा है जिसके अंतर्गत विभाग अन्तर्जातीय विवाह के लिए 50 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। महिलाओं के सशक्तिकरण के दृष्टिगत इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख-सम्मान निधि योजना के तहत अभी तक कुल 30,929 महिलाओं को लाभान्वित किया गया है।

पूर्वी कलामंच के कलाकारों ने बटूही व कुरियाला में लोगों को बताया कि प्रदेश सरकार असहाय वृद्धजनों जिनके पास अपना कोई घर नहीं है व जिनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं है, की देखभाल के लिए सरकार/गैर सरकारी संस्थाओं के माध्यम से प्रदेश में 11 वृद्ध आश्रम, 22 डेकेयर सेंटर और 7 वरिष्ठ नागरिक सुविधा केंद्र चलाए जा रहे हैं। सरकार ने अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्प संख्यक वर्ग, एकल नारी, विधवा व दिव्यांगजन से सम्बन्धित अभ्यार्थियों को कंप्यूटर प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए 5 करोड़ रुपए के बजट का प्रावधान किया है। इसी कड़ी में 20 दिसंबर को चिंतपूर्णी विस क्षेत्र के गांव लडोली व भवारन कंदरोही जबकि ऊना विस क्षेत्र के गांव जखेड़ा व हरोली विस क्षेत्र के भदसाली गांव में लोगों को सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम जागरूक किया जाएगा।

इसी अभियान के चौथे दिन सांस्कृतिक कला जत्थों द्वारा 21 दिसंबर को चिंतपूर्णी विस क्षेत्र के गांव अंबटिल्ला व चौकी में और हरोली विस के गांव कुंगड़त व खड्ड खास में कार्यक्रम होंगे। 22 दिसंबर को हरोली विस के गांव सलोह व दुलैहड़ अप्पर, गगरेट विस के गांव पिरथीपुर तथा चिंतपूर्णी के गांव घंघरेट में कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा, जबकि अभियान के छठे और अंतिम दिन 23 दिसंबर को कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के गांव पंसाई, बौल, मोहखास व परोइयां में गीत-संगीत व नाटकों के माध्यम से लोगों को मनोरंजन के साथ जनहित में संचालित योजनाओं बारे जानकारी दी जाएगी।

# वरिष्ठ सिविल जज अनीता शर्मा ने कानूनी अधिकार बताए

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

खंड विकास कार्यालय बंगाणा में महिला सशक्तिकरण पर विधान से समाधान पर कानूनी जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता वरिष्ठ सिविल जज ऊना अनीता शर्मा ने की। इस दौरान घरेलू हिंसा अधिनियम, पॉश अधिनियम, दहेज निषेध अधिनियम, आईटीपीए और कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम और कानूनों के बारे में जागरूक किया गया।

वरिष्ठ सिविल जज ऊना अनीता शर्मा ने कार्यशाला में उपस्थित लोगों को विक्टिम ऑफ क्राइम, मुआवजा अधिनियम 2019 और राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बलात्कार, एसिड अटैक जैसी घटनाओं के पीड़ितों को प्रदान किए जाने वाले मुआवजे, साथ ही उन्होंने परिवारों में लड़के और लड़की के बीच किए जाने वाले भेदभाव और घरेलू हिंसा अधिनियम बारे जानकारी मुहैया करवाई। इसके अलावा अनीता शर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता धारा 176 (1) के अंतर्गत पीड़िता को अधिक सुरक्षा प्रदान करने और बलात्कार से संबंधित अपराध की जांच में पारदर्शिता सुनिश्चित बनाने, पुलिस द्वारा पीड़िता का बयान ऑडियो-वीडियो माध्यम से दर्ज करने और 183(6)(ए) के तहत महिलाओं के खिलाफ कुछ अपराधों के लिए पीड़िता के बयान, जहां तक संभव हो, एक महिला मजिस्ट्रेट द्वारा दर्ज किए जाने चाहिए और उसकी अनुपस्थिति में एक पुरुष मजिस्ट्रेट द्वारा एक महिला की उपस्थिति में दर्ज किए जाने तथा 183(6)(क) के अंतर्गत मजिस्ट्रेट अब ऐसे मामलों में गवाह का बयान दर्ज करेंग।



बंगाणा में आयोजित कार्यशाला में सिविल जज जानकारी देती हुई।

- महिला सशक्तिकरण पर कानूनी जागरूकता कार्यशाला आयोजित

इनमें महिलाओं के खिलाफ कुछ अपराध शामिल हैं। इनके आरोपी को दस वर्ष या उससे अधिक की कैद, आजीवन कारावास या मृत्युदंड की सजा हो सकती है, के बारे में भी जागरूक किया गया। इस दौरान उन्होंने जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली, मुफ्त कानूनी सलाह के लिए उपलब्ध टोल फ्री नंबर 15100 और एंड्रॉइड और ऐप्पल प्ले-स्टोर पर उपलब्ध नालसा की मुफ्त कानूनी सेवा ऐप के बारे में अवगत कराया गया।

इस कार्यशाला में बाल कल्याण समिति की अध्यक्षा मीनाक्षी राणा ने यौन उत्पीड़न अधिनियम के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने महिला कर्मचारियों को कार्यस्थल पर पेश आने वाली विभिन्न समस्याओं और सोशल मीडिया पर बातचीत करते समय बरती जाने वाली सावधानियों बारे अवगत करवाया। इस कार्यशाला में खंड विकास अधिकारी सुशील कुमार, अधिवक्ता जिला न्यायालय ऊना राजकुमारी और स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने भाग लिया।

**श्रद्धा** बंगाणा में डॉ. सुमन के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा को सुनने आ रहे दूसरे जिलों से श्रद्धालु

# महिषासुर की मौत पर देवी-देवताओं ने की फूलों की वर्षा

**राजेश ठाकुर, बंगाणा**



बंगाणा में भागवत श्रवण करते श्रद्धालु।

उपमंडल बंगाणा के हिमुडा कॉलोनी बंगाणा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के अष्टम दिवस पर कथा व्यास ने प्रवचन करते हुए कहा कि ऐसा कहा जाता है कि माता के गण अदृश्य रूप में विद्यमान रहते हैं। उनके गणों में भैरव और भैरवी प्रमुख हैं। माता दुर्गा के आगे हनुमान और पीछे भैरव की सवारी चलती है। कथा व्यास आचार्य डॉ. सुमन शर्मा ने कहा कि महिषासुर एक असुर था। महिषासुर के पिता रंभ, असुरों का राजा था, जो एक बार जल में रहने वाले एक भैंस से प्रेम कर बैठा और इन्हीं के योग से महिषासुर का आगमन हुआ। इस वजह से वश महिषासुर इच्छानुसार जब चाहे भैंस और जब चाहे मनुष्य का रूप धारण कर सकता था।

उन्होंने कहा कि जब महिषासुर सृष्टिकर्ता ब्रह्मा का महान भक्त था और ब्रह्मा जी ने उन्हें वरदान दिया था कि कोई भी देवता या दानव उस पर विजय प्राप्त नहीं कर सकता। महिषासुर बाद में स्वर्ग लोक के देवताओं को सताने लगा और पृथ्वी पर भी उत्पात मचाने लगा। उसने स्वर्ग पर एक बार अचानक आक्रमण कर दिया और इंद्र को परास्त कर स्वर्ग पर अधिकार कर लिया और सभी देवताओं को वहां से खदेड़ दिया। देवगण परेशान होकर त्रिमूर्ति ब्रह्मा, विष्णु और महेश के पास सहायता के लिए पहुंचे।

सारे देवताओं ने फिर मिलकर उसे परास्त करने के लिए युद्ध किया परंतु वे फिर हार गए। कथा व्यास ने कहा कि देवता सर्वशक्तिमान होते हैं, लेकिन उनकी शक्ति को समय-समय पर दानवों ने चुनौती दी है। कथा के अनुसार, दैत्यराज महिषासुर ने तो देवताओं को पराजित करके स्वर्ग पर अधिकार भी कर लिया था। उसने इतना अत्याचार फैलाया कि देवी भगवती को जन्म लेना पड़ा। उनका यह रूप 'महिषासुर मर्दिनी' कहलाया। उन्होंने कहा कि देवताओं को महिषासुर के प्रकोप से पृथ्वी पर विचरण करना पड़ रहा है। भगवान विष्णु और भगवान शिव अत्यधिक क्रोध से भर गए। इसी समय ब्रह्मा, विष्णु और शिव के मुंह से क्रोध के कारण एक महान तेज प्रकट हुआ। अन्य देवताओं के शरीर से भी एक तेजोमय शक्ति मिलकर उस तेज से एकाकार हो गई। यह तेजोमय शक्ति एक पहाड़ के समान थी। उसकी ज्वालाएं दसों-दिशाओं में व्याप्त होने लगीं। यह तेजपुंज सभी देवताओं के शरीर से प्रकट होने के कारण एक अलग ही स्वरूप लिए हुए था।

कथा व्यास ने कहा कि समस्त देवताओं के तेज पुंज से प्रकट हुई देवी को देखकर पीड़ित देवताओं की प्रसन्नता का ठिकाना नहीं रहा। भगवान शिव ने त्रिशूल देवी को दिया। भगवान विष्णु ने भी चक्र देवी को प्रदान किया। इसी प्रकार, सभी देवी-देवताओं ने अनेक प्रकार के अस्त्र-शस्त्र देवी के हाथों में सजा दिए। इंद्र ने अपना वज्र और ऐरावत हाथी से उतारकर एक घंटा देवी को दिया। सूर्य ने अपने रोम कूपों और किरणों का तेज भरकर ढाल, तलवार और दिव्य सिंह यानि शेर को सवारी के लिए उस देवी को अर्पित कर दिया।

विश्वकर्मा ने कई अभेद्य कवच और अस्त्र देकर महिषासुर मर्दिनी को सभी प्रकार के बड़े-छोटे अस्त्रों से शोभित किया। थोड़ी देर बाद महिषासुर ने देखा कि एक विशालकाय रूपवान स्त्री अनेक भुजाओं वालीं और अस्त्र शस्त्र से सज्जित होकर शेर पर बैठकर अट्टहास कर रही हैं। महिषासुर की सेना का सेनापति आगे बढ़कर देवी के साथ युद्ध करने लगा। उदग्र नामक महादैत्य भी 60 हजार राक्षसों को लेकर इस युद्ध में कूद पड़ा। महानु नामक दैत्य एक करोड़ सैनिकों के साथ, अशीलोमा दैत्य पांच करोड़ और वास्कल नामक राक्षस 60 लाख सैनिकों के साथ युद्ध में कू द पड़े।

सारे देवता इस महायुद्ध को बड़े कौतूहल से देख रहे थे। दानवों के सभी अचूक अस्त्र-शस्त्र देवी के सामने बौने साबित हो रहे थे, लेकिन देवी भगवती अपने शस्त्रों से राक्षसों की सेना को बींधने बनाने लगीं। इस युद्ध में महिषासुर का वध तो हो ही गया, साथ में अनेक अन्य दैत्य भी मारे गए, सभी देवी-देवताओं ने प्रसन्न होकर आकाश से फूलों की वर्षा की। (अनंत ज्ञान)

### धार्मिक कार्यक्रम में इन्होंने दी सेवाएं

इस मौके पर अजय ठाकुर, दीवा साड़ी ऐप के फाउंडर एवं सीईओ देश के प्रथम युवा व्यवसाई अंकुश वर्जाता, हंसराज वर्जाता,ज्योति वर्जाता, विनोद कुमार सेंटी, आरबी राणा, माया देवी मदन गोपाल बोहरा, राजन सोनी, बिंदू सोनी, अजमेर सिंह कुटलैहड़िया, रणबीर पठनीया, कुशला पठानिया, विनोद कुमार शर्मा, अंजू शर्मा, बबीता कुटलैहड़िया, शिव कुमार वर्जाता, सुमन वर्जाता, रक्षा सोनी, मधु बोहरा, उपप्रधान सुरेंद्र हटली, सुशील बाबा, सुरेंद्र राणा, राकेश शर्मा, बलदेव शास्त्री, नरेंद्र शर्मा, कमल देव शास्त्री, कुलदीप शर्मा, विवेकशील शर्मा, मदन गोपाल, डॉ. केशवानंद शर्मा आदि सैकड़ों श्रद्धालुओं ने कथा में अपनी सेवाएं दीं।



## न्यूज ब्रीफ

### प्रशासन ने कसोल में 80 अवैध कब्जे हटाए

**कुल्लू।** जिला कुल्लू की प्रसिद्ध पार्वती घाटी के कसोल में अवैध कब्जाधारियों पर जिला प्रशासन का पीला पंजा चला है। जिला प्रशासन की ओर से कसोल से ग्राहण की तरफ जाने वाले रास्ते से अवैध कब्जों को हटाया गया। एसडीएम कुल्लू विकास शुक्ला ने बताया कि कसोल से 80 के करीब अवैध कब्जे हटाए गए। इन अवैध कब्जाधारियों को जिला प्रशासन की ओर से पहले अवैध कब्जे हटाने को लेकर नोटिस जारी किए गए थे और जल्द कब्जे हटाने के निर्देश भी दिए थे, लेकिन फिर भी इनके द्वारा कब्जे नहीं हटाए गए, ऐसी सूरत में प्रशासन की ओर से स्वयं कब्जों को हटाया और इन्हें चेताया कि यदि भविष्य में इस तरह से फिर से कब्जे किए, तो कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इसके अलावा प्रदूषण बोर्ड द्वारा तय किए गए निमयों के उल्लंघन के अलावा करीब अन्य कई खामियां पाई गई थीं। वहीं, एसडीएम विकास शुक्ला के नेतृत्व में अवैध कब्जाधारियों पर भी शिकंजा कसना शुरू कर दिया है और 80 के करीब अवैध कब्जाधारियों के कब्जे हटाए गए।

### सरकार की योजनाओं व उपलब्धियों बारे बताया

**कुल्लू।** अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के कल्याण के लिए चलाई जा रही प्रदेश सरकार की योजनाओं व सरकार की उपलब्धियों के बारे में जागरूक करने के दृष्टिगत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से संबद्ध मन्नत कला मंच कुल्लू के कलाकारों द्वारा नुक्कड़-नाटक व गीत-संगीत पर आधारित कार्यक्रमों का आयोजन कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के कसोल पंचायत के चोहकी गांव व ब्राधा पंचायत के शानचन में किया गया। जागरूकता कार्यक्रम के तहत प्रदेश में अनुसूचित जाति व जनजाति के कल्याण के चलाई जा रही योजनाओं से लोगों को अवगत करवाया गया। प्रदेश सरकार के द्वारा अनुसूचित जाति व जनजाति के उत्थान के लिए अनुसूचित जाति उपपरियोजना के अंतर्गत 2483.20 करोड़ की राशि व्यय की जा रही है। स्वर्ण जयंती आश्रय योजना के तहत सरकार द्वारा अनुसूचित जाति, जनजाति व अपने पिछड़ा वर्ग के 1666 पात्र व्यक्तियों को नया मकान बनाने के लिए 1.50 लाख रुपए प्रति व्यक्ति की दर से प्रदेश सरकार द्वारा लाभार्थियों को दिए जा रहे हैं।

### केलांग में कल होगा महासफाई अभियान

**केलांग।** जिला मुख्यालय केलांग मे 21 को पंचायत केलांग और जिला प्रशासन की ओर से महासफाई अभियान का आयोजन किया जाएगा, जिसमें पूरी केलांग पंचायत में बड़े स्तर पर सफाई अभियान चलाया जाएगा। स्थानीय निवासियों के साथ-साथ महिला मंडल, युवा मंडल, स्वयं सहायता समूह, जिला प्रशासन, वॉलंटियर, व्यापार मंडल, स्वास्थ्य विभाग, स्कूलों, पंचायतीराज, खंड विकास, जल शक्ति विभाग, पुलिस, होम गार्ड, साडा, बैंक, समेत सभी विभिन्न विभाग इसमे भाग लेंगे। केलांग पंचायत के प्रधान सोनम जांगपो ने बताया कि सभी के सहयोग से केलांग में एक महासफाई अभियान को आयोजित करने जा रही है, जिसमें पूरे केलांग पंचायत की सफाई की जाएगी। 21 को सुबह 10 बजे से चिन्हित स्थानों से शुरू की जाएगी, जिसमें लोअर केलांग मे क्षेत्रीय अस्पताल, अप्पर केलांग में ओल्ड सर्किट हाउस, बिलिंग ग्राउंड से शुरू की जाएगी। इसमें कूड़ा इकट्ठा किया जाएगा साथ ही सभी को जागरूक किया जाएगा।

### इंडोर खेलों में 45 वरिष्ठ नागरिक ले रहे भाग

**कुल्लू।** वरिष्ठ नागरिकों के लिए कार्य कर रही संस्था हेल्पेज इंडिया द्वारा नगवाईं में वरिष्ठ नागरिकों के लिए दो दिवसीय इंडोर खेलों का शुभारंभ किया। इसमें 95 वर्ष के ढाचा राम ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की, जबकि एनएचपीसी चरण-तीन के महाप्रबंधक प्रभारी प्रकाश चंद बतौर वशिष्टातिथि के रूप से उपस्थित रहे। यह खेलों का आयोजन एनएचपीसी के स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में किया जा रहा है। इन खेलों में मुख्य रूप से 60 वर्ष की आयु से अधिक वरिष्ठ नागरिक भाग ले रहे हैं। इन खेलों में मुख्य रूप से बैडमिंटन, टेवल टेनिस, कैरम, छोलो का आयोजन किया जा रहा है। हेल्पेज इंडिया के कार्यक्रम अधिकारी आंनद ने कहा कि हेल्पेज इंडिया पिछले कई वर्षो से बुजर्गों के कल्याण के लिए कार्य कर रही है। हिमाचल में सामजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय के साथ मिलकर इस तरह के कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन खेलों का आयोजन करवाने का मुख्य उद्देश्य यह है कि आज के समय वरिष्ठ नागरिकों को कई तरह के मानसिक व शारीरिक समस्याओं से जूझना पड़ रहा है। इन खेलों में लगभग 45 वरिष्ठ नागरिकों ने भाग लिया।

### कृषि उत्पादों के बारे में किया जागरूक

**कुल्लू।** हिमाचल में चल रहे फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना जायका-ओडीए के तहत खंड परियोजना प्रबंधन इकाई कुल्लू की ओर से किसानों को 16 से 18 दिसंबर तक 3 दिवसीय एक्सपोसर विजिट का आयोजन किया गया, जिसमें 28 किसानों ने भाग लिया। दौरे के पहले दिन किसानों को कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में कृषि तकनीकी सूचना केंद का दौरा करवाया, जिसमें डॉक्टर संजीव परमार ने किसानों को कृषि विश्वविद्यालय में होने वाले विभिन्न कृषि उत्पादों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। दौरे के दूसरे दिन कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर में किसानों को शैक्षणिक संग्रहालय का दौरा करवाया गया, जिसमे किसानों में कृषि के नए उपकरणों के इस्तेमाल की जानकारी प्राप्त की। दौरे के तीसरे दिन किसानों को मंडी में स्थित टकोली सब्जी मंडी का दौरा करवाया। इसके उपरांत सब्जी विक्रेताओं से सब्जियों के विपणन संबंधी जानकारी दी गई।

### 757.14 लाख बागवानी गतिविधियों पर होंगे खर्च

**कुल्लू।** समेकित बागवानी विकास मिशन कुल्लू की वार्षिक कार्य योजना को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक डीसी तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में हुई। बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए समेकित बागवानी विकास मिशन के तहत वार्षिक कार्य योजना का बजट पारित किया। डीसी ने कहा कि बागवानी की नवीन तकनीकी जानकारी संबंधी सलाह बागवानों को समय-समय पर दें। अच्छे स्टाक रूट, पौधे बागवानी को उपलब्ध करवाने की हमेशा आवश्यकता रहती है। वे वीरवार को वर्ष 2025-26 के लिए समेकित बागवानी विकास मिशन के तहत वार्षिक कार्य योजना तैयार करने को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए बोल रही थीं। उन्होंने कहा कि बागवानी विभाग को नर्सरियों में अच्छी किस्म की पौध तैयार कर क्षेत्र विशेष की जलवायु के अनुरूप बागवानों को पौधे उपलब्ध करवाएं। योजना के तहत जिले में आगामी वित्त वर्ष के दौरान कुल 757.14 लाख की राशि विभिन्न बागवानी गतिविधियों पर खर्च की जाएगी। जिले की आर्थिकी में बागवानी की बड़ी भूमिका है और अधिकांश ग्रामीण लोगों की आजीविका बागवानी से जुड़ी है इसलिए जरूरी है कि इस क्षेत्र को अधिक विकसित करने की दिशा में कार्य किया जाए।

# कुल्लू में धू-धू कर जल रहे जंगल, चारों ओर धुएं का बना गुबार

## जगह-जगह रोजाना सुलग रहे जंगल, सरकार व विभाग इस गंभीर समस्या के समाधान को लेकर नहीं दिख रहा गंभीर

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

कुल्लू जिले के विभिन्न जंगल इन दिनों भीषण आग से लगातार सुलग रहे हैं और चारों ओर जंगलों की आग से तबाही मचाई हुई है। आग के कारण न केवल लाखों की वन संपदा नष्ट हो रही है, बल्कि कई मासूम वन्य प्राणियों की भी इस आग की घटनाओं के कारण जान जा रही है। वहीं, जंगलों में आग लगने के कारण पर्यावरण भी दूषित हो रहा है। जंगलों में आग की इन घटनाओं के कारण कुल्लू में चारों ओर आसमान में धुएं का गुबार बना हुआ है।


जंगल में लगी आग।

जिले के दोहरानाला में जंगल में गत बुधवार से आग लगी है और उसे बुझाने में वन विभाग, अग्निशमन विभाग की टीमें लगी हुई हैं, लेकिन आग इतनी भयानक है कि इसने जंगल के कई किलोमीटर के भू-भाग को अपनी चपेट में ले लिया। वन विभाग की टीम गत रात भी आग पर काबू पाने में जुटी रही। वहीं, वीरवार को भी आग बुझाने के लिए कोशिशें लगातार जारी रहीं। आलम यह है कि आग लगातार फैलती जा रही है और दो दिनों से जंगल में फैली इस आग के कारण और बारिश न होने के कारण कुल्लू में चारों और वातावरण में धुंआ ही धुंआ नजर आ रहा है, जो कि पर्यावरण सहित लोगों की सेहत के लिए हानिकारक है। इस धुएं के कारण लोगों को सांस लेने में भी दिक्कत झेलनी पड़ रही है। कुल्लू में पिछले कई दिनों से जगह-जगह शरारती तत्वों द्वारा जंगलों में आग लगाकर वन संपदा को नष्ट किया जा रहा है। यही नहीं हर साल सभी जंगल इसी तरह से धू-धू कर जलते हैं, लेकिन वन विभाग इन जंगलों को आग लगाने वालों को पकड़ने में नाकामयाब है। इसी कड़ी में इस साल भी जंगल इसी तरह जल रहे हैं। लाखों करोड़ों की वन संपदा नष्ट हो रही है। हजारों की संख्या में वन्य प्राणी मर रहे हैं, लेकिन सरकार इस गंभीर समस्या का कोई समाधान करने की दिशा में उचित कदम नहीं उठा रही है।

वहीं, विभाग भी सिर्फ आग बुझाने तक ही सीमित है, कौन आग लगा रहा है और क्यों इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। प्रसिद्ध पर्यावरणविद एवं ग्रीनमैन किशन लाल ने आग की इन घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि हमारे जंगल जल रहे हैं, लेकिन सरकार और विभाग आंखे मूंद कर बैठे हैं बजाए कोई समाधान निकालने के। उन्होंने लोगों से अपील की है कि जंगलों को आग से बचाएं और अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं व दूसरों को भी जागरूक करें। वहीं, उन्होंने जिला प्रशासन व वन विभाग से आग्रह किया कि जो लोग हमारी वन संपदा और वन्य प्राणियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं ऐसे शरारती तत्वों पर जल्द कार्रवाई अमल में लाई जाए, ताकि आगजनी की ऐसे घटनाओं को रोका जा सके। (अनंत ज्ञान)

> **पार्वती** वन मंडल के दोहरानाला स्थित जंगल में भयंकर आग लगी है। गत बुधवार से लगी इस आग ने जंगल के बहुत बड़े हिस्से को अपनी चपेट में ले लिया है। वीरवार को बड़ी मुश्किल से आग पर काबू पाया है। वन विभाग के साथ-साथ अग्निशमन विभाग की टीमें लगातार आग बुझाने में जुटी रहीं। लोगों से अपील है कि जंगलों को आग से बचाएं और विभाग का सहयोग करें।
>
> **प्रवीण ठाकुर, डीएफओ पार्वती वन मंडल।**

### जंगलों की आग से छाया कुल्लू में धुएं का गुबार

**एक** ओर जहां बारिश न होने के चलते सूखे की स्थिति बनी हुई है। वहीं, ऊपरी इलाकों में जंगलों की आग से वातावरण में लगातार प्रदूषण फैलने से बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। कुल्लू में आए दिन जंगलों में आग लगाने के मामले सामने आ रहे हैं। आग के चलते पूरी घाटी में धुआं ही धुआं हो गया है। जंगलों की आग के चलते पूरा इलाका धुएं से भर गया है और धुएं से फैले प्रदूषण के चलते आमने-सामने की पहाड़ियां भी दिखना बंद हो गई हैं। ऐसे में वाहन चालकों को भी सड़क पर दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बीते दिन भी कुल्लू के महाराज कोठी के जंगलों में शरारती तत्वों के द्वारा आग लगाई गई। वीरवार को कुल्लू शहर, भुंतर, बजौरा, बाशिंग सहित कई इलाकों में धुंआ इतना अधिक रहा कि 200 मीटर की दूरी के बाद विजिबिलिटी ही काफी कम हो गई। वहीं, इस धुएं के चलते क्षेत्रीय अस्पताल में भी अब सांस की समस्या लेकर मरीज पहुंच रहे हैं। ऐसे में अब लोगों की नजर आसमान पर टिकी हुई है कि आखिर कब आसमान से बारिश होती है और जंगलों की आग इस बारिश से बुझ पाए।

# हलाण-2 व पतलीकूहल के नाम से बन सकती हैं पंचायतें

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

ग्राम पंचायत हलाण-2 की ग्राम सभा में कई वर्षों से पंचायत को विभाजित करने की मांग पर आखिरकार ग्राम सभा ने मोहर लगा दी है। ग्राम सभा में 191 उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर हलाण-2 पंचायत को विभाजित करने का पहला पड़ाव पार कर लिया है। हालांकि प्रस्ताव के पास होने से पंचायत विभाजित नहीं होगी अभी प्रशासन व सरकार द्वारा पंचायत को अलग करने के सभी मापदंड पूर्ण करने होंगे।

लोगों को 15 किलोमीटर का सफर तय करके पहुंचना पड़ता है। पंचायत घर ग्राम सभा में पंचायत को विभाजित करने के एजेंडा पर भी विचार-विमर्श किया गया। इसमें हलाण गांव के लोगों का कहना है कि पंचायत का क्षेत्र भौगोलिक दृष्टि से काफी बिखराव वाला है, जिस कारण हलाण-2 के लोगों को 15 किलोमीटर का सफर कर बाड़ी स्थित पंचायत घर में कार्य करवाने के लिए आना पड़ता है। (अनंत ज्ञान)


ग्राम सभा में 191 उपस्थित सदस्यों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया।

### आगामी कार्रवाई के लिए भेजा जाएगा प्रस्ताव : सीमा देवी

**पंचायत** प्रधान सीमा देवी ने कहा कि पंचायत को विभाजित करने की लिखित प्रस्तावना प्राप्त हुई थी इसलिए इस एजेंडे को ग्राम सभा में रखा गया था। इसे सर्वसम्मति से पारित किया गया है। ग्राम सभा में पारित प्रस्ताव को अब आगामी कार्रवाई के लिए मुख्यमंत्री सहित पंचायतीराज मंत्री, स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़ और खंड विकास अधिकारी नगर को भेजा गया है यदि सरकार इस पर मुहर लगाती है, तो समग्र विकास के लिए उचित होगा।

### सर्वसम्मति से पास हुआ प्रस्ताव

**लोगों** का कहना है कि पंचायत के कुल 9 वार्डों में से 4 वार्ड के 11 गांवों की दूरी पंचायत मुख्यालय से काफी अधिक है ऐसे में लोगों को छोटे से कामों जैसे परिवार चरित्र प्रमाण पत्र, स्थायी निवासी प्रमाण पत्र बनवाने के लिए 10 से 15 किलोमीटर का सफर करना पड़ता है। सर्दियों में बर्फ के अधिक पड़ने से पंचायत मुख्यालय तक पहुंचना असंभव हो जाता है। इसलिए ग्राम सभा में उपस्थित सभी सदस्यों ने पंचायत को विभाजित करने की मांग को उचित माना और पंचायत को विभाजित करने के लिए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया।

### 2011 की जनगणना अनुसार जनसंख्या 3 हजार से अधिक

2011 की जनगणना के अनुसार हलाण-2 की जनसंख्या 3223 थी और वर्तमान में इस पंचायत में मतदाताओं की संख्या भी 1900 से ऊपर हो चुकी है। पारित प्रस्ताव के अनुसार नई पंचायत का नाम ग्राम पंचायत हलाण-2 होगा और इसका मुख्यालय गांव शिला में होगा। पुरानी पंचायत का नाम हलाण-2 से बदलकर पतलीकूहल करने का प्रस्ताव पारित किया गया। इस पंचायत का मुख्यालय पंचायत मुख्यालय गांव बाड़ी में है, वहीं रहेगा।

# न्यायालयों में मामलों के त्वरित निपटारे के लिए प्रशिक्षण कार्यशाला जारी : प्रदीप

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**



देश व प्रदेश के न्यायालयों में चल रहे विभागीय मामलों के जल्द निपटारे व उनकी वर्तमान स्थिति की ऑनलाइन निगरानी के लिए सरकार के दिशा-निर्देशानुसार प्रदेश के डिजिटल प्रौद्योगिकी व शासन विभाग द्वारा लिटिगेशन मैनेजमेंट सिस्टम सॉफ्टवेयर तैयार किया गया है।

जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में विभाग प्रतिनिधि ईडीएम (ई-डिस्टिक मैंनेजर) प्रदीप कपलेश ने बताया इस सॉफ्टवेयर के बारे में जिले के सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने के उद्देश्य से 16 से 21 दिसंबर तक 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला डीसी कार्यालय के सभागार में आयोजित किया जा रही है। कपलेश ने बताया कि डिजिटल टेक्नोलॉजी एवं शासन विभाग के दिशानिर्देशानुसार न्यायालय में विचाराधीन विभागों से संबंधित मामलों के त्वरित निपटारे के लिए लिटिगेशन मैनेजमेंट सिस्टम तैयार किया गया है, ताकि विभागीय अधिकारी व कर्मचारी समय-समय पर इसका आकलन करते रहें और मामलों में हुई प्रगति तथा उनका निपटारा जल्द हो। 19 को सूचना एवं जन संपर्क, खेल, शिक्षा स्वास्थ्य, तकनीकी शिक्षा, पथ परिवहन निगम, सतर्कता, परिवहन, बिजली, अग्निशमन, भाषा एवं संस्कृति, राज्य लेखा, अर्थशास्त्र व सांख्यिकी व निर्वाचन विभाग तथा 20 को एससी, ओबीसी अल्पसंख्यक, ऊर्जा, संपदा, श्रम एवं रोजगार योजना, अभियोजन, सैनिक कल्याण विभाग जबकि 21 को सभी बोर्डों व निगमों के अधिकारियों के लिए लिटिगेशन मैनेजमेंट सिस्टम पर जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

# उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता के आठ मामलों को दी मंजूरी : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू में जिला स्तरीय मुख्यमंत्री सुख आश्रय योजना की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीसी तोरुल एस रवीश ने की।

बैठक में सुख आश्रय योजना के अंतर्गत उच्च शिक्षा के लिए आर्थिक सहायता के आठ मामलों को स्वीकृत दी गई। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन एवं ऑफलाइन कोचिंग के लिए विभिन्न संस्थानों के माध्यम से 6 बच्चे को अलाइड सर्विसेज एसएससी, नीट तथा बैंकिंग की तैयारियों के लिए आर्थिक सहायता का लाभ ले रहे हैं। डीसी ने निर्देश दिए कि कोचिंग संस्थानों की एंपेनलमेंट से पूर्व उनकी गुणवत्ता आदि का मानदंड सुनिश्चित करवाएं। लघु उद्योगों की स्थापना के लिए 5 लाभार्थियों को एक बार में 2 लाख रुपए की सहायता प्रदान की जा रही है। डीसी ने निर्देश दिए कि यह आर्थिक सहायता प्रदान करने से पहले लाभार्थी का संबंधित व्यवसाय में प्रशिक्षण करवाना सुनिश्चित बनाएं। इसके साथ ही विवाह अनुदान के लिए 3, गृह निर्माण सहायता के लिए 12 मामलों का भी अनुमोदन किया गया।



### वुशू में बंजार कॉलेज ने झटके 2 रजत और 1 कांस्य पदक



**बंजार।** वल्लभ राजकीय महाविद्यालय मंडी में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज वुशू प्रतियोगिता का आयोजन 17 से 19 दिसंबर तक किया गया। प्रतियोगिता में हिमाचल के कुल 18 कॉलेजों के 76 छात्र और 50 छात्राओं ने प्रतिभागी के रूप में भाग लिया। राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार के 4 छात्रों मनोज ठाकुर, झावे राम, प्रवीण कुमार और मिनेश ठाकुर ने इंटर कॉलेज वुशू प्रतियोगिता में भाग लिया। प्रतियोगिता में मनोज ने 52 किलोग्राम श्रेणी में रजत पदक, झाबे राम ने 60 किलोग्राम श्रेणी में रजत पदक, प्रवीण कुमार ने 56 किलोग्राम श्रेणी में कांस्य पदक, जबकि मिनेश 70 किलोग्राम श्रेणी में चोट के कारण क्वार्टर फाइनल तीसरे चरण में पराजित हुए। यह जानकारी राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय बंजार वुशू टीम के प्रभारी, सहायक आचार्य रामा नंद ठाकुर द्वारा उपलब्ध करवाई गई।

# भूमि व धन उपलब्ध फिर भी किराये के मकान में चल रहा पढ़ारनी स्कूल

**अनंत ज्ञान, सैंज**

बंजार उपमंडल के दुर्गम गांव पढ़ारनी में मिडल स्कूल अपनी भूमि होते हुए भी किराये के कमरे में चल रहा है। यही नहीं भवन निर्माण के लिए धन भी स्वीकृत हुआ है, लेकिन अभी तक भवन नहीं बन पाया है।

खास बात यह है कि भवन निर्माण के लिए विभाग के नाम दो जगह भूमि उपलब्ध है फिर भी भवन नहीं बन पाया है। ग्रामीणों ने बताया कि 19 अगस्त 2016 को राजकीय माध्यमिक पाठशाला पढ़ारनी का तत्कालीन मंत्री स्व. कर्ण सिंह के द्वारा उद्घाटन किया गया है। उस समय एक निजी मकान में इस स्कूल की कक्षाएं शुरू की, लेकिन इतने वर्ष बीतने के बाद भी स्कूल का अपना भवन नहीं बन पाने के कारण उस समय से यह स्कूल उसी निजी मकान में चल रहा है। इस पाठशाला के लिए 2019 में भूमि भी उपलब्ध की गई है और इसके लिए दो लोगों द्वारा अपनी भूमि दान की गई है, जिनमें दुनी चंद जिन्होंने 5 बिस्वा भुमि दान दी, जबकि दूसरा व्यक्ति बलदेव सिंह उर्फ बालमकुंद हैं, जिन्होंने 10 बिस्वा भूमि दान दी।



वर्ष-2020 में इस भवन को बनाने के लिए छह लाख तीस हजार रुपए स्वीकृत हुई, लेकिन दो लोगों ने इस भवन बनाने के लिए बाधा खड़ी कर रखी है, जिस कारण यह भवन तैयार नहीं हो पा रहा है और ऐसे में बच्चे सर्दी के मौसम में भी किराये के निजी भवन में ठंड में बैठने को मजबूर हैं। उधर, इस विषय के बारे में ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से भी मुलाकात की, लेकिन उन्होंने भी कोई समाधान नहीं निकाला। अब ग्रामीणों ने सभी बच्चों को डीसी कार्यालय लाने का मन बनाया है। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक कोई समाधान नहीं निकलता है, तो बच्चे डीसी कार्यलय में ही बैठकर अपनी कक्षाएं लगाएंगे।

**बैठक** | प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के 13337, अटल पेंशन योजना के 2535 लाभार्थी शामिल

# लाहौल-स्पीति में प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत 5 करोड़ 58 लाख के ऋण वितरित: राहुल कुमार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

वर्ष 2024-25 की वार्षिक ऋण योजना के अंतर्गत सितंबर-2024 तक के परिणामों तथा उपलब्धियों की समीक्षा के लिए जिला स्तरीय समीक्षा समिति एवं जिला समन्वय समिति की बैठक का आयोजन डीसी कार्यालय के सभागार कक्ष में किया गया।



बैठक के दौरान डीसी राहुल कुमार सहित अन्य अधिकारी चर्चा करते हुए।

बैठक की अध्यक्षता डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने की। बैठक में जिले में कार्यरत सभी बैंकों द्वारा क्रियान्वित की जा रही सरकार की गरीबी उन्मूलन योजनाओं के अंतर्गत हुई प्रगति तथा वार्षिक ऋण योजना चालू वित्त वर्ष के अंतर्गत सितंबर 2024 तक के लक्ष्यों तथा उपलब्धियों की समीक्षा की गई। इस अवसर पर डीसी ने सभी बैंकों के प्रतिनिधियों से कहा कि केंद्र तथा प्रदेश सरकार द्वारा आम जनता की सामाजिक सुरक्षा के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुंचना सुनिश्चित करें तथा बैंक इसके लिए अपने स्तर पर गांव में विशेष कर ग्राम सभाओं में लोगों को जागरूक करें। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना के बारे आम जनता को जागरूक करें और जिले में इस योजनाओं को सैचुरेशन लेवल प्राप्त करने पर विशेष ध्यान दें।

उन्होंने बैंक प्रतिनिधियों से कहा कि केंद्र सरकार द्वारा बहुत ही कम प्रीमियम वाली जीवन बीमा योजनाएं गरीब जनता की भल्लाई के लिए चलाई हैं, गरीब जनता को मिलना चाहिए। जिले में बैंकों द्वारा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत जिले में 175 मामलों को स्वीकृति प्रदान कर 558 लाख के ऋण वितरित किए है, जो कि पिछली तिमाही तक 338 लाख रुपए तक रहा है। लाहौल-स्पीति के ऋण वितरण में बैंकों का वार्षिक ऋण योजना चालू वित्त वर्ष में 1 अप्रैल, 2024 से 31 मार्च 2025 तक का लक्ष्य 144 करोड़ रुपए है और दूसरी तिमाही के अंत तक बैंकों द्वारा 82.4 करोड़ के ऋण वितरित कर अपने वार्षिक लक्ष्य का 57.33 प्रतिशत है। जिले में वार्षिक कृषि ऋण वितरण योजना के तहत 112 करोड़ की राशी का प्रावधान किया गया था, जिसमें से अभी तक 61.65 करोड़ वितरित किए गए हैं और लघु एवं मध्यम उद्योग ऋण योजना के तहत 23.6 करोड़ रुपए के प्रावधान में से अभी तक 15.79 के ऋण वितरित किए गए हैं।

प्राथमिकता क्षेत्र में वार्षिक ऋण 7.5 करोड़ के प्रावधान में से दूसरे तिमाही के अंत तक 4.96 करोड़ के ऋण वितरित कर 66.13 प्रतिशत का लक्ष्य प्राप्त किया है। जिले के बैंकों क्रेडिट-डिपॉजिट अनुपात जोकि दूसरी तिमाही के अंत तक 26.30 प्रतिशत है, उसे अगली तिमाही तक 30 प्रतिशत तक बढ़ाने के लिए प्रयास करने के निर्देश दिए।

उन्होंने प्राइवेट बैंकों सहित समस्त बैंकों को ऋण जमा अनुपात को बढ़ाने के लिए ऋण की संभावना को तलाशने के लिए कहा और इस दिशा में उचित कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैंकों से आशा जताई कि वे जिले के आर्थिक विकास में अपने दायित्वों को समझते हुए ज्यादा से ज्यादा ऋण प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को उपलब्ध करवाएं व लोगों के आर्थिक स्तर को ऊंचा उठाने में सहयोग करें। अग्रणी जिला प्रबंधक स्टेट बैंक पंकज पाल ने बताया कि जिले में द्वितीय तिमाही के अंत तक प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के नए 425 लाभार्थी सहित कुल 5673 लोगों और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के नए 768 लाभार्थी सहित कुल 13337 लोगों ने अपना बीमा करवाया है और 125 लोगों ने अटल पेंशन योजना को अपनाते हुए जिले में अटल पेंशन योजना के कुल 2535 लाभार्थी हैं।

# आनी में 2 कानूनगो के सहारे चल रहे 69 पंचायतों के कार्यालयों के राजस्व कार्य

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

जिला कुल्लू के आनी विधानसभा क्षेत्र में राजस्व विभाग में कई महत्वपूर्ण पदों के खाली होने से 69 पंचायतों के लोगों के राजस्व संबंधित काम प्रभावित हो रहे हैं।

आनी विधानसभा क्षेत्र के आनी और निरमंड तहसीलों और निथर उपतहसील में फील्ड और ऑफिस कानूनागो के 9 पद स्वीकृत हैं, जिनमें से 7 पद खाली चल रहे हैं। वहीं, आनी, निरमंड, निथर में कुल 27 पटवार सर्किलों में 9 पटवार सर्किल बिना पटवारी के हैं। आनी विधानसभा क्षेत्र के आनी उपमंडल की 37 पंचायतों के राजस्व संबंधी कार्य निपटाने के लिए 2 फील्ड कानूनगो के पद स्वीकृत हैं, जो वर्षों से खाली हैं, जबकि कानूनगो के सहारे ऑफिस और फील्ड दोनों का जिम्मा सौंपा गया है, जबकि आनी के 13 पटवार सर्किलों में से 4 में पटवारी ही नहीं हैं। यही हाल पूरे निरमंड उपमंडल का है। निरमंड की 32 पंचायतों के 14 पटवार सर्किलों के 6 कानूनगो का कार्यभार एकमात्र कानूनगो के कंधों पर है, जबकि 14 में से 5 पटवारी के पद भी खाली हैं। निरमंड उपमंडल में ऑफिस कानूनगो के निथर और निरमंड में दो पद स्वीकृत हैं। निरमंड के एसडीएम कार्यालय में सबडिवीजनल कानूनगो का एक पद स्वीकृत है, जो खाली चल रहा है।

> **प्रदेश** कांग्रेस सरकार आनी क्षेत्र की अनदेखी कर रही है। मुख्यमंत्री सुक्खू से आनी विधानसभा में राजस्व विभाग में रिक्त चले पदों को भरने की मांग सत्र के दौरान रखी जाएगी, ताकि आनी विधानसभा क्षेत्र की जनता को परेशानी न हो।
>
> **लोकेंद्र कुमार, विधायक आनी।**

### आनी में पटवारी के 4 और निरमंड में 5 पद खाली

फील्ड कानूनगो के निरमंड, निथर और बागीपुल में 3 पद स्वीकृत हैं, जबकि एकमात्र फील्ड कानूनगो मौजूद है। फलस्वरूप एकमात्र फील्ड कानूनगो के हवाले बाकी के सभी रिक्त पड़े पदों का कार्यभार है, ऐसे में आनी में राजस्व विभाग में महत्वपूर्ण पद रिक्त होने से क्षेत्र के लोगों को भारी परेशानियां झेलनी पड रही हैं। समय पर राजस्व से संबंधित निशानदेही के कार्य न होने से अधिकतर कार्य लंबति पड़े हैं। इसके अलावा तकसीम, डिमारकेशन और कागजी कार्रवाई में तेजी नहीं आ पा रही है। वहीं, जनता के कार्य समय पर न होने से जनता को परेशानी हो रही है। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### अडानी ग्रुप ने एडब्ल्यूएमएस पहल की शुरुआत की

**दाड़लाघाट।** अडानी ग्रुप ने अंबुजा दाड़लाघाट से हिमाचल प्रदेश में व्यावसायिक उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए अडानी कार्यस्थल प्रबंधन प्रणाली (एडब्ल्यूएमएस) नामक एक नई पहल की शुरुआत की है। इस पहल के तहत प्लांट की टीम ने 5एस कार्यप्रणाली को लागू किया है, जिसमें पुनर्गठन, स्वच्छता, मानकीकरण और अनुशासन शामिल हैं। अंबुजा दाड़लाघाट के प्लांट हेड राजेंद्र सिंह कुर्मी ने बताया कि प्लांट की टीम ने न केवल कंपनी और प्लांट में बल्कि कॉलोनी, सहकारी स्टोर, कैंटीन, सड़कों, गेस्टहाउस, स्कूल, उद्यान, प्लांट के प्रवेशद्वार, सुरक्षा कार्यालय, आईटीआई, मंदिर, शौचालय और यहां तक की आसपास के गांवों में भी 5एस को लागू करने के मिशन पर काम कर रही है। महिलाओं, बच्चों और श्रमिकों के बीच जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न गतिविधियां और अभियान आयोजित किए गए, जैसे जागरूकता रैली पोस्टर प्रतियोगिता, बेस्ट आउट ऑफ बेस्ट प्रतियोगिता, कर्मचारियों और श्रमिकों के लिए प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की। यह पद्धति न केवल व्यवस्था बनाने और हाउसकीपिंग बनाए रखने के लिए प्रभावी है, बल्कि यह कार्यस्थल पर सुरक्षा बढ़ाती है। अडानी दाड़लाघाट इकाई का प्रत्येक कर्मचारी 5एस को जीवन पद्धति बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

### फूड प्रोसेसिंग से संबंधित प्रशिक्षण का शुभारंभ

**सराहां।** राजकीय महाविद्यालय सराहां में आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा कॉलेज में 15 विद्यार्थियों के लिए फूड प्रोसेसिंग से संबंधी कौशल सीखने के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसमें विद्यार्थी हिमरस फूड प्रोडक्ट्स उद्यम, जो कि सराहां में स्थित है व अचार, जूस, स्कावश आदि का उत्पादन करता है, जिसमें विद्यार्थी इन सभी उत्पादों के उत्पादन संबंधी जानकारी लेंगे। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में उद्यमशीलता का विकास किया जाना, जिससे ये भविष्य में उनके लिए व उनके द्वारा अन्य व्यक्तियों के लिए रोजगार सृजन का माध्यम बनेगा। कॉलेज की प्राचार्य डॉ. अनीता ठाकुर ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देकर इस प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर प्रो. जगमोहन ठाकुर, डॉ. राजन कौशल, प्रो. सुदेश कुमार व प्रो. प्रियंका सराओ ने भी विद्यार्थियों को संबोधित कर उनका उत्साह वर्धन किया।

### नेगी 24 से 30 दिसंबर तक किन्नौर प्रवास पर

**अनिल नेगी, रिकांगपिओ।** राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी 24 से 30 दिसंबर तक किन्नौर जिले के प्रवास पर होंगे। इस दौरान वह जनसमस्याओं को सुनेंगे व जिलाधिकारियों के साथ बैठक करेंगें। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि नेगी 24 को सायं 4 बजे भावानगर पहुंचेंगे तथा रात्रि ठहराव फील्ड हॉस्टल भावानगर में करेंगे। 25 को वह प्रातः 11 बजे भावानगर फील्ड हॉस्टल में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी निचार की बैठक करेंगे तथा सायं 3 बजे जेल भवन रिकांगपिओ व राजकीय प्राथमिक पाठशाला कश्मीर (कल्पा) का उद्घाटन करेंगे। 26 को एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना भवन के सम्मेलन कक्ष में परियोजना सलाहकार समिति बैठक की अध्यक्षता करेंगे तथा उपायुक्त किन्नौर व जिला कल्याण अधिकारी साथ कल्याण समिति की आतंरिक बैठक करेंगे। 27 को मंत्री एकीकृत जनजातीय विकास परियोजना भवन के सम्मेलन कक्ष में जिला स्तरीय शिकायत निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। 28 को कैबिनेट मंत्री 20 सूत्रीय कार्यक्रम बैठक की अध्यक्षता करेंगे तथा लाडा के सदस्य सचिव के साथ आतंरिक बैठक करेंगे। 30 को मंत्री शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र काफनू का उद्घाटन करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### दाड़लाघाट स्कूल में बताया जल का महत्व




**दाड़लाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दाड़लाघाट में अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन के सहयोग से जल दिवस मनाया गया। जल दिवस पर विद्यार्थियों को जल के महत्व पर प्रकाश डाला और जल को कैसे संरक्षित किया जाए इस पर विस्तृत चर्चा की। अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन की ओर से आरती सोनी, मदन शर्मा तथा उनकी टीम ने विद्यार्थियों से 'जल संरक्षण' विषय को आशय मानकर पेंटिंग, मॉडल तथा नाटक प्रतियोगिताएं करवाई। इसी प्रकार मंजू बाला तथा मीनू राणा ने इस विषय को लेकर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता भी करवाई।

### सरकार की कल्याणकारी योजनाएं लोगों तक पहुंचाईं



**नाहन।** सिरमौर में चल रहे विशेष जागरूकता अभियान के तहत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग से अनुमोदित सांस्कृतिक दलों ने विकास खंड तिलोरधार की पंचायत शमाह पामटा व बलवा बोहल खुईवल, विकास खंड संगड़ाह के घंडूरी व भवाई तथा विकास खंड राजगढ़ के राजगढ़ व शलाण के बेहग गांव में कार्यक्रम आयोजित कर सरकार की कल्याणकारी योजनाएं लोगों तक पहुंचाई। इस दौरान कलाकारों ने गीत व नाटक द्वारा बताया कि प्रदेश सरकार डॉ. वाइएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना के तहत गरीब परिवार के छात्रों को उच्च शिक्षा ग्रहण करने के लिए 20 लाख रुपए एक प्रतिशत ब्याज पर उपलब्ध करवाया जा रहा है।

### नशे के बढ़ते प्रभाव पर चिंता व्यक्त की



**रिकांगपिओ।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के जिला कल्याण कार्यालय द्वारा नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 व अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत जवाहर नवोदय विद्यालय रिकांगपिओ में एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय के 400 बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सहायक आयुक्त ओम प्रकाश यादव ने की। उन्होंने उपस्थित जनों को नागरिक अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 व अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इसके अतिरिक्त उन्होंने समाज में नशे के बढ़ते प्रभाव पर गहरी चिंता व्यक्त की एवं सभी से नशे के खिलाफ एकजुट होकर कार्य करने का आग्रह किया। जिला कल्याण अधिकारी बलबीर ठाकुर ने उपस्थित जनों को पीसीआर एक्ट व विभाग के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी नीतियों व योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

# क्रिसमस और न्यू ईयर पर कालका शिमला ट्रैक पर चलेंगी दो स्पेशल ट्रेनें

**आर मोहन चौहान, सोलन**

क्रिसमस और न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए हिमाचल में आ रहे देश-विदेश के पर्यटकों की पहली पसंद कालका-शिमला रेल ट्रैक पर चलने वाली हिमालय एक्सप्रेस का आराम दायक सफर है। यही कारण है कि पर्यटकों की बढ़ती मांग को देखते हुए रेलवे-अंबाला डिवीजन इस ट्रैक पर एक सप्ताह तक दो स्पेशल हॉलीडे ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है।

कालका-शिमला हेरिटेज ट्रैक पर विशेष ट्रेन 20 दिसंबर से 28 दिसंबर तक चलेगी। यह ट्रेन नंबर. 52443 कालका से शिमला को सुबह 8 बजकर पांच मिनट पर प्रस्थान करेगी, जो 1 बजकर 35 मिनट पर शिमला पहुंचेगी, जबकि ट्रेन नंबर 52444 शिमला से कालका के लिए शाम 4 बजकर 50 मिनट निकल कर रात पौने 10 बजे कालका पहुंचेगी। इन दिनों कालका-शिमला रेल ट्रैक पर ट्रेनों की ओक्यूपेंसी फुल होने के कारण पर्यटकों के लिए विशेष ट्रेन शुरू करने की घोषणा की है। इस बार शिमला सहित अन्य हिल स्टेशन में क्रिसमस और न्यू ईयर में बर्फबारी के आसार हैं। यही कारण है कि पर्यटकों का रुझान शिमला और मनाली की तरफ बढ़ा है। (अनंत ज्ञान)




कालका शिमला रेलवे ट्रैक पर चलने वाली हिमालय एक्सप्रेस ट्रेन।

### 7 गाड़ियां चल रहीं

**हिमाचल** सहित राजधानी शिमला में हर साल क्रिसमस और नए साल का जश्न मनाने के लिए बड़ी संख्या में देशी और विदेशी सैलानी आते हैं। कालका और शिमला के बीच इन दिनों हॉलीडे स्पेशल ट्रेन सहित 7 गाड़ियां चल रही हैं। इनमें हिमालयन क्वीन, शिवालिक डीलक्स, कालका शिमला एक्सप्रेस, हिम दर्शन, कालका शिमला अप मिक्स-डाउन मिक्स, कालका-शिमला मेन ट्रेन है। सैलानियों के लिए अब होलीडे स्पेशल चलाई गई है।

### आज से 28 तक चलेंगी ये ट्रेनें

**मंडल** रेल प्रबंधक (डीआरएम) मनदीप सिंह भाटिया ने कहा कि कालका-शिमला हेरिटेज ट्रैक पर विशेष ट्रेन 20 से 28 दिसंबर तक चलेंगी। रेलवे अधिकारी का कहना है पर्यटकों की मांग को देखते हुए विश्व धरोहर रेल लाइन कालका-शिमला तक क्रिसमस और न्यू-ईयर पर विशेष ट्रेन सेवा शुरू की गई है।

### विदेशी मेहमानों की पहली पसंद

**रेलवे** अधिकारियों का कहना है कि इन दिनों विदेशी पर्यटकों के साथ-साथ पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और दिल्ली से बड़ी संख्या में पर्यटक शिमला आ रहे हैं। कालका से शिमला तक ट्रेनें खचाखच भरी हुई हैं। हालांकि शिमला से कालका जाने वाले यात्रियों की संख्या कम है। क्रिसमस और नए साल का जश्न मनाने के लिए हजारों पर्यटक शिमला पहुंचते हैं। पर्यटकों की सुविधा के लिए हर वर्ष हॉलीडे स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाता है। इस वर्ष अधिक संख्या में पर्यटकों के आने की उम्मीद है। कालका-शिमला हेरिटेज ट्रैक 108 साल पुराना ट्रैक है। इसे विश्व धरोहर का दर्जा प्राप्त है।

## ओडिशा में आयोजित इंटरनेशनल यूथ कॉन्क्लेव में हिमाचल पहले स्थान पर

**अनंत ज्ञान, सोलन**




ओडिशा के संबलपुर में आयोजित इंटरनेशनल यूथ कॉन्क्लेव में हिमाचल प्रदेश की टीम को पहला पुरस्कार मिला। यूथ कॉन्क्लेव का आयोजन प्रोजेक्ट प्वॉइंट ओडिशा, विश्व युवा केंद्र दिल्ली और ओडिशा पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वावधान से किया गया। यह कॉन्क्लेव 14 से 18 दिसंबर तक चला। इस कॉन्क्लेव में हिमाचल प्रदेश का नेतृत्व किन्नौर जिले की पुरवनी की महिला टीम ने किया। इस कॉन्क्लेव में हिमाचल के 10 सदस्य टीम गुमान नेगी के नेतृत्व में भाग लिया।

किन्नौर जिले की समृद्ध संस्कृतिक का ओडिशा में डंका बजा। टीम में माला नेगी, सुजाता नेगी, नयना नेगी, राजवंती नेगी, शर्मिला नेगी, अल्पना नेगी, मंगेश नेगी, अशील नेगी शामिल थी। इस यूथ कान्क्लेव में 17 राज्यों के 207 युवाओं ने भाग लिया। सभी युवाओं को संबलपुर व उसके आसपास के पर्यटन स्थलों पर भ्रमण करवाया गया। इसमें आईआईएम संबलपुर, समलेश्वरी माता मंदिर, हुमा मंदिर, हीराकुड डैम, देवरीगढ़ वाइल्डलाइफ सैंक्चुअरी पार्क समेत विभिन्न स्थलों का भ्रमण किया। प्रतिभागियों ने मशहुर संबलपुरी साड़ी निर्माता क्राफ्ट विलेज चारपाली में जाकर स्वयं देखा कि यहां हर घर में बुनकर किस प्रकार संबलपुरी साड़ी का निर्माण करते हैं। यूथ कांक्लेव के अंतिम दिन हिमाचल टीम लीडर गुमान सिंह नेगी ने अपने अनुभवों को साझा किया और बताया कि हिमाचल प्रदेश में किस प्रकार पर्यटन चल रहा है और ओडिशा में क्या बेहतर कर सकते हैं।

## सीमेंट कंपनी से प्रभावित किसानों को पुनर्वास योजना का लाभ देने के आदेश

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट**

हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है, जिसमें सरकार और अंबुजा सीमेंट कंपनी को निर्देश दिए हैं कि वे दाड़लाघाट में प्रभावित किसानों को पुनर्विस्थापन और पुनर्वास योजना के लाभ दें।

यह आदेश दाड़लाघाट पंचायत के रोडी वार्ड के पूर्व पंचायत सदस्य एवं प्रभावित किसान सभा के अध्यक्ष जगदीश शर्मा द्वारा 2014 में दायर एक याचिका की सुनवाई के बाद दिया गया है। इस याचिका में शर्मा ने मांग की थी कि 1994 से 2006 तक सरकार द्वारा अधिग्रहित की गई भूमि और मकानों के मालिकों को प्रदेश सरकार द्वारा बनाई गई पुनर्विस्थापन और पुनर्वास योजना के लाभ दिए जाएं। उच्च न्यायालय के इस फैसले का सभी प्रभावित किसानों ने स्वागत किया। जगदीश शर्मा ने कहा कि यद्यपि यह फैसला देर से आया है, लेकिन प्रभावित किसानों को न्याय मिला है। इस फैसले के अनुसार सरकार और अंबुजा सीमेंट कंपनी को निर्देश दिए गए हैं कि वे दाड़लाघाट में प्रभावित किसानों को पुनर्विस्थापन और पुनर्वास योजना का लाभ दें।

**फैसला प्रभावित किसानों के अधिकारों की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा**

इसके अलावा सरकार को यह भी निर्देश दिए कि वे प्रभावित किसानों को मुआवजा देने के लिए एक समिति का गठन करें, जो कि मुआवजे की राशि का निर्धारण करेगी। इस फैसले से प्रभावित किसानों को बड़ी राहत मिलेगी, जो कि अपनी भूमि और मकानों के अधिग्रहण के कारण प्रभावित हुए थे। यह फैसला प्रभावित किसानों के अधिकारों की रक्षा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## माल ढुलाई के लिए गाड़ियां न लेने पर तोड़-फोड़ व चालकों को पीटा

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

बीबीएन इंडस्ट्री और ट्रक यूनियन के बीच एक बार फिर विवाद पैदा हो गया है। औद्योगिक क्षेत्र बद्दी के थाना स्थित सागर इस्पात उद्योग के बाहर ट्रक यूनियन के 30 से 40 लोगों का जमकर हंगामा करने का मामला सामने आया है। यूनियन के लोगों ने कंपनी और बाहरी ट्रांसपोर्ट की गाड़ियों में तोड़फोड़ कर चालकों क साथ मारपीट की। पुलिस ने कंपनी प्रबंधन की शिकायत पर ट्रक यूनियन के अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और तोड़फोड़ करने वालों की पहचान करना शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में सागर इस्पात उद्योग के मालिक सुरेंद्र वाधवा ने बताया कि कंपनी गेट पर 30 से 35 ट्रक यूनियन के लोग आए थे, जो कि हंगामा करने लगे और फिर जैसे ही अंधेरा हुआ तो आधा दर्जन गाड़ियों में तोड़फोड़ कर चालकों के साथ भी मारपीट की, जिसमें दो चालकों को गंभीर चोट पहुंची हैं। बीबीएन इंडस्ट्री एसोसिएशन की ओर से वर्ष-2020 में हाई कोर्ट में याचिका लगाकर ट्रक यूनियन के खिलाफ मोर्चा खोला था, जिसकी सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने आदेश दिए थे कि इंडस्ट्री माल ढुलाई के लिए पूरी तरह आजाद है, जिसमें ट्रक यूनियन का कोई हस्तक्षेप नहीं रहना चाहिए और इन आदेशों की पालना करवाने की जिम्मेदारी डीसी सोलन और एसपी बद्दी की थी। जिला बद्दी पुलिस के कार्यकारी एसपी विनोद धीमान ने बताया कि शिकायत के आधार पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों की पहचान भी सीसीटीवी से की जा रही है।





### पुलिस की लापरवाही

बद्दी पुलिस के अधिकारियों को शिकायत देने के बाद भी तोड़फोड़ की घटना का होना बद्दी पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी कई सवाल खड़े कर रहा है, जबकि स्थिति तनावपूर्ण होने के बावजूद भी पुलिस खानापूर्ति करते वापस लौट गई, जिसके बाद तोड़फोड़ हुई।

### हाईकोर्ट के आदेशों का नहीं करवा पा रहे पालन

**बीबीएन** इंडस्ट्री को माल ढुलाई में इस्तेमाल गाड़ियों को मनमर्जी से चलाने की स्वतंत्रता मिली है और इन आदेशों की पालना करवाने की जिम्मेवारी डीसी सोलन और एसपी बद्दी को दी गई है, लेकिन हाईकोर्ट के आदेशों की पालना करवाने में फेल साबित हो रहे हैं, जिससे कानून व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है।

### हाईकोर्ट के आदेशों की उड़ाई जा रही धज्जियां : अग्रवाल

**बीबीएन** इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल का कहना है कि ट्रक यूनियन सरेआम कानून की धज्जियां उड़ा रही है और ऐसी घटनाओं को बिलकुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसी घटनाओं से इंडस्ट्री पलायन होने को मजबूर हो रही है। उन्होंने सरकार से अपील करते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए कड़े कदम उठाएं।

### ट्रक यूनियन का नहीं कोई रोल : हरभजन

**नालागढ़** ट्रक यूनियन के अध्यक्ष हरभजन चौधरी का कहना है कि इंडस्ट्री में हुई मारपीट और तोड़फोड़ में हमारा कोई रोल नहीं है ये बाहर से आने वाले ड्राइवर एरिया में माहौल खराब करते हैं।

## हरीश एग्रीकल्चरल रिसर्च सर्विस में बने वैज्ञानिक

**दाड़लाघाट।** सरस्वती विद्या मंदिर दाड़लाघाट के पूर्व छात्र हरीश शर्मा का चयन एग्रीकल्चरल रिसर्च सर्विस-2023 में वैज्ञानिक के रूप में हुआ है। पंचायत दाड़लाघाट के स्यार काटली से एक बेहद ही साधारण परिवार से संबंध रखने वाले हरीश शर्मा ने 2011 में अपनी जमा दो तक की स्कूल शिक्षा सरस्वती विद्या मंदिर दाड़लाघाट से पूरी की। इसके बाद उन्होंने नौणी विश्वविद्यालय से बीएससी फॉरेस्ट्री की डिग्री 2015 में पूर्ण की।

## बाल व बंधुआ मजदूरी से बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ता है बुरा असर : डॉ. दमन

**अनंत ज्ञान, सोलन**

सोलन निवासी डॉ. दमन आहूजा सोहम इंडिया संस्था के साथ जन स्वास्थ्य में बदलाव लाने का कार्य कर रहे हैं। डॉ. दमन जन स्वास्थ्य और समुदाय कार्य में विशेषज्ञ हैं।

सोहम इंडिया पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक समाधानों को मिलाकर स्वास्थ्य की चुनौतियों से निपट रही है। सोहम इंडिया एक ऐसी संस्था है, जो स्वास्थ्य सेवाओं को नए तरीके से लोगों तक पहुंचा रही है। डॉ. आहूजा पिछले 30 वर्षों से बाल मजदूरी से लेकर किशोरों की मानसिक स्वास्थ्य को लेकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने स्वामी अग्निवेश और कैलाश सत्यार्थी जैसे महान कार्यकर्ताओं के साथ काम किया है। एचआईवी/एड्स, प्रजन्न स्वास्थ्य और बाल अधिकारों के लिए भी काम किया है। उन्होंने नया प्रयास नाम की संस्था



शुरू कर समझा कि बदलाव के लिए नीतियों और लोगों दोनों के स्तर पर काम करना जरूरी है। बाल मजदूरी और बंधुआ मजदूरी के खिलाफ काम करते हुए उन्होंने पाया कि इससे बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी बहुत बुरा असर पड़ता है।

## न्यायिक प्रणाली में मध्यस्थ की भूमिका अहम

**अनंत ज्ञान, सोलन**

जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण की सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी सोलन आकांक्षा डोगरा ने कहा कि कोई भी व्यक्ति राष्ट्रीय विधिक सेवाएं प्राधिकरण (नालसा) के टोल फ्री नंबर 15100 पर कॉल कर अपनी शिकायत दर्ज करवा सकता है तथा नालसा ऐप के माध्यम से प्राधिकरण से संबंधित विभिन्न सेवाओं का लाभ उठा सकता है।

आकांक्षा डोगरा ने जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण सोलन द्वारा विकास खंड पट्टा की पंचायत बारियां में नालसा के सहयोग से विधान से समाधान कार्यक्रम के तहत महिलाओं को अधिकारों के प्रति सजग करने के लिए आयोजित एकदिवसीय विधिक साक्षरता शिविर की अध्यक्षता कर रही थीं। आकांक्षा डोगरा ने शिविर में उपस्थित महिलाओं को निशुल्क कानूनी सहायता, मध्यस्थता, लोक अदालत राज्य पीड़ित मुआवजा योजना व



नालसा के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि न्यायिक प्रणाली में मध्यस्थ की भूमिका अहम है। मध्यस्थतों के माध्यम से लंबित मामलों के निपटारे की दिशा में बेहतर प्रयास किया जा सकता है। सभी न्यायालयों में मध्यस्थता केंद्र खोले गए हैं। इन केंद्रों में मध्यस्थता करवाने के लिए प्रशिक्षित मध्यस्थतों की नियुक्ति की गई है। आम नागरिकों को मध्यस्थतों की सेवा निशुल्क प्रदान की जा रही है। आम नागरिक स्वेच्छा से अपने मामलों का निपटारा मध्यस्थतों के माध्यम से कर सकते हैं।

# विधवा पुनर्विवाह योजना के तहत प्रदेश सरकार प्रदान कर रही 2 लाख की राशि

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

प्रदेश सरकार विधवा पुनर्विवाह योजना के तहत अब 2 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान कर रही है, जबकि पूर्व में यह राशि 65 हजार रुपए प्रदान की जा रही थी। यह जानकारी विकासखंड नाहन की पंचायत पंजाहल व पनार में आयोजित हुए फोक मीडिया कार्यक्रम के दौरान कलाकारों ने उपस्थित जनसमूह को दी।



फोक मीडिया कार्यक्रम के दौरान कलाकार उपस्थित जनसमूह को जानकारी देते हुए।

सूचना एवं जन संपर्क विभाग द्वारा चलाए जा रहे विशेष प्रचार अभियान के तहत सिरमौर के विकासखंड शिलाई की पंचायत शिलाई व रास्त विकासखंड कफोटा की पंचायत दुगाना व बोकालापाब तथा विकास खंड पांवटा साहिब की पंचायत अंबोया, मानपुर देवड़ा, पातलियों व पड़दूनी में प्रदेश सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग व अल्प संख्यक समुदाय के उत्थान व समाज में इन वर्गों को समान अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से चलाई जा रही योजनाओं व कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार फोक मीडिया कार्यक्रमों के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम के दौरान जहां एक ओर गीत-संगीत से लोगों का मनोरंजन किया। वहीं, नुक्कड़ नाटक से लोगों को हिम गगां योजना, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, डॉ. वाईएस परमार विद्यार्थी ऋण योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

## शिक्षा मंत्री 23 को सिरमौर के प्रवास पर

**नाहन।** शिक्षा मंत्री, रोहित ठाकुर 23 दिसंबर को सराहां में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धार-टिकरी के नए भवन की आधारशिला रखेंगे। इसके उपरांत पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे और इस क्षेत्र के स्थानीय लोगों की शिकायतों को सुनेगें। जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि इसी दिन शिक्षा मंत्री नारग में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कुज्जी के साइंस ब्लॉक भवन का उद्घाटन करने के उपरांत इस क्षेत्र के लोगों की शिकायतों को सुनेंगे।



## छात्रों को साइबर खतरों व साइबर सुरक्षा उपायों के बारे में बताया

**अनंत ज्ञान, सोलन**

राजकीय महाविद्यालय सराहां के साइबर जागरूकता क्लब द्वारा साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत कॉलेज लेक्चर हॉल नं. 23 में साइबर जागरूकता विषय पर एक व्याख्यान का आयोजन किया गया। प्रो. सुदेश कुमार (संयोजक, साइबर जागरूकता क्लब) ने छात्रों को विभिन्न साइबर खतरों और साइबर सुरक्षा उपायों के बारे में संबोधित किया।

इसके साथ ही साइबर सुरक्षा से संबंधित वीडियो दिखाकर भी विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रो. कृष्ण दत्त ने औपचारिक रूप से उपस्थित सभी



लोगों का धन्यवाद किया और राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर डॉ. अनीता (प्रिंसिपल, राजकीय महाविद्यालय, सराहां), प्रो. जगमोहन ठाकुर, डॉ. राजन कौशल, डॉ. मोल्लम डोलमा, प्रो. प्रियंका सराओ, शंभू नाथ (अधीक्षक) एवं संजीव कुमार (वरिष्ठ सहायक) उपस्थित रहे।

**आयोजन** शर्मा कांप्लेक्स सोलन में श्रीराम कथा का पूजा-अर्चना के साथ हुआ विधिवत शुभारंभ

# श्रीराम कथा मानव जाति को सुख-समृद्धि व आनंद देने वाली: साध्वी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की तरफ से शर्मा कांप्लेक्स सोलन में सात दिवसीय श्रीराम कथा का विधिवत शुभारंभ पूजा-अर्चना के साथ हुआ।

शुभारंभ अवसर पर लच्छी राम ठाकुर और तुलसी राम ठाकुर ने हिस्सा लिया। अपने प्रवचनों में आशुतोष महाराज की शिष्या साध्वी सुश्री जयंती भारती ने बताया कि प्रभु राम के जीवन पर आधारित अनेक गौरवशाली ग्रन्थ हैं और उसमें श्री राम चरित मानस एक विलक्षण व दिव्यता से परिपूर्ण ग्रंथ है,





शर्मा कांप्लेक्स सोलन में श्रीराम कथा का व्याख्यान करती साध्वी जयंती भारती (दाएं) श्रीराम कथा सुनने श्रद्धालु।

जिसकी कथा मानव जाति को सुख-समृद्धि व आनंद देने वाली है।

भगवान राम सुख के मूल स्रोत हैं, जो संपूर्ण विधाओं के ईश्वर समस्त भूतों के अधिपति तथा साक्षात परमात्मा हैं। भगवान राम की कथा में गोता लगाने से मानव को प्रभु की प्राप्ति होती है, लेकिन कथा सुनने में ओर उसे जीवन में उतारने में अंतर होता है। सुनना तो सहज है, लेकिन इसमें उतरने की कला हमें केवल एक संत ही सिखा सकता है, जिसको भी संत का सानिध्य मिला, तो वह राम धाम का अनुगामी बना। हमारे समस्त वेद, शास्त्र सत्संग की महिमा का व्याख्यान अनेक प्रकार से करते हैं, एक घड़ी के सत्संग की तुलना स्वर्ग की समस्त संपदा से की गई है। संत के संग से ही मरुस्थल जीवन में बहार आ जाती है, नीरस जीवन सरस बन जाता है और विकारों से परिपूर्ण हृदय ऐश्वर्या भक्ति से भर जाता है।

कथा में भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य तरसेम भारती के साथ आरुष गुप्ता और अनिल कुमार ने ज्योति प्रज्वलित कर प्रभु राम का आशीर्वाद प्राप्त किया। कथा का समापन मंगल आरती से किया गया है। कथा के उपरांत प्रतिदिन सारी संगत के लिए भंडारे की उचित व्यवस्था की जा रही है।

## छात्रों के लिए शुरू हो एचआरटीसी मुद्रिका बस सेवा

**अनंत ज्ञान, शिलाई**

जिला सिरमौर के शिलाई विधानसभा के छात्रों के लिए फिर से एचआरटीसी मुद्रिका बस सेवा शुरू करने की मांग उठी है।

पूर्व की भाजपा सरकार ने शिलाई में स्कूल एवं कॉलेज छात्रों के लिए सरकारी मुद्रिका बस सेवा की सराहनीय शुरुआत की थी, जिसका लाभ अनेक गांव क्षेत्रों के कॉलेज छात्रों को मिल रहा था, लेकिन किन्हीं कारणों से यह बस सेवा बंद की गई, जो सुबह पावंटा, मानल, बाली कोटी, कुहनट, नाया, दायां आदि अनेक गांवों होते हुए शिलाई कॉलेज को पहुंचती थी, तो वहीं शाम को कॉलेज से इन सभी गांवों होते हुए



पोटा मानल जाती थी, इस प्रकार वर्तमान में शिलाई के छात्र, युवा एवं जनता इस सरकारी मुद्रिका बस सेवा को फिर से सरकार एवं संबंधित विभाग से शुरू करने की बार-बार मांग कर रही है। सोशल मीडिया, प्रींट मीडिया एवं ज्ञापनों के माध्यम से भी समय-समय पर आवाज बुलंद की गई है, लेकिन अभी तक मुद्रिका बस सेवा की शुरुआत नहीं हो पा रही है, जिसके लिए शिलाई के छात्र बस सेवा के लिए वर्षों से इंतजार में हैं। स्थानीय लोगों ने हिमाचल सरकार से छात्रों के हित में बस सेवा फिर से शुरू करने की मांग की है। मुद्रिका बस सेवा के साथ-साथ शिलाई के अन्य दूरदराज के क्षेत्रों को जोड़ने का भी प्रयास किया जाए, ताकि अधिक से अधिक छात्रों तक बस सेवा की सुविधा उपलब्ध हो सके। हिमाचल के अधिकांश क्षेत्रों में अब सड़क सुविधाएं उपलब्ध हो रही हैं, तो वहीं दूसरी और छात्रों को हिमाचल में दूरदराज के अनेक क्षेत्रों से स्कूल और कॉलेज तक पहुंचने के लिए छात्रों को परिवहन निगम की बस सुविधा उपलब्ध नहीं हो पाती है, जिससे होनहार छात्र शिक्षा में पीछे रह जाते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### जरूरतमंद बच्चों को जूते-चप्पल किए वितरित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** लायंस क्लब चंडीगढ़ (होस्ट) ने वीरवार को लायंस क्लब, सेक्टर 18 में मूक-बधिर बच्चों के लिए निशुल्क नेत्र जांच का आयोजन किया। यह जांच डॉ. रेनू ठाकुर, प्रोफेसर, सीआरआईओ, चितकारा विश्वविद्यालय व उनकी टीम द्वारा की गई। क्लब ने बच्चों को जूते भी दान किए और उन्हें दोपहर का भोजन भी दिया। बच्चों के लिए एक पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर एमजेएफ लायन आनंद साहनी (पीडीजी), लायन वीके गुप्ता, उपाध्यक्ष, लायन जगदीश कुमार, सचिव, अनुराधा भल्ला और क्लब के अन्य सदस्य उपस्थित थे। लायन साहनी ने कहा कि क्लब निरंतर आधार पर समाज और जरूरतमंदों के लिए विभिन्न परियोजनाओं के आयोजन से जुड़ा हुआ है।



### मोहाली पुलिस अलर्ट, बॉर्डर एरिया पर नाकाबंदी

**चंडीगढ़।** मोहाली में किसी तरह की अप्रिय घटना न हो इसके लिए पुलिस अलर्ट हो गई है। पुलिस विभाग की तरफ से पूरे जिले के बॉर्डर एरिया पर स्ट्रांग नाकाबंदी की जा रही है। इन दिनों पंजाब में पुलिस थानों पर बम फेंके जाने की कई घटनाएं हो चुकी हैं। पंजाब के पुलिस थाने आतंकियों के निशाने पर हैं। पंजाब में बीते 25 दिनों में छह बड़े आतंकी हमलों को अंजाम दिया गया है। इन सभी आतंकी हमलों में पुलिस थानों को निशाना बनाया गया है। वहीं वीरवार को भी बम बख्शीवाला चौकी पर ग्रेनेड हमला हुआ है, जो एक महीने के भीतर सातवां मामला है। इसके चलते मोहाली पुलिस अलर्ट हो गई है। ऐसे में अब मोहाली शहर के सभी सीमाओं पर पुलिस स्पेशल नाके लगाएगी। डीजीपी पंजाब के निर्देशों पर बॉर्डर एरिया पर मोहाली पुलिस की ओर से स्पेशल नाकाबंदी की जाएगी। यह नाके रोजाना लगेंगे। एसएसपी मोहाली दीपक पारिक खुद नाके पर तैनात होकर वाहनों की जांच करते नजर आए। बताया जा रहा है कि रोजाना बॉर्डर एरिया पर स्ट्रांग नाकाबंदी की जाएगी। दो शिफ्टों में नाके लगेंगे। पहली शिफ्ट रात 10 बजे से 12 बजे और दूसरी शिफ्ट 12 से सुबह 3 बजे तक लगेगी। अब से रोजाना मोहाली के एंट्री व एग्जिट प्वाइंट पर स्ट्रांग नाके लगेंगे।



### राज्यपाल ने डब्ल्यूसीसीडब्ल्यूएफ के संस्थापक किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने वुमेन एंड चाइल्ड केयर वेलफेयर फाउंडेशन (डब्ल्यूसीसीडब्ल्यूएफ) के संस्थापकों, जसबीर कौर और कमलजीत सिंह को उनकी उत्कृष्ट सामाजिक सेवाओं के लिए सम्मानित किया। सम्मान समारोह चंडीगढ़ के सेक्टर-37 स्थित लॉ भवन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गेस्ट ऑफ ऑनर भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य और हिमाचल प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी संजय टंडन भी उपस्थित रहे। यह सम्मान चंडीगढ़ सीनियर सिटीजन एसोसिएशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया गया। डब्ल्यूसीसीडब्ल्यूएफ अपने प्रयासों से समाज में बदलाव ला रहा है। संगठन वरिष्ठ नागरिकों के साथ त्योहार मनाने, दवाइयां, कपड़े और भोजन जैसी आवश्यक वस्तुएं वितरित करने के साथ-साथ रोपड़ में एक धर्मार्थ अस्पताल का संचालन भी करता है।



### दिल्ली में साइन बोर्ड पर अब हिंदी, अंग्रेजी पंजाबी और उर्दू में लिखी जाएंगी जानकारियां

**नई दिल्ली।** दिल्ली के सड़क संकेतक, दिशा-निर्देशक बोर्ड और यहां तक कि मेट्रो स्टेशनों पर लगे संकेतकों पर जल्द ही हिंदी, अंग्रेजी, पंजाबी और उर्दू भाषा में जानकारियां लिखी जाएंगी। इस कदम का उद्देश्य भाषाई विविधता को बढ़ावा देना और दिल्ली की आधिकारिक भाषाओं को प्रदर्शित करना है। दिल्ली सरकार के तहत कार्यरत नौकरशाहों को भी अपने कार्यालयों के बाहर बोर्ड पर अपना नाम इन चार भाषाओं में प्रदर्शित करना होगा।

### वानुअतु में हालात गंभीर, अंतरराष्ट्रीय मदद मांगी

**संयुक्त राष्ट्र।** वानुअतु में भीषण भूकंप के बाद स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। सरकार ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से मदद की अपील की है। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने मीडिया को जानकारी दी की राहत और बचाव कार्यों को पूरा करने के लिए सरकार ने अंतरराष्ट्रीय मदद मांगी है। वानुअतु की सरकार ने मंगलवार को आए 7.3 तीव्रता के भूकंप के बाद सात दिनों के लिए आपातकाल की स्थिति घोषित की है। कम से कम 14 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 200 से अधिक लोग घायल हुए हैं।अधिकारियों को आशंका है कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है। स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, भकंप से अस्पताल, घर, सार्वजनिक भवन, सड़कें, जलाशय और गैस पाइप सहित व्यापक क्षति हुई है।

### अमेरिका ने चार पाक कंपनियों पर लगाया बैन

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम में मदद के आरोप में सरकारी एयरोस्पेस एवं रक्षा एजेंसी नेशनल डेवलपमेंट कॉम्प्लेक्स समेत चार पाकिस्तानी कंपनियों पर प्रतिबंध लगा दिए। विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान के लंबी दूरी के मिसाइल कार्यक्रम से होने वाले खतरे के मद्देनजर अमेरिका ने चार संस्थाओं पर प्रतिबंध लगा रहा है। एनडीसी के अलावा, तीन अन्य संस्थाएं 'अख्तर एंड संस प्राइवेट लिमिटेड', 'एफिलिएट्स इंटरनेशनल' और 'रॉकसाइड एंटरप्राइज' हैं। ये तीनों कराची में स्थित हैं।

### बिजली चोरी के आरोप में सपा सांसद पर केस

**संभल (उप्र)।** उत्तर प्रदेश पुलिस ने संभल से समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद जियाउर रहमान बर्क के खिलाफ बृहस्पतिवार को यहां दीपा सराय इलाके में उनके आवास पर बिजली चोरी के आरोप में मामला दर्ज किया है। सांसद के खिलाफ बिजली अधिनियम, 2003 की धारा 135 (बिजली की चोरी या बिजली का अनधिकृत उपयोग) के तहत मामला दर्ज किया गया।

### दिल्ली में हवा जहरीली, एक्यूआई 450 पहुंचा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में वीरवार को वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में रही, जबकि न्यूनतम तापमान सामान्य से करीब तीन डिग्री कम पांच डिग्री सेल्सियस रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 450 रहा। शहर के 38 निगरानी केंद्रों में से 32 में वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में दर्ज की गई। शून्य से 50 के बीच एक्यूआई को 'अच्छा', 51 से 100 को 'संतोषजनक', 101 से 200 को 'मध्यम', 201 से 300 को 'खराब', 301 से 400 को 'बेहद खराब' और 401 से 500 को 'गंभीर' माना जाता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के अनुसार अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की संभावना है, जबकि शुक्रवार को बेहद घने कोहरे का पूर्वानुमान जताते हुए 'येलो' अलर्ट जारी किया गया है।



### तमिलनाडु में बारिश से बांधों का जलस्तर बढ़ा

**चेन्नई।** बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र बनने से दक्षिण भारत के तमिलनाडु में लगातार बारिश हो रही है। वीरवार को राज्य में जगह-जगह बारिश हुई। इसके साथ ही चेन्नई और आसपास के इलाकों में ठंडी हवाएं चलीं। बारिश के चलते राज्य के थूथुकुडी जिले में हजारों एकड़ नमक के खेत बाढ़ के पानी में डूब गए। इसके साथ ही जगह-जगह जलभराव हो गया। तमिलनाडु जल संसाधन विभाग के मुताबिक बारिश से राज्य के सिंचाई विभाग के टैंकों में जल का भंडारण बढ़ गया है।

# सीएम धामी ने सतपुली झील का किया शिलान्यास

## 56 करोड़ की लागत से होगा सतपुली झील का निर्माण, खुलेंगे रोजगार के द्वार

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वीरवार को पौड़ी जिले के सतपुली में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए पूर्वी नयार नदी में बनने वाली बहुउद्देशीय सतपुली झील का शिलान्यास सहित लगभग 172 करोड़ 65 लाख की विभिन्न विकास योजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। जिसमें 123 करोड़ 53 लाख की 4 योजनाओं का शिलान्यास व 49 करोड़ 12 लाख की 20 योजनाओं का लोकार्पण शामिल है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विकास खंड बीरोंखाल के अंतर्गत राजकीय इंटर कॉलेज भरोली खाल व बीरोंखाल में नवीन भवन का निर्माण कराए जाने, विकास खंड एकेश्वर व कल्जीखाल के मध्य नयार पाटीसैण व असवालस्यूं के मध्य पश्चिमी नयार नदी के ऊपर मोटर पुल निर्माण कराए जाने, विकास खंड एकेश्वर मुख्यालय में मिनी स्टेडियम का निर्माण, रवांसा नदी के ऊपर निर्मित पीपलडोंगा पुल से 500 मीटर ऊपर की ओर बैराज का निर्माण, ताड़केश्वर महादेव में पुलिस चौकी की स्थापना किए जाने की घोषणा की।



मुख्यमंत्री ने कहा कि वीरवार लगभग 172 करोड़ से अधिक की योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया है। यह योजनाएं क्षेत्र के विकास में मील का पत्थर साबित होंगी। सतपुली झील का निर्माण पूरा होने से यह क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था के लिए भी वरदान साबित होगी। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बाबा केदार की भूमि से 21वीं सदी का यह तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक बताया था और इस कार्य की शुरुआत हो चुकी है। आज जिस झील का शिलान्यास किया गया है उसका लाभ आने वाली कई पीढ़ियों को भी होगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सड़क, हवाई कनेक्टिविटी के साथ ही इंफ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विकास किया जा रहा है। प्रदेश में पर्यटन क्षेत्र में वृहद स्तर पर निर्माण कार्य करवाए जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पलायन जैसी वृहद समस्या को जड़ से समाप्त करने की दिशा में निरंतरता से कार्य कर रही है। प्रदेश में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के साथ ही स्थानीय उद्योगों में भी युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि हमारी मातृशक्ति हर क्षेत्र में क्रांति ला रही है। मातृशक्ति द्वारा तैयार उत्पाद आज बड़ी-बड़ी कंपनियों को भी फेल कर रहे हैं, जिनकी डिमांड विदेशों तक होने लगी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सांस्कृतिक मूल्यों को संरक्षित करने के लिए भी हम संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं। प्रदेश में 5000 एकड़ से अधिक भूमि से अतिक्रमण हटाया है। उन्होंने कहा 2025 के जनवरी माह में हम प्रदेश में यूसीसी लागू करने जा रहे है। बहुत जल्द हम राज्य की जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए सख्त भू-कानून लाने वाले हैं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र चौबट्टाखाल की विकास पुस्तिका का विमोचन किया। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने क्षेत्र में विकास योजनाओं की स्वीकृति के मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं से क्षेत्र के विकास को पंख लगेंगे। इस अवसर पर गो सेवा आयोग के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र अंथवाल, विधायक लैंसडौन दिलीप महंत, भाजपा जिलाध्यक्ष कोटद्वार वीरेंद्र रावत, जिलाध्यक्ष पौड़ी सुषमा रावत आदि मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# अभिषेक शर्मा ने अपना रंगमंच का सफर दर्शकों के साथ किया साझा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

'थिएटर फॉर थिएटर' के तीस दिन पूरे होने पर 19वें एशिया नेशनल थिएटर फेस्टिवल में अभिषेक शर्मा, जो कि टैगोर थिएटर चंडीगढ़ के निदेशक हैं, ने अपना रंगमंच का सफर दर्शकों के साथ साझा किया। अभिषेक ने अपनी रंगमंच यात्रा की शुरुआत बचपन में रामलीला के मंच से की थी। इसके बाद उन्होंने इंडियन थिएटर डिपार्टमेंट से रंगमंच की पढ़ाई की और (थियेटर फॉर थियेटर) का भी हिस्सा रहे। रंगमंच करते-करते उनकी जिंदगी में बहुत बदलाव आया, खासकर उनके लिविंग स्टाइल में। चंडीगढ़ के कई प्रसिद्ध निर्देशकों के साथ काम करने के बाद उन्होंने अपना रंगमंच समूह 'परंपरा आर्ट्स' शुरू किया। वे एक अभिनेता, निर्देशक और लाइट डिजाइनर के तौर पर रंगमंच की दुनिया में अपना योगदान दे रहे हैं।



रंगमंच के साथ-साथ उन्होंने रामलीला के मंच में भी कई बदलाव किए। तकनीकी और अभिनय के स्तर पर जो सुधार किए गए, उनका प्रभाव आज उनकी डिजाइन की गई रामलीला के मंच पर साफ नजर आता है।

उन्होंने रामलीला पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी बनाई, जिसका स्क्रीनिंग अयोध्या समेत कई अन्य शहरों में हुई। इस फिल्म में उन्होंने रामलीला से जुड़े हर कलाकार की कहानी को बयां किया। दर्शकों से उन्हें इस पर खूब सराहना और उत्साह मिला। राज्यपाल ने हाल ही में उन्हें रामलीला के आयोजक के तौर पर सम्मानित किया था। अभिषेक शर्मा ने बॉलीवुड सिंगर जुबिन, पंजाबी सिंगर गुरदास माण, कपिल शर्मा की फिल्म 'फरंगी' और अन्य मशहूर कलाकारों के वीडियो सॉन्ग की डायरेक्शन में सहायक निर्देशक के तौर पर भूमिका निभाई। वर्ष 2018 में उन्होंने 'परंपरा आर्ट्स' समूह की शुरुआत की। अपनी टीम के सहयोग से उन्होंने 3 दिन का थिएटर फेस्टिवल आयोजित करना शुरू किया, जो आज बढ़कर 7 दिन का हो गया है। धीरे-धीरे उनका सपना है कि वे इस थिएटर फेस्टिवल को और भी बड़ा करें।

## बिजली विभाग के निजीकरण के खिलाफ चंडीगढ़ कांग्रेस का विरोध-प्रदर्शन जारी

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

बिजली विभाग के निजीकरण के खिलाफ चंडीगढ़ कांग्रेस का लगातार विरोध प्रदर्शन जारी है। सात दिवसीय भूख हड़ताल के निर्णय के बाद आज सेक्टर 22 में दूसरे दिन की भूख हड़ताल जारी रही। प्रदेश अध्यक्ष हरमोहिंद्र सिंह लक्की के नेतृत्व में आज राजीव मोदगिल उपाध्यक्ष, यादविंद्र मेहता महासचिव, अजय शर्मा महासचिव, राजदीप सिद्धू जिलाध्यक्ष आदि मुख्य रूप में भूख हड़ताल पर बैठे। लक्की ने कहा चंडीगढ़ कांग्रेस का सड़क से सदन तक विरोध जारी है। बिजली विभाग के निजीकरण का केंद्र सरकार का तुगलकी फरमान हम लागू नहीं होने देंगे। शहर की जनता पर बहुत भारी बिजली बिलों का बोझ डलने जा रहा है। करोड़ों के फायदे में चल रहे इस विभाग को पूंजीपतियों की गुलाम केंद्र मोदी सरकार ओने-पौने दामों में बेच रही है जो हम हरगिज नहीं होने देंगे। शास्त्री मार्केट के दुकानदार साथियों ने भूख हड़ताल में पहुंचकर अपना समर्थन भी दिया।



## जीरकपुर में दो दिवसीय 'स्कूल लीडर्स' समिट-2024 शुरू

**चंडीगढ़।** फेडरेशन ऑफ प्राइवेट स्कूलस, हरियाणा और निसा के संयुक्त तत्वावधान में आज होटल पार्क प्लाजा, जीरकपुर, चंडीगढ़ में दो दिवसीय 'स्कूल लीडर्स' समिट-2024 का आगाज हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में विश्व प्रसिद्ध योग गुरु और आध्यात्मिक मार्गदर्शक परम पूज्य स्वामी रामदेव जी ने शिरकत की। इस अवसर पर स्वामी रामदेव ने शिक्षा में अभिनव क्रांति और नई शिक्षा नीति (एनईपी) को सफल बनाने के लिए आवश्यक कदमों पर अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर उनके साथ निसा के अध्यक्ष डॉ. कुलभूषण शर्मा और भारतीय शिक्षा बोर्ड के कार्यकारी निदेशक (पूर्व)आईएएस नागेंद्र प्रसाद सिंह भी उपस्थित रहे। पत्रकारों को संबोधित करते हुए योग गुरु स्वामी रामदेव ने भारतीय शिक्षा बोर्ड को बढ़ावा देने की बात करते हुए वन नेशन वन एजुकेशन के नारे पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि मजबूत लोकपाल के लिए आज भी उनका संघर्ष जारी है। निसा के अध्यक्ष डॉ. कुलभूषण शर्मा ने कहा कि हरियाणा और दिल्ली एनसीआर में 100 मॉडल स्कूल बनाए जाएंगे और इन स्कूलों को निसा के क्वालिटी चार्टर से मैप करके सबसे पहले एक्सेस किया जाएगा। आज के इस कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न राज्यों से बड़ी संख्या में स्कूल निदेशक और प्रिंसिपल ने भाग लिया।

## 'सतलुज प्राइड' कार्यक्रम में नवाजे छात्र

**अनंत ज्ञान, पंचकूला**



सतलुज पब्लिक स्कूल, सेक्टर-4, पंचकूला में दो दिवसीय वार्षिक कार्यक्रम, सतलुज प्राइड का सफल समापन हुआ। इस वर्ष का यह 48वां संस्करण था, जिसमें 'न्यू इंडिया' फोर्जिंग फ्यूचर्स, सेलेब्रेटिंग कल्चर थीम को मनाया गया।

कार्यक्रम के अंतिम दिन मुख्यातिथि आलोक कुमार रॉय, आईपीएस, पुलिस महानिदेशक (डीजीपी), कमांडो और रेलवे और सम्मानित अतिथि के रूप में अंजुम मौदगिल आदि उपस्थित रहे। इस दौरान उनके साथ इस अवसर पर रीकृत सेराय, प्रबंध निदेशक, सतलुज ग्रुप ऑफ स्कूल्स और राधिका पनिक्कर सेराय, उद्यमी और समाजसेवी, गुर के सेराय, को-चेयरमैन/डायरेक्टर, सतलुज पब्लिक स्कूल, सेक्टर-2, पंचकूला और प्रीत मांगट सेराय भी उपस्थित थे। समारोह की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद कार्यक्रम में छात्रों द्वारा कई प्रेरणादायक प्रस्तुतियां पेश कीं। मुख्यातिथि आलोक कुमार रॉय ने सतलुज पब्लिक स्कूल के छात्रों के उत्साह और जुनून की प्रशंसा की। अंजुम मौदगिल ने कहा कि 'सेलिब्रेशन ऑफ कल्चर' विषय मेरे दिल के करीब है, क्योंकि एक खिलाड़ी के रूप में मैं मानती हूं कि संस्कृति और अनुशासन किसी भी सफलता की नींव होते हैं। रीकृत सेराय ने छात्रों, शिक्षकों और उन सभी का आभार व्यक्त किया जिन्होंने इस कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान दिया। इस दौरान मुख्यातिथि और स्कूल प्रबंधन ने छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया।

## देश-विदेश

## कांग्रेस ने हमेशा अंबेडकर से नफरत की अब बहा रही 'घड़ियाली आंसू' : प्रधान

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**केंद्रीय** मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने वीरवार को कांग्रेस पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि उसने हमेशा से ही बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर से नफरत की है और यहां तक कि उसके नेतृत्व वाली सरकार ने एनसीईआरटी की पाठ्य पुस्तक में पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को संविधान निर्माता को 'कोड़े' मारते हुए दिखाया था।

उन्होंने दावा किया कि अंबेडकर के ऊपर कांग्रेस के 'घड़ियाली आंसू' महज दिखावा है। प्रधान ने 'एक्स' पर कहा कि अचानक से कांग्रेस में बाबा साहेब अंबेडकर के लिए बहुत सम्मान आ गया है। उनकी कथनी और करनी में बहुत बड़ा अंतर है। बाबा साहेब के लिए कांग्रेस पार्टी की नफरत और अवमानना जगजाहिर है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन सरकार के दूसरे कार्यकाल के दौरान 2012 में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की 11वीं कक्षा की पाठ्यपुस्तक में एक शर्मनाक कार्टून शामिल किया गया था जिसमें पंडित नेहरू को बाबा साहेब अंबेडकर को 'कोड़े' मारते हुए दिखाया गया था। उन्होंने कहा कि भाजपा के कड़े विरोध के बाद तत्कालीन मानव संसाधन विकास मंत्री कपिल सिब्बल ने माफी मांग ली थी और इसे वापस लेने का ऐलान किया था। प्रधान ने तंज कसते हुए कहा कि जाहिर है, ऐसा शर्मनाक कृत्य अनजाने में नहीं हो सकता।

## शाह की टिप्पणी पर गहराई से विचार करें नीतीश और चंद्रबाबू नायडू : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने वीरवार को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल दलों के नेताओं नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू को पत्र लिखकर बीआर अंबेडकर के बारे में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की टिप्पणी पर गहराई से विचार करने का अनुरोध किया है। केजरीवाल ने 'एक्स' पर पत्र साझा करते हुए कहा कि लोगों को लगता है कि जो लोग अंबेडकर से प्यार करते हैं वे उस भाजपा का समर्थन नहीं कर सकते जिसने भारत के संविधान के निर्माता का 'अपमान' किया, ऐसे में कुमार और नायडू को इस पर गंभीरता से विचार करना चाहिए।

## इसराइली हमलों में गाजा में 24 फिलिस्तीनियों की मौत

**एजेंसी, गाजा**



गाजा पट्टी में इसराइली हमलों में कम से कम 24 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों के मुताबिक, इसराइली लड़ाकू विमानों ने उत्तरी गाजा के बेत हनौन शहर में एक घर पर एयर स्ट्राइक की। गाजा में सिविल डिफेंस के प्रवक्ता महमूद बसल ने बताया कि हमले में दो महिलाओं सहित चार लोगों की मौत हुई और कई अन्य अभी भी मलबे के नीचे लापता हैं। जबालिया क्षेत्र में फिलिस्तीनियों की एक सभा को निशाना बनाकर एक इसराइली ड्रोन ने हमला किया किया। हमले में दो और लोग मारे गए और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। उत्तरी गाजा स्थित अल-अवदा अस्पताल ने कहा कि तड़के बेत लाहिया शहर में एक इमारत पर इसराइली एयर स्ट्राइक में एक पैरामेडिक की मौत हो गई। इसराइली सेना ने अस्पताल के पास एक 'रोबोट' विस्फोट किया, जिससे मेडिकल कर्मचारियों और रोगियों को चोटें आईं, हालांकि उनकी सटीक संख्या और स्थिति का खुलासा नहीं किया गया।

## 'आप' विधायक नरेश बाल्यान का मकोका केस राउज एवेन्यू कोर्ट में ट्रांसफर

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आम आदमी पार्टी के विधायक नरेश बाल्यान के मकोका केस को पूरी तरह से द्वारका कोर्ट से राउज एवेन्यू कोर्ट में ट्रांसफर किया है। दिल्ली पुलिस ने अपनी याचिका में मांग की थी कि इस केस के सभी आरोपियों की सुनवाई एक ही अदालत में हो इसलिए केस को ट्रांसफर किया जाए। दिल्ली पुलिस ने दलील दी कि नरेश बाल्यान की रिमांड के लिए राऊज एवेन्यू कोर्ट में जाना पड़ता है जबकि अन्य आरोपियों की सुनवाई द्वारका कोर्ट में होती है। इसके बाद हाईकोर्ट ने केस को ट्रांसफर करने का फैसला दिया।

## उत्तर प्रदेश में कार और ट्रक की टक्कर में छह लोगों की मौत

**एजेंसी, शाहजहांपुर**

**शाहजहांपुर** जिले में कार और ट्रक की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई और चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर शोक व्यक्त किया है। पुलिस ने बताया कि हादसा बुधवार देर रात यह हादसा बरेली-इटावा मार्ग पर बरखेड़ा जयपाल चौराहे के पास हुआ, जब जिले के कांट कस्बे के निवासी रियाजुल अली अपने परिवार के साथ कार से दिल्ली जा रहे थे तभी सामने से आ रहे ट्रक से टक्कर हो गई। पुलिस अधीक्षक राजेश एस ने बताया कि सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने कार सवारों को बाहर निकाला और उन्हें मदनापुर के सरकारी अस्पताल ले गई जहां चिकित्सकों ने पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया।

## शाह हो गए पागल, छोड़ देनी चाहिए राजनीति: लालू यादव

**एजेंसी, पटना**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की ओर से बाबा साहब भीमराव अंबेडकर पर की गई टिप्पणी को लेकर राजद सुप्रीमो लालू यादव ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने नसीहत दी कि वो राजनीति छोड़ दें। उन्होंने कहा कि कि शाह पागल हो गए हैं। उन्हें बाबा साहेब अंबेडकर से नफरत है। हम उनके इस पागलपन की निंदा करते हैं। अंबेडकर महान शख्सियत हैं। उन्हें राजनीति छोड़ देनी चाहिए और इस्तीफा देकर चले जाना चाहिए। इससे पहले बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने अमित शाह और भाजपा पर संविधान विरोधी होने का आरोप लगाया था।

## भारत का फार्मा सेक्टर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इंडस्ट्री

### 2023-24 में 50 बिलियन डॉलर हुआ बाजार मूल्य: अनुप्रिया

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**केंद्रीय** रसायन एवं उर्वरक राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि भारत की फार्मा इंडस्ट्री मात्रा के हिसाब से दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी इंडस्ट्री मानी जाती है और वित्त वर्ष 2023-24 में फार्मास्युटिकल मार्केट का मूल्य 50 बिलियन डॉलर हो गया है।

राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि वित्त वर्ष 2023-24 में फार्मास्युटिकल मार्केट का घरेलू उपभोग मूल्य 23.5 बिलियन डॉलर और निर्यात मूल्य 26.5 बिलियन डॉलर रहा। भारतीय फार्मास्युटिकल इंडस्ट्री की वैश्विक स्तर पर मजबूत उपस्थिति है। यह उत्पादन के मूल्य के मामले में भी 14वें स्थान पर है, जिसमें जेनेरिक दवाएं, बल्क ड्रग्स, ओवर-द-काउंटर दवाएं, टीके, बायोसिमिलर और बायोलॉजिक्स शामिल हैं। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय की ओर से प्रकाशित राष्ट्रीय लेखा सांख्यिकी 2024 के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 के लिए स्थिर मूल्यों पर फार्मास्यूटिकल्स, औषधीय और बोटैनिकल प्रोडक्ट के लिए कुल उत्पादन 4,56,246 करोड़ रुपए है, जिसमें से 1,75,583 करोड़ रुपए वैल्यू एडेड है।

## बाजार

### निफ्टी 247 आया अंक, आईटी और बैंक के शेयर सबसे ज्यादा फिसले

## सेंसेक्स 964 अंक गिरकर 79,218 पर बंद

**एजेंसी, मुंबई**

सेंसेक्स वीरवार यानी 19 दिसंबर को 964 अंकों की गिरावट के साथ 79,218 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी में भी 247 अंक की गिरावट रही, यह 23,951 के स्तर पर बंद हुआ। बैंक, मेटल और आईटी शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट रही। निफ्टी बैंक, मेटल और आईटी सभी इंडेक्स एक प्रतिशत से ज्यादा नीचे रहे। हालांकि, फार्मा और हेल्थकेयर इंडेक्स में 1.5 प्रतिशत से ज्यादा की तेजी रही।

बाजार में बिकवाली से निवेशकों की वेल्थ 2.61 लाख करोड़ रुपए घट गई। 19 दिसंबर को बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप 449 लाख करोड़ रुपए रहा गया। 18 दिसंबर को यह लगभग 452 लाख करोड़ रुपए था।



### अमेरिका के नैस्डैक में 3.56 प्रतिशत की रही गिरावट

**एशियाई** बाजार में भी आज गिरावट देखने को मिली। जापान का निक्केई 0.69 प्रतिशत, कोरिया का कोस्पी 1.95 प्रतिशत और चीन का शंघाई कम्पोजिट इंडेक्स 0.36 प्रतिशत गिरकर बंद हुए। एनएसई के डाटा के अनुसार 18 दिसंबर को विदेशी निवेशकों की नेट सेल 1,316.81 करोड़ रुपए रही। इस दौरान घरेलू निवेशकों ने 4,084.08 करोड़ के शेयर्स खरीदे।

### वीरवार को 5 कंपनियों के आईपीओ हुए ओपन

**शेयर** मार्केट में लिस्टिंग के लिए 5 कंपनियों के इनिशियल पब्लिक ऑफर यानी आईपीओ ओपन हुए। इसमें ट्रांसरेल लाइटिंग लिमिटेड, डीएएम कैपिटल एडवाइजर्स लिमिटेड, ममता मशीनरी लिमिटेड, सनाथन टेक्सटाइल्स लिमिटेड और कॉनकॉर्ड एनवायरो सिस्टम्स लिमिटेड शामिल हैं। पांचों आईपीओ के लिए निवेशक 23 दिसंबर तक बोली लगा सकेंगे। 27 दिसंबर को इनके शेयर नेशनल स्टॉक एक्सचेंज और बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज पर लिस्ट होंगे।

# एथलेटिक्स : नीरज ने बिखेरी चमक, लेकिन डोपिंग का साया भी मंडराता रहा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीतने और 90 मीटर की दूरी पार करने में भी नाकाम रहे लेकिन इसके बावजूद वह वर्ष 2024 में भारतीय एथलेटिक्स के निर्विवाद नायक बने रहे।

भाला फेंक का यह 26 वर्षीय खिलाड़ी पेरिस ओलंपिक में अपने स्वर्ण पदक का बचाव नहीं कर पाया और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा। वह प्रतिष्ठित डायमंड लीग फाइनल में भी दूसरे स्थान पर रहे, लेकिन यह नहीं भूलना चाहिए कि उन्होंने चोटिल होने के बावजूद यह दोनों उपलब्धियां हासिल की।

वह पेरिस ओलंपिक से पहले ही जांघ की मांसपेशियों में खिंचाव से परेशान थे जबकि डायमंड लीग फाइनल से पहले उनका बायां हाथ चोटिल हो गया था।

पेरिस ओलंपिक में वह पाकिस्तान के अरशद नदीम के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे। पाकिस्तान के एथलीट ने 92.97 मीटर भाला फेंककर खेलों का नया रिकॉर्ड बनाया था। डायमंड लीग फाइनल में वह ग्रेनेडा के एंडरसन पीटर्स के बाद दूसरे स्थान पर रहे थे।

नीरज चोपड़ा का लक्ष्य 90 मीटर की दूरी हासिल करना था, लेकिन इस वर्ष दो बार इसके करीब पहुंचने के बावजूद वह इस जादुई आंकड़े को छूने में नाकाम रहे। चोपड़ा का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 89.94 मीटर है। वह अगले साल भी अपने इस लक्ष्य को हासिल करने की कोशिश करेंगे।

एथलेटिक्स में भारत के अन्य खिलाड़ियों की बात करें तो 3000 मीटर स्टीपलचेजर अविनाश साबले एशियाई खेलों और राष्ट्रमंडल



नीरज चोपड़ा

खेलों में पदक जीतने से आगे बढ़ने में असफल रहे। पेरिस ओलंपिक फाइनल में वह 11वें स्थान पर रहे। एक अन्य विश्व स्तरीय एथलीट लंबी कूद खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर घुटने की चोट और उसके बाद की सर्जरी के कारण ओलंपिक में भाग लेने से चूक गए। पुरुषों की चार गुना 400 मीटर रिले टीम ने भी निराश किया। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ को पेरिस ओलंपिक में उससे काफी उम्मीद थी, लेकिन वह फाइनल के लिए क्वालीफाई भी नहीं कर पाई।

इस दौरान डोपिंग ने भी भारतीय एथलेटिक्स का पीछा नहीं छोड़ा। विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी ने पॉजिटिव पाए गए डोपिंग मामलों के 10 साल के वैश्विक अध्ययन में भारत को रूस के बाद दूसरा सबसे खराब देश बताया। देश को निराश करने वाले सितारों में 2016 में ओलंपिक में भाग लेने वाली निर्मला श्योराण भी थीं, जिन पर दूसरे डोप उल्लघंन के लिए आठ साल का प्रतिबंध लगाया गया था।

अंतरराष्ट्रीय महासंघ की एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट (एआईयू) के कई डोप परीक्षणों में विफल रहने के कारण तार ला फेंक एथलीट रचना कुमारी पर 12 साल का प्रतिबंध लगाया। लंबी दूरी के धावक जी लक्ष्मणन और धाविका हिमानी चंदेल पर क्रमश: दो और चार साल का प्रतिबंध लगाया गया।

उभरते हुए भाला फेंक खिलाड़ी डीपी मनु पेरिस ओलंपिक से पहली डोप जांच में पॉजीटिव पाए गए जबकि पैदल चाल में पूर्व राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी भावना जाट पर अपने ठिकाने की जानकारी नहीं देने के कारण 16 महीने का प्रतिबंध लगाया गया था।

अमेरिका में एनसीएए सर्किट में अपने प्रदर्शन से सुर्खियां बटोरने वाले मध्यम दूरी के धावक परवेज खान और एशियाई खेलों में चार गुना 400 मीटर रिले स्वर्ण विजेता वीके विस्मया भी डोप परीक्षण में विफल रहे।

## इस साल कुछ नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बने

इस साल कुछ नए राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बने। साबले ने पेरिस डायमंड लीग के दौरान पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज में 8:09.91 मिनट का समय लेकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया। अक्षदीप सिंह (पुरुषों की 20 किमी पैदल चाल) गुलवीर सिंह (पुरुषों की 5,000 मीटर और 10000 मीटर), केएम दीक्षा (महिलाओं की 1500 मीटर), और आभा खटुआ (महिला शॉट पुट) भी उन खिलाड़ियों में शामिल थे, जिन्होंने अपनी संबंधित स्पर्धाओं में राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाए।

## स्पोर्ट्स विंडो

### खो-खो विश्व कप में भारत का पहला मैच चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान से

**नई दिल्ली।** मेजबान भारत 13 जनवरी से शुरू होने वाले पहले खो-खो विश्वकप का उद्घाटन मैच अपने चिर-प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ खेलेगा। आयोजकों ने यह घोषणा की। कम से कम 24 देशों ने 13 से 19 जनवरी तक होने वाली इस प्रतियोगिता में भाग लेने की पुष्टि कर दी है। मैच इंदिरा गांधी इनडोर स्टेडियम और नोएडा इनडोर स्टेडियम में खेले जाएंगे। खो-खो विश्वकप के सीईओ विक्रम देव डोगरा ने यहां पत्रकारों से कहा, ''लीग चरण के मैच 13 जनवरी से शुरू होंगे। उद्घाटन मैच 13 जनवरी को भारत और पाकिस्तान के बीच खेला जाएगा। इससे पहले उद्घाटन समारोह होगा।'' प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में 21 और महिला वर्ग में 20 टीम भाग लेंगी। भारतीय खो-खो महासंघ के प्रमुख और आयोजन समिति के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने बताया कि बॉलीवुड स्टार सलमान खान इस टूर्नामेंट के ब्रांड एंबेसडर होंगे।

### सीनियर नेशनल वॉलीबॉल के लिए ट्रायल्स 26-27 को शिमला में

**हमीरपुर।** जयपुर में 7 से 13 जनवरी तक आयोजित होने जा रही महिलाओं और पुरुषों की सीनियर नेशनल वॉलीबॉल प्रतियोगिता के लिए हिमाचल प्रदेश की टीमों का चयन 26 और 27 दिसंबर को शिमला के इंदिरा गांधी इंडोर खेल परिसर में ट्रायल्स के माध्यम से किया जाएगा। युवा सेवाएं एवं खेल विभाग के अतिरिक्त निदेशक हितेश आजाद ने बताया कि 26 दिसंबर को सुबह 10 बजे पुरुषों के और 27 दिसंबर को सुबह 10 बजे महिला खिलाड़ियों के ट्रायल्स होंगे। इच्छुक खिलाड़ी हिमाचली प्रमाण पत्र और दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ ट्रायल्स में भाग ले सकते हैं।

### सिमोना हालेप को वाइल्ड कार्ड

**नई दिल्ली।** डोपिंग के कारण निलंबन झेलने के बाद वापसी की कवायद में लगी दो बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सिमोना हालेप उन खिलाड़ियों में शामिल हैं जिन्हें अगले महीने शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वालीफाइंग के लिए वाइल्ड कार्ड दिया गया है।



### निर्वाचन अधिकारी नियुक्त करने के लिए होगी बीसीसीआई की बैठक

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सचिव और कोषाध्यक्ष के पदों के लिए चुनाव कराने के लिए पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त अचल कुमार ज्योति को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त करने के लिए शुक्रवार को अपनी शीर्ष परिषद की आपात बैठक बुलाई है। हाल में जय शाह (सचिव) और आशीष शेलार (कोषाध्यक्ष) के हटने से दोनों पद खाली हो गए थे। शाह ने एक दिसंबर को आईसीसी अध्यक्ष का पदभार संभाला जबकि शेलार ने महाराष्ट्र सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। निर्वाचित पदाधिकारी के इस्तीफा देने के बाद से बोर्ड के पास विशेष आम बैठक बुलाने और उनके उत्तराधिकारी का चयन करने के लिए 45 दिन का समय होता है।




### हिमाचल ने उत्तर प्रदेश को 6 विकेट से हराया

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल ने अंडर-23 वनडे में बड़ोदरा में खेले गए मुकाबले में उत्तर प्रदेश को छह विकेट से हराया। उत्तर प्रदेश ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 232 रन बनाए। हिमाचल की टीम ने चार विकेट पर लक्ष्य हासिल कर लिया।

# संन्यास लेने के बाद चेन्नई लौटे अश्विन

**एजेंसी, चेन्नई**

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज के बीच में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा करने के एक दिन बाद भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन गुरुवार को यहां बिना किसी शोरशराबे के स्वदेश लौट आए।

चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के स्थानीय अधिकारी अश्विन को बाहर लेकर आए। इस बीच प्रशंसकों ने उनकी तस्वीरें ली, लेकिन वह मीडियाकर्मियों से बात किए बिना अपने घर चले गए। अश्विन ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिस्बेन में बारिश से प्रभावित तीसरा टेस्ट मैच ड्रॉ छूटने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के घोषणा करके सभी को चौंका दिया था।

अश्विन हालांकि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सहित क्लब क्रिकेट में खेलते रहेंगे। आईपीएल के अगले सत्र में वह चेन्नई सुपर किंग्स का प्रतिनिधित्व करेंगे। वह अनिल कुंबले के बाद भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। उन्होंने 106 मैच में 537 विकेट लिए। कुंबले ने टेस्ट क्रिकेट में 619 विकेट लिए हैं।



## अश्विन हमारे लिए हमेशा परेशानी का सबब रहे : स्टॉर्क

**ब्रिस्बेन।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टॉर्क ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने वाले रविचंद्रन अश्विन की जमकर तारीफ करते हुए कहा कि भारत के खिलाफ कुछ यादगार मुकाबलों में इस ऑफ स्पिनर ने उनकी टीम के सामने कड़ी चुनौती पेश की। अश्विन ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पांच टेस्ट मैच की सीरीज के तीसरे मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करके सभी को चौंका दिया था।



## स्मृति मंधाना ने लगाया लगातार तीसरा अर्द्धशतक

**एजेंसी, नवी मुंबई**

कप्तान स्मृति मंधाना के लगातार तीसरे अर्द्धशतक (77) की बदौलत भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने वेस्टइंडिज के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज के अंतिम टी-20 में 17 ओवर में 3 विकेट पर 175 रन बना लिए थे। इससे पहले वेस्टइंडीज की कप्तान हेली मैथ्यूज ने भारत के खिलाफ टॉस जीतकर क्षेत्ररक्षण करने का फैसला किया। भारत की कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना ने अंतिम एकादश में कोई बदलाव नहीं किया है। वेस्टइंडीज ने एक बदलाव करते हुए अश्मिनी मुनीसार की जगह आलिया एलेने को अंतिम एकादश में जगह दी है।




## बीसीसीआई ने सहयोगी स्टाफ के साथ रविचंद्रन अश्विन के मस्ती भरे पलों को किया याद

**एजेंसी, नई दिल्ली**

मैदान पर बेहद दृढ़ और कड़क नजर आने वाले रविचंद्रन अश्विन ड्रेसिंग रूम में पूरी तरह बदले हुए नजर आते हैं जहां उन्हें अपने साथियों और सहयोगी स्टाफ के साथ मस्ती करने के लिए जाना जाता है।

बीसीसीआई ने अश्विन के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के एक दिन बाद कुछ फुटेज जारी किए हैं, जिसमें इस ऑफ स्पिनर को इनडोर नेट सुविधा में सहयोगी स्टाफ से गेंदबाजी का सबक लेते हुए दिखाया गया है।

बीसीसीआई ने एक्स पर पोस्ट किया, ''मैदान पर कई मुकाबले यादगार रहे, लेकिन ये कुछ ऐसे पल भी हैं जो अश्विन को अपने अंतरराष्ट्रीय करियर की याद दिलाएंगे।''

अश्विन ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ब्रिस्बेन में बारिश से प्रभावित तीसरा टेस्ट मैच ड्रॉ छूटने के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के घोषणा करके सभी को चौंका दिया था।

वीडियो फुटेज में अश्विन को फील्डिंग कोच टी दिलीप, ट्रेनर सोहम देसाई, विश्लेषक हरि प्रसाद मोहन और मालिशिए अरुण कनाडे के साथ मस्ती करते हुए दिखाया गया है।

अश्विन ने बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करने के दौरान कहा था कि ड्रेसिंग रूम की कई ऐसी यादें हैं जो ताउम्र उनके साथ बनी रहेंगी।

## ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष-3 बल्लेबाजों की फॉर्म गंभीर 'चिंता का विषय' : इयान हीली

**एजेंसी, मेलबोर्न**

अपने जमाने के दिग्गज विकेटकीपर बल्लेबाज इयान हीली ने भारत के खिलाफ 26 दिसंबर से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट मैच से पहले ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम के तीन बल्लेबाजों की फॉर्म को गंभीर चिंता का विषय करार देते हुए उन्हें अपने 'बेसिक्स' पर ध्यान देने की सलाह दी।

ऑस्ट्रेलिया ने बारिश से प्रभावित तीसरे टेस्ट मैच की पहली पारी में ट्रैविस हेड और स्टीवन स्मिथ के शतकों की मदद से 445 रन बनाए, लेकिन दूसरी पारी में उसके बल्लेबाज लड़खड़ा गए,



जिसे उसने सात विकेट पर 89 रन बनाकर समाप्त घोषित किया था।

यह मैच ड्रॉ रहा, जिससे पांच मैच की सीरीज अभी 1-1 से बराबरी पर है।

## कपिल देव ने कहा-उचित विदाई का हकदार था अश्विन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

रविचंद्रन अश्विन के अचानक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के फैसले से विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव भी हैरान हैं और उनका मानना है कि यह स्टार ऑफ स्पिनर विशेषकर घरेलू धरती पर उचित विदाई का हकदार था।

अश्विन ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ब्रिस्बेन में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा करके क्रिकेट जगत को चौंका दिया था। कपिल का मानना है कि लगता है कि अश्विन किसी चीज को लेकर नाखुश थे।

कपिल ने कहा, ''मैं इस बात से हैरान था कि भारत के महानतम क्रिकेटरों में से एक ने खेल छोड़ने का फैसला कैसे किया।''

## ड्रैगन वोट चैंपियनशिप के लिए खिलाड़ियों का चयन 22 को

**विनोद शर्मा, लठियानी**

भारतीय क्याकिंग एंड कैनोइंग संघ द्वारा 13वीं राष्ट्रीय ड्रेगन बोट प्रतियोगिता का आयोजन 3 से 6 जनवरी तक, सोनिया विहार, नई दिल्ली में होगा।

इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर की 30 टीमें भाग लेगी, जिसमे लगभग 1500 पुरुष एवं महिला प्रतिभागी भाग लेंगे। यह प्रतियोगिता 4 दिन चलेगी। ड्रेगन बोट रेस मे 200 मीटर, 500 मीटर, 2000 मीटर की प्रतियोगिता होगी।

हिमाचल प्रदेश क्याकिंग एवं कैनोइंग संघ के महासचिव पदम गुलेरिया ने बताया कि 22 दिसंबर को प्रतियोगिता में भाग लेने के लिय टीम का चयन किया जाएगा। जो भी प्रतिभागी इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने का इच्छुक है, वे जलक्रीड़ा केंद्र बिलासपुर में उपस्थिति दें। प्रतिभागी अपने साथ अपना आधार कार्ड एवं चार पासपोर्ट साइज का फोटो लाना अनिवार्य होगा। (अनंत ज्ञान)



### चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी को लेकर गतिरोध खत्म

## भारत और पाकिस्तान तटस्थ स्थल पर खेलेंगे अपने-अपने मैच

**एजेंसी, दुबई**

चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी को लेकर तनातनी आखिरकार गुरुवार को खत्म हो गई जब आईसीसी ने घोषणा की कि भारत 50 ओवर के इस टूर्नामेंट में अपने मैच मेजबान देश पाकिस्तान के बजाय किसी तटस्थ स्थल पर खेलेगा।

वहीं पाकिस्तान के लिए भी 2027 तक यही व्यवस्था लागू होगी और वह भारत में होने वाले टूर्नामेंट तटस्थ स्थलों पर खेलेगा। आईसीसी ने एक बयान में कहा,



''आईसीसी बोर्ड ने मंजूरी दे दी है कि 2024 से 2027 तक मौजूदा चक्र (जो भारत या पाकिस्तान में आयोजित किए जाने हैं) के दौरान आईसीसी टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान के बीच खेले जाने वाले सभी मैच टूर्नामेंट के मेजबान द्वारा प्रस्तावित तटस्थ स्थल पर खेले जाएंगे।'' यह व्यवस्था चैंपियंस ट्रॉफी 2025 (पाकिस्तान), अगले साल भारत में होने वाले महिला क्रिकेट विश्व कप और 2026 में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्व कप में लागू होगी।

भारत ने सुरक्षा चिंताओं के कारण फरवरी-मार्च में होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान की यात्रा करने से इनकार कर दिया था। भारत ने 2008 के मुंबई आतंकी हमलों के बाद से पाकिस्तान में कोई मैच नहीं खेला है।

## फुटबॉल

### रियाल मैड्रिड ने एंसेलोटी के कोच रहते हुए अपना 15वां खिताब जीता

# पचुका को हराकर रियाल मैड्रिड ने इंटरकॉन्टिनेंटल कप जीता

**एजेंसी, लुसैन (कतर)**

रियाल मैड्रिड ने मैक्सिको की टीम पचुका को 3-0 से हराकर इंटरकांटिनेंटल कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता, जिससे कार्लो एंसेलोटी क्लब के इतिहास में सर्वाधिक ट्राफियां जीतने वाले कोच बन गए। रियाल मैड्रिड ने एंसेलोटी के कोच रहते हुए अपना 15वां खिताब जीता। एंसेलोटी ने इस तरह से मिगुएल मुनोज को पीछे छोड़ा जिन्होंने 1960 और 70 के दशक में स्पेन के इस क्लब का कोच रहते हुए 14 खिताब जीते थे।

एंसेलोटी ने मैच के बाद कहा, ''मैं इस जीत से बहुत खुश हूं। हमारी शुरुआत बहुत अच्छी नहीं रही, लेकिन हमने अच्छा अंत किया।''

किलियन एम्बाप्पे, रोड्रिगो और विनीसियस जूनियर ने एक-एक गोल किया, जिससे रियाल मैड्रिड चार खिताबों के साथ प्रतियोगिता में सबसे सफल क्लब बन गया। इससे पहले उसने 1960, 1998 और 2002 में भी यह टूर्नामेंट जीता था।



## आर्सेनल, लिवरपूल और न्यूकैसल सेमीफाइनल में

**लंदन।** आर्सेनल, न्यूकैसल और लिवरपूल ने अपने-अपने मैच जीतकर इंग्लिश लीग कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। गेब्रियल जीसस की हैट्रिक की मदद से आर्सेनल ने क्रिस्टल पैलेस को 3-2 से हराकर 2021-22 सत्र के बाद पहली बार इस टूर्नामेंट के अंतिम-4 में प्रवेश किया। लिवरपूल ने साउथेम्प्टन को 2-1 से पराजित करके खिताब का बचाव करने की अपनी उम्मीदों को जीवंत रखा। उसकी तरफ से पहले हाफ में डार्विन नुनेज और हार्वे इलियट ने गोल किए। न्यूकैसल ने इटली के मिडफील्डर सैंड्रो टोनाली के पहले हाफ के दो गोल की बदौलत ब्रेंटफोर्ड को 3-1 से हराया और तीन सत्र में दूसरी बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वह 2023 में लीग कप फाइनल में मैनचेस्टर यूनाइटेड से हार गया। एक अन्य क्वार्टर फाइनल मैनचेस्टर यूनाइटेड और टोटेनहम के बीच खेला जाएगा।

## एशियाई महाद्वीपीय घुड़सवारी प्रतियोगिता के लिए राजू सिंह ने क्वालीफाई किया

**नई दिल्ली।** राइडर राजू सिंह ने अंतरराष्ट्रीय घुड़सवारी महासंघ (एफईआई) की सीसीआई थ्री स्टार प्रतियोगिता में दो बार पोडियम पर जगह बनाते हुए थाईलैंड के पटाया में अगले साल होने वाली एशियाई महाद्वीपीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया।

राजू ने बुधवार को संपन्न इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अपने घोड़े मेविलन के साथ पहला और फिर मटकली के साथ दूसरा स्थान हासिल करते हुए दबदबा बनाया।

राजू, प्रदीप और कुमाभर महेश के शरायु की भारतीय तिकड़ी ने प्रतियोगिता में 48 या इससे कम की पेनल्टी में पूरा करके न्यूनतम पात्रता जरूरत पूरी की और भारतीय टीम को एशियाई महाद्वीपीय प्रतियोगिता में जगह दिलाई।

भारतीय घुड़सवारी महासंघ के महासचिव कर्नल जयवीर सिंह ने कहा, ''राजू सिंह, प्रदीप कुमार और कुमाभर महेश के शरायु की इस स्पर्धा में सफलता एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।''